शर्मा हार्डवेयर
SHARMA HARDWARE
Sharma Gali, SJ Road
Athgaon, Guwahati-01
98648-02947

E-Paper : www.goodluckpublications.com, • www.vbslive.in
हिंदी दैनिक
गुवाहाटी, नई दिल्ली, शिमला और जम्मू से एकसाथ प्रकाशित

# विकसित भारत समाचार

राष्ट्र निर्माण में प्रयत्नशील

वर्ष : 11 | अंक : 257 | गुवाहाटी | सोमवार, 21 अप्रैल, 2025 | मूल्य : 10 रुपए | पृष्ठ : 8 | VIKSIT BHARAT SAMACHAR | Regd. RNI No. ASSHIN/2014/56526

समाज में सकारात्मक बदलाव लाना जरूरी : भागवत — पेज 2
पंचायत चुनावों के लिए भाजपा का डोर-टू-डोर जोरदार प्रचार अभियान — पेज 3
अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस 21 की रात पहुंचेंगे जयपुर, चार दिन रुकेंगे — पेज 5
बीसीए अध्यक्ष राकेश तिवारी ने वैभव सूर्यवंशी की बल्लेबाजी पर जताई खुशी — पेज 7

door graph
Premium Quality Hinges
S.S. Traders
Suppliers in : All kinds of Door Fittings Modular Kitchen & Accessories, etc.
D. Neog Path, Near Dona Planet ABC, G.S. Road, Guwahati - 05
97079-99344

### सुप्रभात

*सबसे बड़ा गुरु मंत्र, अपने राज किसी को भी मत बताओ। ये तुम्हे खत्म कर देगा।*
– आचार्य चाणक्य

## न्यूज गैलरी

### मौसम विभाग का अलर्ट, पूर्वोत्तर में बारिश का अनुमान

**नई दिल्ली।** भारतीय मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में उत्तर-पश्चिम और मध्य भारत के कुछ हिस्सों में फिर से लू चलने की आशंका जताई है। विभाग ने अगले पांच दिनों में पूर्वोत्तर भारत में गरज और बिजली के साथ हल्की से मध्यम बारिश की संभावना जताई है। भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) के अनुसार, -शेष पृष्ठ दो पर

### पीएम आज सिविल सेवकों को करेंगे संबोधित

**नई दिल्ली ( हि.स. )।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 21 अप्रैल को 17वें सिविल सेवा दिवस पर नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित एक दिवसीय सिविल सेवा दिवस सम्मेलन में राष्ट्र के सिविल सेवकों को संबोधित करेंगे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी जिलों और केंद्र व राज्य सरकारों को चिन्हित प्राथमिकता कार्यक्रमों और नवाचारों के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए लोक प्रशासन में -शेष पृष्ठ दो पर

*मिथक बनाम सत्य*

## एमएसएमई परिदृश्य पर विपक्ष का दुष्प्रचार : सीएम



**गुवाहाटी ( हि.स. )।** असम के मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत विश्व शर्मा ने रविवार को *मिथक बनाम सत्य* श्रृंखला के ताजा खंड में विडियो साझा कर विपक्ष द्वारा राज्य की एमएसएमई की स्थिति और *एडवांटेज असम 2.0* से मिले लाभों को लेकर किए जा रहे दुष्प्रचार पर कड़ा जवाब दिया। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि वर्तमान में असम सिर्फ विकास दर की दृष्टि से ही नहीं, बल्कि भविष्य की योजनाओं के स्तर पर भी सशक्त और दृढ़ संकल्पित है। उन्होंने कहा कि विपक्ष द्वारा फैलाई जा रही भ्रांतियों के उलट, राज्य सरकार ने सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों को मजबूती देने के लिए कई प्रभावी कदम उठाए हैं। डॉ. शर्मा ने कहा कि असम अब केवल विकास के आंकड़ों तक सीमित नहीं है, बल्कि हम दीर्घकालिक योजनाओं के साथ एक मजबूत आधार तैयार कर रहे हैं। उन्होंने यह भी बताया कि -शेष पृष्ठ दो पर

## नेपाल में राजशाही और हिंदू राष्ट्र को लेकर प्रदर्शन, *गणतंत्र मुर्दाबाद* के लगे नारे



**काठमांडु।** नेपाल में एक बार फिर राजशाही की वापसी की मांग उठने लगी है। पड़ोसी देश में राजशाही समर्थक राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी (आरपीपी) के सैकड़ों नेताओं और कार्यकर्ताओं ने राजशाही की बहाली और देश को हिंदू राष्ट्र घोषित करने की मांग को लेकर रविवार को प्रधानमंत्री आवास और संसद भवन के पास प्रदर्शन किया। करीब 1,500 प्रदर्शनकारी बिजुलीबाजार-बनेश्वर क्षेत्र में एक साथ आए और *गणतंत्र मुर्दाबाद, हमें राजशाही चाहिए, भ्रष्ट सरकार मुर्दाबाद* और *नेपाल को हिंदू राष्ट्र घोषित करो* जैसे नारे लगाए। उनके हाथों में इन नारों वाले बैनर और पोस्टर भी थे। इन प्रदर्शनों का नेतृत्व आरपीपी अध्यक्ष राजेंद्र लिंगदेन, वरिष्ठ नेता पशुपति शमशेर राणा और नेपाल के पूर्व पुलिस महानिरीक्षक ध्रुव बहादुर प्रधान सहित कई नेताओं ने किया। प्रदर्शनकारियों के निषेधाज्ञा का उल्लंघन कर प्रतिबंधित क्षेत्रों में प्रवेश करने के एलान के बाद काठमांडू के नयां बनेश्वर, बिजुलीबाजार, मैतीघर, भद्रकाली और बालुवाटार क्षेत्रों में दंगा नियंत्रण पुलिस के हजारों कर्मियों को तैनात किया गया। इससे पहले रविवार सुबह काठमांडू के नयां बनेश्वर क्षेत्र में देशभर से आए हजारों स्कूली -शेष पृष्ठ दो पर

## धुबड़ी : ड्रग मामले में आरोपी की पत्नी पंचायत चुनाव मैदान में उतरी



**धुबड़ी।** धुबड़ी जिले में आगामी पंचायत चुनावों में एक असाधारण मोड़ तब आया जब कई आपराधिक मामलों में आरोपी की पत्नी भी चुनावी मैदान में उतर आई – जिससे जनता में तीखी आलोचना हुई और अपराध तथा जमीनी राजनीति के बीच गठजोड़ पर तीखी बहस शुरू हो गई। कथित ड्रग तस्कर नूर अलोम शेख की पत्नी रशीदा खातून ने 70 नंबर भशानी चार गांव पंचायत के अंतर्गत ऐरोनजोंगला भाग-श्री के वार्ड नंबर 5 से स्वतंत्र उम्मीदवार के रूप में अपना नामांकन दाखिल किया है। उनकी उम्मीदवारी ने राजनीतिक और नागरिक हलकों में हलचल मचा दी है, तथा समय, उद्देश्य और वैधता के बारे में असहज प्रश्न खड़े कर दिए हैं। एरोनजोंगला पार्ट-श्री निवासी 32 -शेष पृष्ठ दो पर

## अमृतपाल का एनएसए एक साल के लिए बढ़ा



**चंडीगढ़ ( हि.स. )।** पंजाब सरकार ने खडूर साहिब से कट्टरपंथी सांसद अमृतपाल सिंह के विरुद्ध लगाया गया राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (एनएसए) एक साल के लिए बढ़ा दिया है। जिसके बाद अमृतपाल सिंह अब एक साल और असम की डिब्रूगढ़ जेल में रहेंगे। यह अवधि 23 अप्रैल से लागू होगी। अमृतपाल सिंह 23 अप्रैल 2023 से हिरासत में है। उसकी गिरफ्तारी के तुरंत बाद ही उस पर एनएसए लगा दिया गया था और उसे असम की डिब्रूगढ़ जेल में भेज दिया गया था। सरकार ने उसकी गतिविधियों को राज्य की सुरक्षा के लिए खतरा बताते हुए एनएसए लगाया था। पंजाब -शेष पृष्ठ दो पर

## मणिपुर : 48 घंटे में प्रतिबंधित संगठनों के 16 सदस्यों को किया गिरफ्तार



**इंफाल।** मणिपुर में पिछले 48 घंटों में कई प्रतिबंधित संगठनों के कुल 16 सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है, मणिपुर पुलिस ने रविवार को जानकारी देते हुए बताया कि, प्रतिबंधित यूनाइटेड नेशनल लिबरेशन फ्रंट (पंबेई) के दो कार्यकर्ताओं को शनिवार को इंफाल पूर्वी जिले के नोंग्दम गांव के पास नेपेटपल्ली एंड्रो रोड से गिरफ्तार किया गया है। मामले में एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि गिरफ्तार किए गए दोनों आरोपी कथित तौर पर जबरन वसूली में शामिल थे। उन्होंने बताया कि सुरक्षा बलों ने शुक्रवार को बिष्णुपुर जिले के निंगथौखोंग वार्ड नंबर 13 से प्रतिबंधित कांगलीपाक कम्युनिस्ट पार्टी (ताइबांगनबा) के एक सदस्य को गिरफ्तार किया। अधिकारी ने बताया कि उसी दिन प्रतिबंधित केसीपी (एमएफएल) के दो कार्यकर्ताओं को इंफाल पश्चिम जिले के सलाम ममांग लेइकाई केतुकी लम्पक से गिरफ्तार -शेष पृष्ठ दो पर

## पत्नी का कटा सिर लेकर थाने पहुंचा पति, हैरान रह गए पुलिसवाले



**चिरांग।** असम के चिरांग जिले से एक दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है, जहां एक 60 वर्षीय व्यक्ति ने अपनी पत्नी की हत्या कर दी और उसका कटा हुआ सिर लेकर पुलिस के पास पहुंच गया। घटना शनिवार (19 अप्रैल, 2025 ) शाम को उत्तरी बल्लामगुड़ी इलाके में हुई। पुलिस के अनुसार, आरोपी व्यक्ति ने अपनी पत्नी बाजंती का सिर कलम करने के लिए धारदार हथियार का इस्तेमाल किया और कटे हुए सिर को साइकिल पर एक टोकरी में रखकर खुद पुलिस स्टेशन पहुंच गया और आत्मसमर्पण कर दिया। चिरांग के पुलिस अधीक्षक अक्षत गर्ग ने बताया कि आरोपी की पहचान ब्रिटेश हाजोंग के रूप में हुई है। उसने अपनी 50 वर्षीय पत्नी बैजयंती हाजोंग की हत्या की। वारदात के बाद वह बल्लामगुड़ी पुलिस पेट्रोलिंग पॉइंट पर खुद चलकर गया और पुलिस को पत्नी का कटा हुआ सिर सौंप दिया। हत्या के समय आरोपी की बेटियां भी घर पर मौजूद थीं। एक जांच अधिकारी ने बताया कि बेटियों के बयान दर्ज किए जाएंगे। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। परिवार के एक सदस्य ने बताया कि आरोपी अक्सर अपनी पत्नी को प्रताड़ित करता था। घटना वाले दिन भी दोनों के बीच बहस हुई, जिसके बाद उसने कुल्हाड़ी से पत्नी का सिर काट दिया। अधिकारियों ने बताया कि हत्या के पीछे की मंशा का अभी तक पता नहीं चला है। आरोपी से पूछताछ की जा रही है। हत्या में इस्तेमाल किए गए कुल्हाड़ी को बरामद कर फोरेंसिक जांच के लिए भेजा गया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 103 (हत्या) और अन्य संबंधित धाराओं के तहत -शेष पृष्ठ दो पर

## मुर्शिदाबाद : पिता-पुत्र की हत्या के मुख्य आरोपियों में से एक गिरफ्तार



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के हिंसा प्रभावित मुर्शिदाबाद जिले में एक व्यक्ति और उसके बेटे की हत्या के मुख्य आरोपियों में से एक को गिरफ्तार कर लिया गया है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने रविवार को बताया कि शमशेरगंज के जाफराबाद में दो लोगों की हत्या के मामले में यह चौथी गिरफ्तारी है। गिरफ्तार किए गए व्यक्ति की पहचान जाफराबाद के पड़ोसी गांव सुलिताला पुरबापारा निवासी जियाउल शेख के रूप में हुई है। वह 12 अप्रैल को अपराध की घटना के बाद से फरार था। उन्होंने बताया कि शेख को पश्चिम बंगाल पुलिस के विशेष कार्य बल (एसटीएफ) और विशेष जांच दल (एसआईटी) ने शनिवार को उत्तर दिनाजपुर जिले के चोपड़ा में उसके ठिकाने से गिरफ्तार किया। अधिकारी ने बताया कि यह व्यक्ति मुख्य आरोपियों में से एक है, जिसने 12 अप्रैल को मृतक के घर -शेष पृष्ठ दो पर

## बिहार में नई ट्रेन और ट्रैक की सौगात, सरकार ने खोला खजाना



**पटना।** बिहार में इस साल चुनाव होने हैं। इसे लेकर राजनीतिक दलों की ओर से विकास के दावे और वादों की बौछार हो रही है। केंद्र सरकार की ओर से बिहार को लेकर एक मेगा रेलवे प्लान भी है। जानकारी के मुताबिक, प्रधानमंत्री मोदी सहरसा और मुंबई के लोकमान्य तिलक टर्मिनस (एलटीटी) के बीच एक नई अमृत भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाएंगे। यह ट्रेन प्रवासी मजदूरों, छात्रों और अन्य कामकाजी पेशेवरों को सुविधा प्रदान करेगी जो आजीविका के लिए मुंबई जाते हैं। इस बीच, राज्य के भीतर सुगम यात्रा को सुविधाजनक बनाने के लिए तीन अन्य यात्री ट्रेनों का भी उद्घाटन किया जाएगा। इनमें पिपरा-सहरसा पैसेंजर, बिथान-समस्तीपुर -शेष पृष्ठ दो पर

## निशिकांत दुबे के बयान से भाजपा ने पल्ला झाड़ा, जेपी नड्डा ने सांसदों को दी चेतावनी



**नई दिल्ली।** भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने शनिवार को सुप्रीम कोर्ट पर टिप्पणी करके नया विवाद खड़ा कर दिया। अब पार्टी ने उनकी टिप्पणियों से खुद को अलग कर लिया है। पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने इन टिप्पणियों को सांसद के निजी विचार बताते हुए खारिज कर दिया है। साथ ही नड्डा ने उन्हें भविष्य में इस तरह के बयान न देने की भी हिदायत दी है। नड्डा ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि भाजपा सांसद निशिकांत दुबे और दिनेश शर्मा का न्यायपालिका एवं देश के चीफ जस्टिस पर दिए गए बयान से भारतीय जनता पार्टी का कोई लेना-देना नहीं है। यह इनका व्यक्तिगत बयान है, लेकिन भाजपा ऐसे बयानों से न तो कोई इत्तेफाक रखती है और न ही कभी भी ऐसे बयानों का समर्थन करती है। भाजपा इन बयान को सिरे से खारिज करती है। नड्डा ने यह भी कहा कि -शेष पृष्ठ दो पर

## भारत की अर्थव्यवस्था वर्ष 2029 तक तीसरे स्थान पर होगी : राजनाथ



**लखनऊ ( हि.स. )।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत पहले वाला भारत नहीं है, भारत अब बदल गया है। पहले भारत की छवि कमजोर और गरीब देश की थी, लेकिन अब यह अवधारणा बदल चुकी है। अब जब भारत अंतरराष्ट्रीय मंचों पर बोलता है तो दुनिया कान खोल कर सुनती है कि भारत क्या बोल रहा है। इसीलिए यह तय किया था कि रक्षा मंत्रालय के सभी उपकरण भारत में भारतवासियों से बनाए जाएंगे क्योंकि भारत में टैलेंट की कमी नहीं है। अर्थव्यवस्था में 11वें स्थान से जम्प लेकर अब भारत पांचवें स्थान पर आ गया है और वर्ष 2029 तक विश्व की तीसरी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह रविवार को अपने संसदीय -शेष पृष्ठ दो पर

## वक्फ बोर्ड के कथित ट्रस्टियों पर 20 साल से किराया जमा नहीं कराने पर मुकदमा, पांच गिरफ्तार




**अहमदाबाद ( हि.स. )।** अहमदाबाद के जमालपुर क्षेत्र के कांच की मस्जिद और शाह बडा कासम ट्रस्ट में कथित ट्रस्टियों ने अवैध निर्माण कर करीब 20 साल तक किराया वसूली की। यह राशि वक्फ बोर्ड में जमा नहीं कराने के आरोप में पुलिस ने सलीम खान समेत 5 आरोपीं को गिरफ्तार किया है। आरोपीं ने वक्फ बोर्ड और अहमदाबाद म्यूनिसिपल कॉरपोरेशन (एएमसी) की ओर से दी गई जमीन पर अवैध दुकान और मकान बनाकर लाखों रुपए किराए के तौर पर वसूले। प्राथमिकी के अनुसार पांचों आरोपी वक्फ बोर्ड के ट्रस्टी नहीं होने के बावजूद लोगों से किराया वसूला करते थे। जानकारी के अनुसार जमालपुर कांच की मस्जिद के पास रहने वाला मोहम्मद रफीक अंसारी ने गायकवाड हवेली स्थित पुलिस थाने में इस संबंध में प्राथमिकी दर्ज कराई है। प्राथमिकी के अनुसार शिकायतकर्ता मोहम्मद रफीक अंसारी ने बताया कि वह वर्षों से कांच की मस्जिद ट्रस्ट की सम्पत्ति में रहता है। ट्रस्ट के सभी पुराने ट्रस्टियों की मौत हो चुकी है। मस्जिद ट्रस्ट में मस्जिद से सटी जमीन का प्लॉट है। वर्षों पहले इस जमीन को ट्रस्टियों ने एएमसी को सौंपी थी। एएमसी को -शेष पृष्ठ दो पर

## *ध्रुव* की उड़ान पर तीन माह से रोक, सैन्य अभियान प्रभावित



**नई दिल्ली ( हि.स. )।** इस साल की शुरुआत से ही ध्रुव एडवांस्ड लाइट हेलीकॉप्टर (एएलएच) को *ग्राउंडेड* किए जाने से सैन्य अभियान प्रभावित हो रहे हैं। चीन और पाकिस्तान सीमा पर तैनात भारतीय सेनाएं अग्रिम क्षेत्रों में निगरानी, टोही, खोज और बचाव मिशनों के लिए बहु भूमिका वाले एएलएच पर बहुत अधिक निर्भर हैं। सबसे ज्यादा प्रभावित भारतीय सेना है, जिसके पास 180 से ज्यादा एएलएच का बेड़ा है। इसके बाद काफी हद तक वायु सेना और नौसेना भी एएलएच को तीन माह से जमीन पर खड़ा किए जाने के कारण प्रभावित हो रही है। भारतीय सशस्त्र बलों के पास करीब 350 ट्विन इंजन *ध्रुव* एडवांस्ड लाइट हेलीकॉप्टर हैं, जिन्हें इस साल की शुरुआत से जमीन पर खड़ा कर दिया गया है, जिसकी वजह से -शेष पृष्ठ दो पर

CLASSIFIED

For all kinds of classified advertisements please contact

97070-14771
86382-00107

MURTI AVAILABLE

Available all kinds of Marble & White Metal Murties, Ganesh Laxmi, Radha Krishna, Bishnu-Laxmi, Hanuman, Maa Durga, Saraswati, Shivling, Nandi etc. **ARTCLE WORLD,** S-29, 2nd Floor, Shoppers Point, Fancy Bazar, Guwahati-01, **Ph. : 94350-48866, 94018-06952**

# समाज में सकारात्मक बदलाव लाना जरूरी : भागवत

**अलीगढ़।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत अलीगढ़ के पांच दिवसीय दौरे पर हैं। शनिवार को उन्होंने दो प्रमुख शाखाओं में स्वयंसेवकों को संबोधित किया। इस दौरान भागवत ने सेवकों को समाज में समरसता और राष्ट्र निर्माण के लिए *पंच परिवर्तन* का मंत्र दिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि अगर समाज में क्रांतिकारी परिवर्तन लाना है तो हमें परिवार, समाज और राष्ट्र के स्तर पर गहराई से काम करना होगा। भागवत सुबह एचबी इंटर कॉलेज परिसर में स्थित सनातन शाखा और शाम को पंचनगरी की भगत सिंह शाखा पहुंचे। इन दोनों शाखाओं में उन्होंने शाखा टोली से संवाद किया। उन्होंने कहा कि समाज समरसता को मूर्त रूप देने के लिए *एक मंदिर, एक कुआं, एक श्मशान* का सिद्धांत अपनाया जाना चाहिए। इससे समाज के अंदर व्याप्त भेदभाव और ऊंच-नीच की दीवार गिरेगी और सभी वर्गों में एकता का भाव उत्पन्न होगा। भागवत ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए हिंदू समाज के सदस्यों से समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का आह्वान किया है, जिसे केवल *समरसता* के माध्यम से ही प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने इसके लिए सामाजिक सद्भाव पर जोर दिया। भागवत ने शाखा टोली को पंच परिवर्तन के पांच प्रमुख आयामों पर कार्य करने का आह्वान किया। जिसमें कुटुंब प्रबोधन, सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण, स्व जागरण, नागरिक कर्तव्य शामिल हैं। उन्होंने कहा कि आरएसएस शताब्दी वर्ष के अवसर पर संघ इन पांच विषयों को सामाजिक अभियान के रूप में लेकर चल रहा है और इस दिशा में बड़े पैमाने पर योजनाएं बनाई गई हैं। भागवत ने हिंदू समाज की आधारशिला के रूप में *संस्कार* के महत्व को रेखांकित किया और सदस्यों से परंपरा, सांस्कृतिक मूल्यों और नैतिक सिद्धांतों पर आधारित समाज बनाने का आग्रह किया। भागवत ने कहा कि समाज में समरसता और समानता लाने के लिए आरएसएस सदस्यों को हर घर जाना चाहिए। सभी जातियों और वर्गों से संवाद करना चाहिए, उन्हें अपने घर आमंत्रित करना चाहिए और उनके साथ मिलकर तीज-त्यौहार मनाने चाहिए। इसके तहत समरसता सम्मेलन, ग्राम देवता आराधना, सामूहिक खिचड़ी सहभोज, सामाजिक सद्भाव बैठकों का आयोजन किया जाएगा। आरएसएस के प्रमुख मोहन भागवत बीते 17 अप्रैल से शुरू हुए अपने पांच दिवसीय दौरे के दौरान बृज क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सभी जिलों के आरएसएस प्रचारकों से हर रोज मुलाकात कर उनके साथ विचारों का आदान-प्रदान कर रहे हैं।

*त्रिपुरा के गांवों पर मंडरा रहा बाढ़ का खतरा*

# भारत से आने वाले पानी को रोकने के लिए बांध बना रहा बांग्लादेश



**अगरतला।** बांग्लादेश ने भारत की ओर से आने वाले बाढ़ के पानी को रोकने के लिए कलिकापुर में लगभग 8 से 9 फीट ऊंचा बांध बना लिया है। यह बांध लगभग पूरा हो चुका है। त्रिपुरा के लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के सचिव किरण गिट्टे रविवार को बेलोनिया उपमंडल के बल्लामुख और ईशन चंद्रनगर गांव का दौरा करेंगे। यह दौरा ग्रामीणों द्वारा उठाई गई चिंताओं के बाद हो रहा है, जो बांग्लादेश के कलिकापुर (फेनी जिला) में मुहुरी नदी के पास एक तटबंध (बांध) के पुनर्निर्माण को लेकर है।

# एमबीबीएस छात्र की हार्ट अटैक से मौत, अलवर में पसरा मातम



**अलवर (हिंस)।** अलवर शहर के मेहंदी बाग निवासी 20 वर्षीय एमबीबीएस छात्र जलद शर्मा की जयपुर में हार्ट अटैक से मौत हो गई। छात्र जयपुर के निम्स मेडिकल कॉलेज में फाइनल ईयर में अध्ययनरत था। शनिवार को सीने में अचानक दर्द होने पर उसने खुद ही दवा लेकर रेस्ट करने का निर्णय लिया, लेकिन तबीयत बिगड़ती चली गई और बाद में अस्पताल में इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। परिजनों के अनुसार जलद रविवार को घर लौटने वाला था, लेकिन उसकी जगह उसका शव पहुंचा, जिससे पूरे परिवार और इलाके में शोक की लहर फैल गई। जलद अपने माता-पिता की इकलौती संतान था। पिता मनोज शर्मा दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में नर्सिंग ऑफिसर हैं और माता एक स्कूल में अध्यापक हैं। निम्स हॉस्पिटल के अनुसार, छात्र को हार्ट अटैक आया था। दोस्तों ने उसे सीपीआर देते हुए अस्पताल पहुंचाया, जहां उसे बचाने के प्रयास किए गए, लेकिन सफल नहीं हो पाए। करीब 20 दिन पहले भी अलवर के विवेकानंद नगर निवासी उत्कर्ष शर्मा, जो कजाकिस्तान में एमबीबीएस की पढ़ाई कर रहा था, की भी हार्ट अटैक से मृत्यु हो गई थी। उसे भी अचानक सीने में दर्द हुआ था, और अस्पताल ले जाते समय उसने दम तोड़ दिया था। दोनों मामलों ने युवाओं में बढ़ रहे हृदय रोगों को लेकर चिंता बढ़ा दी है। कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. नरेश गौड़ ने बताया कि युवाओं में कार्डियक अरेस्ट के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। मोटापा, डायबिटीज, हाई ब्लड प्रेशर, धूम्रपान और शराब जैसी आदतें इस जोखिम को और बढ़ा देती हैं।

*असम कांग्रेस का अखिल गोगोई पर पलटवार, कहा-*

# पार्टी के मामलों में दखल देने का उन्हें कोई अधिकार नहीं



**गुवाहाटी।** असम प्रदेश कांग्रेस कमेटी (एपीसीसी) के उपाध्यक्ष मेहेदी आलम बोरा ने 20 अप्रैल को कांग्रेस पार्टी के आंतरिक मामलों के बारे में रायजोर दल के प्रमुख अखिल गोगोई द्वारा की गई हालिया टिप्पणियों पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की। बोरा ने गोगोई के बयानों को अनुचित और भ्रामक बताया, खासकर कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई और असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा के बीच राजनीतिक गठबंधन का संकेत देने वाली टिप्पणियों को। बोरा ने कहा कि अखिल गोगोई के ऐसे बयान न केवल तथ्यात्मक रूप से गलत हैं, बल्कि जनता के बीच अनावश्यक भ्रम भी पैदा करते हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि अखिल गोगोई को कांग्रेस पार्टी के आंतरिक कामकाज में हस्तक्षेप करने का कोई अधिकार नहीं है, उन्होंने कहा कि हमने उन्हें इसी के अनुसार चेतावनी दी है। व्यापक राजनीतिक परिदृश्य को संबोधित करते हुए बोरा ने 2026 के असम विधानसभा चुनावों से पहले भाजपा विरोधी गठबंधन बनाने की कांग्रेस की प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने कहा कि सीटों का बंटवारा और सत्ता ही सब कुछ नहीं है। हम भाजपा के खिलाफ लोकतांत्रिक ताकतों को एकजुट करने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। हालांकि, उन्होंने स्पष्ट किया कि गठबंधन के बारे में कोई अंतिम निर्णय नहीं लिया गया है और चुनावों के करीब आने पर किसी भी गठबंधन को औपचारिक रूप दिया जाएगा। आगामी पंचायत चुनावों के संबंध में बोरा ने राज्यव्यापी भाजपा विरोधी गठबंधन की संभावना से इनकार किया। उन्होंने कहा कि जिला स्तर पर सहयोग पर प्रारंभिक चर्चा हुई। लेकिन अंततः हमने देखा कि अखिल गोगोई सत्तारूढ़ पार्टी के साथ निकटता की कोशिश कर रहे हैं। इससे गोगोई के राजनीतिक निर्णयों में असंगति का एक पैटर्न पता चलता है। बोरा ने आगे आरोप लगाया कि रायजोर दल तानाशाही नेतृत्व के तहत काम करता है, जो कांग्रेस द्वारा बनाए गए लोकतांत्रिक सिद्धांतों के विपरीत है।

## आप का प्रदेशव्यापी विरोध -प्रदर्शन आज

**लखनऊ (हिंस)।** जातिवादी व्यवस्था के विरोधी और महान समाज सुधारक महात्मा ज्योति बा गोविंदराव फुले और माता सावित्रीबाई फुले के जीवन पर आधारित फिल्म *फुले* की रिलीज रोकने के विरोध में केंद्र सरकार के खिलाफ आम आदमी पार्टी 21 अप्रैल को प्रदेशव्यापी प्रदर्शन करेगी। यह जानकारी पार्टी प्रदेश प्रवक्ता नेता महेंद्र सिंह ने रविवार को दी। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश प्रभारी एवं सांसद संजय सिंह के निर्देश पर यूपी इकाई सोमवार को प्रदेशव्यापी विरोध-प्रदर्शन करेगी। उन्होंने बताया कि फुले फिल्म बीते दिनों 11 अप्रैल 2025 को रिलीज होनी थी लेकिन केंद्र सरकार ने अपने सेंसर बोर्ड के माध्यम से इस फिल्म पर रोक लगवा दी है।

# पृष्ठ एक का शेष

### एमएसएमई परिदृश्य पर...

एडवांटेज असम 2.0 के जरिए राज्य को निवेश, रोजगार और औद्योगिक ढांचे में उल्लेखनीय लाभ मिला है, जिसे विपक्ष जानबूझकर नजरअंदाज कर रहा है। मुख्यमंत्री का यह बयान राज्य की औद्योगिक प्रगति को लेकर पारदर्शिता और जनता के विश्वास को और मजबूत करने की दिशा में एक अहम प्रयास माना जा रहा है।

### नेपाल में राजशाही ...

शिक्षकों ने प्रदर्शन किया था। उन्होंने शिक्षा क्षेत्र में सुधार और वेतन-भत्तों में वृद्धि की मांग की थी। राजशाही समर्थक प्रदर्शनकारी काठमांडू के तीन अलग-अलग स्थानों पर इकट्ठा हुए और पुलिस के सुरक्षा घेरे को तोड़कर प्रतिबंधित क्षेत्रों में घुसने का प्रयास किया। राजशाही और हिंदू राष्ट्रपकि मांग को लेकर सैकड़ों प्रदर्शनकारियों ने भद्रकाली क्षेत्र में प्रदर्शन किया, जहां सचिवालय भवन और प्रधानमंत्री कार्यालय स्थित है। एक अन्य समूह संसद भवन के सामने प्रदर्शन किया। आरपीपी ने एलान किया है कि वह अपनी मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन आंदोलन जारी रखेगी, जिसका उद्देश्य देश में राजशाही की पुनः स्थापना है। उनके इस प्रदर्शन के कारण राजधानी काठमांडू का ट्रैफिक प्रभावित रहा। बता दें, जनवरी 2007 में अंतरिम संविधान लागू होने के बाद नेपाल को धर्मनिरपेक्ष राज्य घोषित कर दिया गया था। इसके साथ ही नेपाल का दुनिया के एकमात्र हिंदू राज्य के रूप में सौ साल पुराना दर्जा खत्म हो गया।

### धुबड़ी : ड्रग मामले ...

वर्षीय नूर आलम शेख को रविवार को धुबड़ी पुलिस स्टेशन केस संख्या 119/25 के तहत एनडीपीएस अधिनियम के तहत गिरफ्तार किया गया, जिससे उसके कथित क्षेत्रीय मादक पदार्थ तस्करी नेटवर्क से संबंध का पता चला। उनका नाम भारतीय न्याय संहिता की धारा 305(ए) के तहत दर्ज एक अन्य गंभीर मामले- संख्या 79/2025 में भी दर्ज है। हालांकि मामले के विवरण गुप्त रखे गए हैं, लेकिन अधिकारियों ने पुष्टि की है कि मामला गंभीर चिंता का विषय है। इन गंभीर आरोपों और उनके पति की गिरफ्तारी की पृष्ठभूमि में खातून के स्थानीय राजनीति में प्रवेश से इस बात पर अटकलें लगाई जा रही हैं कि क्या यह कदम परिवार की छवि बचाने के लिए है या चुनावी माध्यम से स्थानीय प्रभाव को मजबूत करने के लिए है। एक स्थानीय पर्यवेक्षक ने कहा कि इस पृष्ठभूमि को देखते हुए, यह महज एक राजनीतिक शुरुआत से कहीं ज्यादा लगता है। यह सत्ता के लिए एक सोची-समझी चाल है। कभी धुबड़ी का शांत कोना रहा भशानी चार अब सुर्खियों में आ गया है और अपराध और लोकतांत्रिक भागीदारी के बीच धुंधली रेखाओं का प्रतीक बन गया है। चुनाव का दिन नजदीक आने के साथ ही क्षेत्र के मतदाताओं को व्यक्तिगत निष्ठा और सार्वजनिक जवाबदेही के बीच कठिन चुनाव का सामना करना पड़ रहा है। इस बीच, चुनाव अधिकारियों ने तटस्थ रुख अपनाते हुए आश्वासन दिया है कि सभी नामांकनों की मानक चुनावी मानदंडों के तहत जांच की जाएगी। धुबड़ी में मतपत्र और पृष्ठभूमि टकराने के साथ ही सभी की निगाहें भशानी चार पर टिकी हैं, जहां राजनीति अब अतीत के कामों के साथ-साथ भविष्य के वादों पर भी केंद्रित है।

### मणिपुर : 48 घंटे में ...

किया गया, उन्होंने बताया कि वे कथित तौर पर जबरन वसूली में भी शामिल थे। उन्होंने बताया कि राज्य पुलिस ने शुक्रवार को इंफाल पूर्वी जिले के क्यामगेई हेइबोंग माखोंग इलाके से प्रतिबंधित प्रेपक (पीआरओ) के एक कैडर को गिरफ्तार किया। प्रतिबंधित कांगलेई यावोल कन्ना लूप (केवाईकेएल) के एक कैडर को इंफाल पूर्वी जिले से हिरासत में लिया गया। वहीं यूनाइटेड पीपुल्स पार्टी ऑफ कांगलेईपाक (यूपीपीके) के एक सदस्य को भी शुक्रवार को इंफाल पूर्वी जिले से गिरफ्तार किया गया। उसी दिन इंफाल पूर्वी जिले के संजेनबाम शांगशाबी गांव से प्रतिबंधित प्रेपक के एक अन्य सक्रिय कैडर को गिरफ्तार किया गया। मणिपुर पुलिस ने रविवार दोपहर को बताया कि प्रतिबंधित कांगलेईपाक कम्युनिस्ट पार्टी (पीपुल्स वार ग्रुप) के सात उग्रवादियों को थौबल जिले के हीरोक पार्ट-3 में कमांडो टीमों और सीआरपीएफ इकाइयों की तरफ से आधी रात को चलाए गए अभियान के दौरान गिरफ्तार किया गया। यह अभियान रात करीब 1 बजे से 3 बजे तक चला। पुलिस ने बताया कि उनके पास से हथियार और गोला-बारूद बरामद किया गया है। एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि कुछ स्थानीय लोगों ने पत्थर फेंककर कर्मियों को रोकने की कोशिश की, जिसके बाद उन्हें तितर-बितर करने के लिए *गैर-घातक साधनों का इस्तेमाल किया गया।* उन्होंने कहा कि सुरक्षा बलों के कुछ वाहन क्षतिग्रस्त हो गए, उन्होंने कहा कि स्थिति अब नियंत्रण में है। मई 2023 में जातीय हिंसा भड़कने के बाद से पुलिस और सुरक्षा बल पूरे मणिपुर में तलाशी अभियान चला रहे हैं। मैतेई और कुकी-जो समूहों के बीच जातीय संघर्ष में 250 से अधिक लोग मारे गए हैं और हजारों लोग बेघर हो गए हैं। वहीं मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह के इस्तीफे के बाद केंद्र ने 13 फरवरी को राज्य में राष्ट्रपति शासन लगा दिया था। राज्य विधानसभा, जिसका कार्यकाल 2027 तक है, को निलंबित कर दिया गया है।

### पत्नी का कटा सिर ...

मामला दर्ज किया है। वह उत्तर बल्लामगुड़ी क्षेत्र में दिहाड़ी मजदूर के रूप में काम करता है। चिरांग की अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रश्मिरेखा शर्मा ने कहा कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। फोरेंसिक विशेषज्ञों ने साक्ष्य इकट्ठा किए हैं। आरोपी को हिरासत में ले लिया गया है। जांच जारी है।

### मुर्शिदाबाद : पिता-पुत्र...

पर तोड़फोड़ करने और हरगोबिंदो दास, उसके बेटे चंदन दास की हत्या करने के लिए भीड़ को उकसाया और साजिश रची। उन्होंने बताया कि पुलिस के पास 12 अप्रैल को अपराध स्थल पर उसकी मौजूदगी साबित करने के लिए सभी सबूत, सीसीटीवी फुटेज और उसके मोबाइल फोन टावर की लोकेशन है। इससे पहले पुलिस ने दो भाइयों कालू नादर और दिलदार और इंजमाम उल हक को दोनों की हत्या में शामिल होने के आरोप में गिरफ्तार किया था। कालू को बीरभूम जिले के मुराराई से गिरफ्तार किया गया, उसके भाई दिलदार को सुती पुलिस स्टेशन के अधिकार क्षेत्र के तहत बांग्लादेश सीमा क्षेत्र से पकड़ा गया। तीसरे आरोपी को जाफराबाद के पड़ोसी गांव सुरीपारा से पकड़ा गया। अधिकारी ने बताया कि हमने मुर्शिदाबाद हिंसा मामलों में 100 से अधिक एफआईआर दर्ज की हैं। हमने अब तक इन मामलों में 276 लोगों को गिरफ्तार किया है। वक्फ अधिनियम में संशोधन को लेकर हाल ही में हुए विरोध प्रदर्शनों के दौरान हुई हिंसा में कम से कम तीन लोग मारे गए थे।

### बिहार में नई ट्रेन और ...

पैसेंजर और अलौली-सहरसा पैसेंजर शामिल हैं। इनमें बिहार की पहली नमो भारत रैपिड रेड जिसे वंदे मेट्रो के नाम से भी जाना जाता है, पटना और मधुबनी के बीच चलेगी। सेमी-हाई-स्पीड ट्रेन राज्य की राजधानी और मधुबनी के बीच यात्रा के समय को काफी कम कर देगी। साल 2024-25 के लिए बिहार में 152.33 किलोमीटर रेलवे ट्रैक बिछाने का लक्ष्य रखा गया था। इनमें से लगभग 86.89 किलोमीटर ट्रैक बिछाने का काम पूरा कर लिया गया है। जिन रुटों पर ट्रैक का काम चल रहा है उनमें सुगौली बाल्मिकीनगर चनपटिया (7.24 किमी), सुगौली बाल्मिकीनगर चनपटिया साठी (9.53 किमी), सुगौली बाल्मिकीनगर हरिनगर भैरोगंज (8.17 किमी) दरभंग बायपास लाइन (9.48 किमी), मुजफ्फरपुर सुलौली कपारपुरा पिपराहन (9.90), खगड़िया कुश्वेश्वर स्थान- अलौली (19 किमी) अररिया सुपौल पिपरा (22 किमी), इसके साथ ही ललितग्राम से ललिगग्राम बायपास लाइन (1.57 किमी) शामिल है। रेलवे से प्राप्त जानकारी के मुताबिक, साल 2014 से लेकर अबतक बिहार में रेल नेटवर्क को बढ़ाने के लिए रेलवे मंत्रालय की ओर से 14715.91 करोड़ रुपया दिया गया है। साल 2014 में 275.29 करोड़ रुपया, 2015 में 587.59 करोड़ रुपया, 2016 में 1072.10 करोड़ रुपया, 2017 में 1341.37 करोड़ रुपया, 2018 में 1000.33 करोड़ रुपया, 2019 में 1110.73 करोड़ रुपया, 2020 में 1105.19 करोड़ रुपया, 2021 में 1423.49 करोड़ रुपया, 2022 में 1745.31 करोड़ रुपया, 2023 में 2827.57 करोड़ रुपया और 2024-25 में 2226.94 करोड़ बिहार में रेल नेटवर्क के डेवलपमेंट के लिए दिया गया।

### निशिकांत दुबे के ...

उन्होंने दोनों नेताओं और अन्य लोगों को ऐसी टिप्पणियां न करने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने हमेशा न्यायपालिका का सम्मान किया है और उसके सुझावों एवं आदेशों को सहर्ष स्वीकार किया है क्योंकि एक दल के तौर पर उसका मानना है कि शीर्ष अदालत समेत सभी अदालतें लोकतंत्र का अभिन्न अंग हैं। निशिकांत दुबे ने शनिवार को उच्चतम न्यायालय पर निशाना साधते हुए कहा कि कानून यदि शीर्ष अदालत ही बनाएगी तो संसद और विधानसभाओं को बंद कर देना चाहिए। मीडिया से बात करते हुए भाजपा सांसद ने कहा कि देश में धार्मिक युद्ध भड़काने के लिए सुप्रीम कोर्ट जिम्मेदार है। सुप्रीम कोर्ट अपनी सीमाओं से बाहर जा रहा है। अगर हमें हर मामले के लिए सुप्रीम कोर्ट जाना पड़े तो संसद और विधानसभाओं को बंद कर देना चाहिए। भाजपा सांसद और उत्तर प्रदेश के पूर्व उपमुख्यमंत्री दिनेश शर्मा ने भी सुप्रीम कोर्ट की आलोचना करते हुए कहा कि कोई भी संसद या राष्ट्रपति को निर्देश नहीं दे सकता। शर्मा ने कहा कि भारत के संविधान के अनुसार, कोई भी लोकसभा और राज्यसभा को निर्देश नहीं दे सकता और राष्ट्रपति ने पहले ही इस पर अपनी सहमति दे दी है। कोई भी राष्ट्रपति को चुनौती नहीं दे सकता, क्योंकि राष्ट्रपति सर्वोच्च हैं।

### भारत की अर्थव्यवस्था...

क्षेत्र लखनऊ में वरिष्ठ कार्यकर्ता और प्रबुद्ध जन संवाद कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे। राजनाथ सिंह ने तमाम विकास कार्यों की चर्चा करते हुए कहा कि ब्रह्मोस मिसाइल के लखनऊ में बनने का कार्य पूरा हो गया है। 11 मई को मैं इसका उद्घाटन करुंगा। पहले कोई भी हथियार, टैंक, गोला, मिसाइल हमको दूसरे देशों से आयात करना पड़ता था, लेकिन आपको खुशी होगी कि आप 24 हजार करोड़ का एक्सपोर्ट कर रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि डिजिटल ट्रांजेक्शन में 14 लाख करोड़ का लेनदेन हुआ है और यूपीआई के माध्यम से लेन-देन भी कई गुना बढ़ा है। रूस और यूक्रेन लड़ाई के समय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तभी रूस और यूक्रेन के प्रधानमंत्री से पत्र लिखा था और वहां से 22 हजार पांच सौ छात्रों सुरक्षित निकाल कर भारत आया गया था। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि जब भी मैं अपने संसदीय क्षेत्र में आता हूं, मेरी कोशिश होती है कि ज्यादा से ज्यादा अपने कार्यकर्ताओं से मिल सकूं। आप लोगों ने लगातार तीसरी बार मुझे अपना सांसद चुना है। पर शायद आप लोगों को मैं उतना समय नहीं दे पता, जितना मुझे देना चाहिए। रक्षा मंत्रालय के कार्य, कैबिनेट बैठक और सदन में व्यस्तता और अन्य राज्यों व विदेश दौरों के कारण ऐसा होता है। पर जब भी मैं दिल्ली रहता हूं तो वहां लखनऊ से पहुंचने वाले प्रत्येक कार्यकर्ता से अवश्य मिलता हूं।

### अमृतपाल का एनएसए...

सरकार अमृतपाल के नौ साथियों पर लगाया एनएसए समाप्त करके उन्हें पंजाब की जेलों में शिफ्ट कर चुकी है। अमृतपाल के विरुद्ध लगाया गया एनएसए 22 अप्रैल को समाप्त होने जा रहा है, जिसके चलते यह अटकलें कई दिनों से लग रही थी कि सरकार अन्य की तरह अमृतपाल से भी एनएसए हटाकर उसे पंजाब की जेल में शिफ्ट कर सकती है। हालांकि सरकार ने अमृतपाल के एनएसए की अवधि को बढ़ाने का फैसला किया। पंजाब सरकार की ओर से रविवार को एक पत्र मीडिया में जारी किया गया। जिस पर अमृतपाल सिंह ने 18 अप्रैल को हस्ताक्षर भी कर दिए हैं। नया एनएसए 23 अप्रैल से लागू होगा। अगर इसकी अवधि तीसरी बार बढ़ाई जाती है तो परिवार पंजाब हरियाणा हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटा सकता है। अमृतपाल सिंह के पिता तरसेम सिंह ने नाराजगी जताते हुए कहा कि देश में सिखों के लिए अलग कानून चल रहा है। सीनियर एडवोकेट आरएस बैंस ने भी अमृतपाल के विरुद्ध एनएसए को तीसरी बार बढ़ाए जाने को सरकार की विफलता करार दिया। उन्होंने कहा कि सरकार को चाहिए कि अमृतपाल पर दर्ज एफआईआर में ट्रायल चलाए। उन्होंने संकेत दिया कि वे इस निर्णय को एक बार फिर हाईकोर्ट में चुनौती देंगे।

### वक्फ बोर्ड के कथित...

इस जमीन पर स्कूल बनाना था। वर्ष 2001 में भूकंप के समय स्कूल का भवन जर्जर हो गया था। इसका गलत लाभ लेते हुए वर्ष 2009 में कथित ट्रस्टियों ने स्कूल का भवन तोड़कर वहां दूसरा उर्दू स्कूल नहीं बनाया। इस जगह पर 10 दुकानें बना दी गई। सलीम खान ने सौदागर कंस्ट्रक्शन नाम से ऑफिस खोला और अन्य 9 दुकानों को किराये पर दे दिया। दुकानों से किराए के रूप में जो आवक हुई उसे ना तो ट्रस्ट के अकाउंट में जमा कराया गया और न ही इसे एएमसी के पास जमा कराया गया। सलीम खान ने एएमसी और वक्फ बोर्ड के साथ धोखाधड़ी की। अहमदाबाद जोन 3 के प्रभारी डीसीपी भरत राठौड़ ने बताया कि आरोपीों ने कुल 100 करोड़ रुपए की सम्पत्ति पर लोगों से किराया वसूला है। किराए पर दिए गए मकानों से प्रति मकान 5 से 7 हजार रुपए और 10 दुकानों से प्रति दुकान 10 हजार किराया वसूला जाता था। आरोपीों ने वर्ष 2005 से ट्रस्ट का किराया वसूलते हुए अपने निजी कार्य में उपयोग किया। मामले में 5 आरोपीों को गिरफ्तार किया गया है। वक्फ बोर्ड में सलीम खान, महबूब खान समेत अन्य लोग ट्रस्टी नहीं थे, इसके बावजूद वे ट्रस्ट की सम्पत्ति से अवैध रूप से किराया वसूला करते थे। इन कथित ट्रस्टियों ने वर्ष 2005 से ट्रस्ट की सम्पत्ति के 25 से 30 दुकान, 200 मकान और दो अवैध 6 मंजिला अपार्टमेंट भी बनाए थे। इन सभी का वे खुद के लिए उपयोग करते थे। आरोप के अनुसार शाह बडा कासिम ट्रस्ट की एक दानपेटी भी है, इसमें हर महीने 50 हजार रुपए आवक होती है। यह आवक भी कथित ट्रस्टी ले लेते थे। जानकारी के अनुसार मुख्य आरोपी सलीम खान के विरुद्ध पहले से हत्या समेत अन्य आपराधिक मामले दर्ज हैं। आरोपी ने 23 जुलाई, 2024 को गलत शपथपत्र से ट्रस्ट्री होने की जानकारी बोर्ड में पेश की थी। सलीम के अलावा मोहम्मद यासर शेख, मेहमूद खान पठाण, फैज मोहम्मद जोबदार, शाहीद अहेमद शेख के नाम भी आरोपीों में शामिल हैं।

### ध्रुव की उड़ान पर ...

सैन्य अभियान और तैयारियों पर बहुत बुरा असर पड़ा है। सबसे ज्यादा प्रभावित 11.5 लाख से ज्यादा जवानों वाली सेना है, जिसके पास 180 से ज्यादा एएलएच का बेड़ा है। इनमें रुद्र नामक 60 हथियारबंद संस्करण भी शामिल हैं। भारतीय वायु सेना के पास 75 एएलएच हैं, जबकि नौसेना के पास 24 और तटरक्षक बल के पास 19 हैं। इन सभी हेलीकॉप्टरों को पिछले तीन महीनों से ग्राउंडेड किए जाने से एएलएच पायलटों की उड़ान क्षमता खत्म हो रही है और उन्हें सिमुलेटर से काम चलाना पड़ रहा है। दरअसल, 5 जनवरी को पोरबंदर में एक दुर्घटना में दो तटरक्षक पायलटों और एक एयर क्रू गोताखोर की मौत के बाद से सभी एएलएच को जमीन पर खड़ा कर दिया गया है, जबकि सशस्त्र बलों ने अगले 10-15 वर्षों में विभिन्न प्रकार के 1,000 से अधिक नए हेलीकॉप्टरों की जरूरत बताई है। इसमें 3.5 टन वर्ग के 484 लाइट यूटिलिटी हेलीकॉप्टर (एलयूएच) और 10-15 टन वर्ग के 419 भारतीय बहु-भूमिका हेलीकॉप्टर (आईएमआरएच) शामिल हैं। ये नए हेलीकॉप्टर 156 *प्रचंड* हल्के लड़ाकू हेलीकॉप्टरों के अतिरिक्त हैं, जिसमें सेना के लिए 90 और भारतीय वायु सेना के लिए 66 हेलीकॉप्टर होंगे। सेना के एक अधिकारी ने बताया कि उत्तरी और पश्चिमी सीमाओं पर दूरदराज के उच्च ऊंचाई वाले चौकियों पर सैनिकों के परिवहन और रसद की आपूर्ति के लिए कुछ नागरिक हेलीकॉप्टरों को काम पर रखा गया है। सेना के उत्तरी और मध्य कमांड ने हेलीकॉप्टरों की भारी कमी के कारण पिछले साल नवंबर में सिविल हेलीकॉप्टरों का इस्तेमाल शुरू किया था। अगर ऐसा नहीं किया गया होता तो एएलएच के ग्राउंडेड होने के बाद अग्रिम स्थानों पर तैनात सैनिकों को आपूर्ति करना बेहद मुश्किल हो जाता। अब तक इन सिविल हेलीकॉप्टरों ने कारगिल, गुरेज, किश्तवाड़, गढ़वाल और हिमाचल प्रदेश सेक्टरों में लगभग 900 टन पहुंचाने के लिए 1,500 घंटे से अधिक की उड़ान भरी है।

### मौसम विभाग का ...

अगले पांच दिनों में उत्तर-पश्चिम भारत में अधिकतम तापमान में 2-3 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि होने की संभावना है। मध्य भारत और गुजरात में अगले 24 घंटों में तापमान स्थिर रहेगा, लेकिन इसके बाद 2-3 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि होगी। पूर्वी भारत में अगले चार दिनों में अधिकतम तापमान में 4-6 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि होने की संभावना है। जिन क्षेत्रों में लू चलने की संभावना है, उनमें 21 से 23 अप्रैल तक विदर्भ, 24 अप्रैल तक दक्षिणी उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश, 23 और 24 अप्रैल को राजस्थान और दक्षिणी हरियाणा शामिल हैं। आईएमडी के महानिदेशक एम मोहपात्रा ने कहा कि उत्तर-पश्चिम भारत और मध्य भारत में अधिकतम तापमान में वृद्धि होगी क्योंकि तीव्र पश्चिमी विक्षोभ (डब्ल्यूडी) दूर चला गया है। यह सिस्टम बहुत तीव्र था और इसने पहाड़ों पर बहुत अधिक गरज और बारिश की गतिविधि लाई, लेकिन अब हमें अगले कुछ दिनों में किसी भी तीव्र डब्ल्यूडी की उम्मीद नहीं है। पूर्वी भारत में भी बहुत अधिक गरज के साथ बारिश हुई, लेकिन वह भी रुक गई है, इसलिए वहां भी तापमान में भारी वृद्धि होने की संभावना है।

### पीएम आज सिविल...

उत्कृष्टता के लिए प्रधानमंत्री पुरस्कार प्रदान करेंगे। इसके साथ ही प्रधानमंत्री समग्र विकास और नवाचारों की कहानियों की एक ई-पुस्तकें जारी करेंगे। कैबिनेट सचिव डॉ. टीवी सोमनाथन की अध्यक्षता में *सिविल सेवा सुधार- चुनौतियां और अवसर* पर एक पूर्ण सत्र होगा। इसके अलावा विभिन्न कार्यक्रमों के चार अलग-अलग सत्र होंगे। शहरी परिवहन को मजबूत करने संबंधी एक सत्र की अध्यक्षता केंद्रीय आवास और शहरी मामलों के मंत्री व बिजली मंत्री मनोहर लाल करेंगे। आयुष्मान भारत पीएम जन आरोग्य योजना और आयुष्मान आरोग्य मंदिर के माध्यम से स्वस्थ भारत को बढ़ावा देने पर सत्र की अध्यक्षता केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा करेंगे, जबकि मिशन सक्षम आंगनवाड़ी और पोषण 2.0 के माध्यम से महिलाओं और बच्चों के लिए पोषण को बढ़ावा देने संबंधी सत्र की अध्यक्षता केंद्रीय महिला और बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी और आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम पर सत्र की अध्यक्षता नीति आयोग के सीईओ सुब्रह्मण्यम करेंगे।कार्यक्रम में पुरस्कार वितरण के अलावा पुरस्कार विजेता की पहलों पर बनी एक फिल्म भी दिखाई जाएगी। इस समारोह में केंद्र के सचिव, अतिरिक्त सचिव, संयुक्त सचिव, उप सचिव, सहायक सचिव तथा राज्य सरकारों के वरिष्ठ अधिकारी जिनमें मुख्य सचिव, अतिरिक्त मुख्य सचिव, प्रधान सचिव तथा केंद्रीय प्रशिक्षण संस्थानों के प्रमुख, रेजिडेंट कमिश्नर, केंद्रीय सेवाओं के अधिकारी तथा जिला कलेक्टर शामिल होंगे।

# पंचायत चुनावों के लिए भाजपा का डोर-टू-डोर जोरदार प्रचार अभियान

## सभी सीटों पर प्रचंड जीत का दावा



**गुवाहाटी ( हिंस )।** आगामी पंचायती चुनावों के मद्देनजर असम प्रदेश भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने पूरे राज्य में एक व्यापक और आक्रामक प्रचार अभियान की शुरुआत कर दी है। जमीनी स्तर पर शासन को मजबूत करने के उद्देश्य से पार्टी ने जिला स्तर की रैलियों, डोर-टू-डोर जनसंपर्क, जनसभाओं और सीधे समुदायों से संवाद जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से मतदाताओं तक पहुंच बनानी शुरू की है। भाजपा असम मुख्यालय, अटल बिहारी वाजपेयी भवन से जारी आधिकारिक बयान में कहा गया है कि पार्टी आने वाले दिनों में विभिन्न जिलों और जिला परिषद क्षेत्रों में सौ से अधिक जनसभाएं और बड़े स्तर पर जनसमागम आयोजित करेगी। इन प्रयासों का मकसद भाजपा के विजन और मूल प्रतिबद्धताओं को आम जनता तक पहुंचाना है। इस प्रचार अभियान में मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत विश्व शर्मा, प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद दिलीप सैकिया, केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल, कैबिनेट मंत्री पबित्र मार्गेरीटा समेत अन्य मंत्री, सांसद व विधायक भाग लेंगे। इस अभियान की एक प्रमुख कड़ी आज हैलाकांदी जिला मुख्यालय में आयोजित एक भव्य जनसभा रही, जिसमें भारी जनसमूह उमड़ा और जिसने बराक घाटी की राजनीतिक स्थिति को नया आयाम दिया। जनसभा को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष व सांसद दिलीप सैकिया ने मजबूत और विकेंद्रीकृत पंचायती राज व्यवस्था की अहम भूमिका को रेखांकित किया और कहा कि भाजपा ग्राम स्तर तक समावेशी शासन और सर्वांगीण विकास पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। सैकिया ने विश्वास जताया कि भाजपा आगामी पंचायत चुनावों में सभी सीटों पर भारी बहुमत से विजय प्राप्त करेगी। उन्होंने इस आत्मविश्वास का आधार केंद्र और राज्य की भाजपा सरकारों द्वारा किए गए ठोस विकास कार्यों और जनता के व्यापक समर्थन को बताया। हैलाकांदी की इस जनसभा में कैबिनेट मंत्री कौशिक राय, सांसद एवं वरिष्ठ नेता परिमल शुक्लबैद्य, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष व पूर्व सांसद डॉ. राजदीप रॉय, प्रदेश सचिव कनद पुरकायस्थ, कछार जिला भाजपा अध्यक्ष रुपम चंदा, विधायकगण निहार रंजन दास, दीपायन चक्रवर्ती और मिहिर कांति शोम समेत कई वरिष्ठ पार्टी पदाधिकारी और जमीनी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## असम में 1.2 लाख घरों का निर्माण पूरा : मुख्यमंत्री

**गुवाहाटी ( हिंस )।** असम के मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत विश्व शर्मा ने रविवार को कहा कि असम में 1.2 लाख शहरी घरों का निर्माण पूरा हो चुका है। उन्होंने कहा कि अपने घर का सपना हर व्यक्ति का होता है। देश के गरीबों का यह सपना साकार कर रहे हैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी। प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तहत असम में अब तक करीब 1.2 लाख पक्के घर बनाए जा चुके हैं। मुख्यमंत्री शर्मा ने इसे प्रधानमंत्री मोदी द्वारा किया गया वादा बताया, जो अब जमीन पर हकीकत बन रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य है कि राज्य के सभी पात्र परिवारों को सम्मानजनक आवास सुविधा मिल सके। योजना के तहत लाभार्थियों को पक्के मकान उपलब्ध कराए जा रहे हैं, जिससे लाखों लोगों का जीवन स्तर बेहतर हुआ है।

## कांग्रेस विश्वसनीय पार्टी नही : राजवंशी



**गुवाहाटी ( हिंस )।** भाजपा विधायक परमानंद राजवंशी ने कांग्रेस पार्टी पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि उनके पास इस बात के प्रमाण हैं कि कांग्रेस ने पंचायत चुनावों के धन के बदले टिकट बेचे हैं। भाजपा विधायक रविवार को मीडिया से बातचीत कर रहे थे। विधायक राजवंशी ने कहा कि कांग्रेस का चुनाव में टिकट बेचे जाने संबंधी उनके पास प्रमाण हैं। उन्होंने कांग्रेस को *फाकिबाज और दगाबाज* पार्टी करार दिया और कहा कि असम की जनता अब कांग्रेस की असली सच्चाई जान चुकी है। उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा आम जनता के विश्वास और सेवा के बल पर चुनाव जीतती है न कि पैसों के लेन-देन से। राजवंशी के इस बयान के बाद असम की राजनीति में एक बार फिर गर्माहट आ गई है। कांग्रेस की ओर से इस पर अब तक कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है।

### *पानी, सड़क पहले, वोट बाद में*

## पंचायत चुनाव से पहले जोरहाट गांव ने खींची रेखा

**जोरहाट।** असम में 2 और 7 मई को होने वाले पंचायत चुनावों से पहले, जोरहाट के मरियानी निर्वाचन क्षेत्र के सेउजी गांव के निवासियों ने घोषणा की है कि अगर उनकी पुरानी मांगों पर ध्यान नहीं दिया गया तो वे वोट नहीं डालेंगे। ग्रामीणों ने बताया कि जलापूर्ति और सड़क संपर्क जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर सरकार ने अभी तक ध्यान नहीं दिया है। निवासियों ने कहा कि यदि उनके प्रतिनिधि आगामी चुनावों से पहले ठोस आश्वासन देने में विफल रहते हैं, तो वे 2026 के विधानसभा चुनावों का भी बहिष्कार करेंगे। सेउजी गांव के एक निवासी ने कहा कि विधायकों ने पिछले चुनावों के दौरान सड़क संपर्क और जलापूर्ति का वादा किया था, लेकिन कोई भी वादा पूरा नहीं किया गया। निवासी ने कहा कि हमारा मुख्य मुद्दा जल कनेक्शन और सड़क संपर्क है। पिछले चुनावों में हमसे सड़क संपर्क और जल आपूर्ति का वादा किया गया था, लेकिन सरकार ने उनमें से कोई भी वादा पूरा नहीं किया। उन्होंने कहा कि इस बार ग्रामीण चुनाव प्रचार के दौरान दिए गए आश्वासनों पर भरोसा नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि वे अभी तक हमसे मिलने नहीं आए हैं, लेकिन वे आएंगे। अगर वे हमारे वोट मांगने आएंगे, तो हम उनके वादों को स्वीकार नहीं करेंगे, क्योंकि वे बार-बार अपने वादे पूरे करने में विफल रहे हैं। 1975 में बसा यह गांव मुख्य रूप से कृषि पर निर्भर है। निवासियों का आरोप है कि जोरहाट के मौजूदा सांसद गौरव गोगोई, मरियानी के विधायक रूपज्योति कुर्मी और पूर्व जनप्रतिनिधियों ने कभी गांव का दौरा नहीं किया। वर्षों की उपेक्षा से निराश ग्रामीणों ने शनिवार को बुनियादी सुविधाओं की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। इसमें महिलाएं और वरिष्ठ नागरिक भी शामिल थे, जो *रोड नहीं तो वोट नहीं* और *पानी नहीं तो वोट नहीं* जैसे नारे लिखे तख्तियां थामे हुए थे। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि पानी की आपूर्ति एक ही स्थानीय निवासी द्वारा की जाती है तथा पानी और सड़क संबंधी समस्याओं के अलावा, इस क्षेत्र में अभी भी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और शैक्षणिक संस्थानों का अभाव है। यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि नागालैंड सीमा के पास स्थित असम के अन्य हिस्सों के साथ-साथ जोरहाट के मरियानी में भी कथित नागा बदमाशों द्वारा असम की ओर की भूमि हड़पने के लिए बार-बार हमले किए गए हैं।

## आरपीएफ ने सिलचर स्टेशन पर 450 जीवित मेंढकों को किया बरामद



**गुवाहाटी ( हिंस )।** वन्यजीव संरक्षण की सराहनीय कोशिश के क्रम में पूर्वोत्तर सीमा रेलवे के अंतर्गत लामडिंग मंडल के सिलचर रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) पोस्ट की एक टीम ने सिलचर रेलवे स्टेशन पर चलाए गए एक विशेष अभियान के तहत 450 जीवित मेंढ़कों को बरामद कर किया। पूर्वोत्तर सीमा रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी कपिंजल किशोर शर्मा ने रविवार को बताया कि सिलचर रेलवे सुरक्षा बल के अधिकारियों ने प्लेटफॉर्म संख्या 01 के पास तीन लावारिश बैगों का पता लगाया। तलाशी करने पर, प्रत्येक बैग में लगभग 150 जीवित मेंढक पाए गए, जिनकी कुल संख्या 450 थी। बहुत प्रयासों के बावजूद, कोई भी व्यक्ति बैगों के मालिकाना का दावा करने के लिए नहीं आया। इस पर रेलवे सुरक्षा बल की टीम ने बरामद मेंढकों को उचित पुनर्वास और आगे की कार्रवाई के लिए मंडल वन अधिकारी (डीएफओ), बराक वैली वाइल्डलाइफ मंडल, सिलचर के संरक्षण में सुरक्षित रूप से सौंप दिया। यह घटना न केवल यात्रियों और रेल संपत्तियों की सुरक्षा में बल्कि वन्यजीवों और पर्यावरण की सुरक्षा में योगदान देने में रेलवे सुरक्षा बल की सक्रिय भूमिका को भी उजागर करती है बल्कि पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे पर्यावरण अधिकारियों के साथ निरंतर सतर्कता और सहयोग के माध्यम से सुरक्षा सुनिश्चित करने और पारिस्थितिक संतुलन बनाए रखने को भी प्रतिबद्ध है।

## मणिपुर का पीएलए उग्रवादी गुवाहाटी में गिरफ्तार

**गुवाहाटी ( हिंस )।** गुवाहाटी पुलिस ने एक संयुक्त अभियान के तहत मणिपुर की प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) के एक सक्रिय सदस्य को गिरफ्तार किया। उस पर मणिपुर में कई उग्रवादी कार्रवाइयों में शामिल होने का संदेह है। गिरफ्तार किए गए उग्रवादी की पहचान मणिपुर के काकचिंग जिले निवासी 31 वर्षीय मयंगलंबम बॉबी सिंह के रूप में हुई है। वह गुवाहाटी के पलटन बाजार स्थित एक होटल में छिपा हुआ था। सूत्रों के अनुसार, वह इससे पहले बेहारबाड़ी के एक अन्य होटल में रुका हुआ था। इस कार्रवाई को बशिष्ठ पुलिस थाने द्वारा गजराज इंटेलिजेंस की सहायता से अंजाम दी गई। गुवाहाटी पुलिस के डीसीपी (ईस्ट) मृणाल डेका ने रविवार को बताया कि सिंह मणिपुर में हथियारबंद गतिविधियों में सक्रिय रूप से शामिल था। फिलहाल वह पुलिस हिरासत में है और उससे पूछताछ जारी है।

## असम साहित्य सभा का *मोन जुरा अनुष्ठान* आयोजित, पूर्व उपराष्ट्रपति को *सीमांत प्रहरी* पुरस्कार से सम्मानित



**गुवाहाटी।** असम साहित्य सभा की *सेतुबंधन यात्रा* रविवार को *मोन जूरा अनुष्ठान* के सफल आयोजन के साथ धुबड़ी पहुंची, जिससे असमिया भाषा, साहित्य और सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण के लिए साहित्यिक संस्था की स्थायी प्रतिबद्धता को बल मिला। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता धुबड़ी जिला साहित्य सभा के अध्यक्ष अनवर हुसैन ने की और सभा के प्रधान सचिव देबोजीत बोरा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। बोरा ने सभा के उद्देश्य की पुष्टि करते हुए कहा कि विभिन्न चुनौतियों और आलोचनाओं के बावजूद, संगठन अपने उद्देश्यों पर अडिग है। सभा को संबोधित करते हुए, असम साहित्य सभा के उपाध्यक्ष पदुम राजखोवा ने सभा के आधारभूत दृष्टिकोण को मजबूत करने के लिए सभी संबद्ध निकायों और हितधारकों से सामूहिक जिम्मेदारी का आग्रह किया। धुबड़ी जिला साहित्य सभा के सचिव अब्दुस सलाम ने बैठक के उद्देश्यों को रेखांकित किया और पड़ोसी जिलों से आए गणमान्य व्यक्तियों और सदस्यों का स्वागत किया। उपस्थित उल्लेखनीय हस्तियों में हृदयानंद गोगोई (निदेशक, अनुवाद परियोजना), धर्मेश्वर दास (संगठन सचिव, धुबड़ी आंचलिक कार्यालय), गोबिंदा कलिता (संयोजक, स्थायी वित्तीय कोष), और शंकुसिद्ध नाथ (केंद्रीय प्रचार संयोजक) के साथ-साथ गोलपारा और कोकराझार जिला साहित्य सभा के प्रमुख पदाधिकारी शामिल थे। बैठक में कई वरिष्ठ साहित्यकारों जैसे अतुल चंद्र रॉय, सुभाष मजूमदार, हेरम्बा कलिता, लुत्फुर रहमान, गियाजुद्दीन अहमद, बिनॉय कुमार नाथ, उदयन चक्रवर्ती, सर्वेश्वर बोर कलिता और रंजीत कुमार घोष ने भी भाग लिया। उनकी उपस्थिति ने कार्यक्रम की समावेशी और सहयोगात्मक भावना को दर्शाया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण असम साहित्य सभा के पूर्व उपाध्यक्ष पचुगोपाल चक्रवर्ती को असमिया साहित्य और सांस्कृतिक वकालत में उनके स्थायी योगदान के लिए प्रतिष्ठित *सीमांत प्रहरी* पुरस्कार प्रदान करना था। इसके अलावा, डॉ. उमेश दास और धर्मेश्वर दास को सभा के धुबड़ी आंचलिक कार्यालय में उनकी नई जिम्मेदारियों के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत असमिया देशभक्ति गीत *चिरो सेनेही मुर भाखा जननी* के भावपूर्ण गायन से हुई और समापन एकता और सांस्कृतिक गौरव के प्रतीक राष्ट्रगान के साथ हुआ। इस कार्यक्रम में धुबड़ी, ग्वालपाड़ा और कोकराझार के साहित्यिक प्रतिनिधि एक साथ आए, जिससे सभा के बैनर तले अंतर-जिला साहित्यिक सहयोग को और मजबूती मिली।

## पंचायत चुनाव को लेकर होजाई जिला प्रशासन ने कसी कमर

**होजाई।** पंचायत चुनाव को निष्पक्ष व शांतिपूर्ण रूप से कराने हैतु होजाई जिला एवं पुलिस प्रशासन ने कमर कस ली है। होजाई जिला आयुक्त विद्युत विकास भगवती ने आगामी पंचायत चुनाव को लेकर शुक्रवार को जिले के जिला परिषद सदस्यों और आंचलिक पंचायत सदस्यों के साथ समीक्षा बैठक की। गौरतलाब है, होजाई जिले में पंचायत चुनाव दूसरे चरण में होगें, यानी की 7 मई को। होजाई के तीन विधानसभा क्षेत्रों में जेडपीसी के लिए कुल 37 उम्मीदवारों ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। उनमें से एक ने नाम वापस ले लिया और काकी जेडपीसी उम्मीदवार पहले ही निर्विरोध जीत चुके हैं। वहीं, होजाई जिले के तीन विधानसभा क्षेत्रों में 237 आंचलिक पंचायत सदस्यों ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। इनमें से 42 अंचलिक पंचायत सदस्यों ने अपना नामांकन पत्र वापस ले लिया। इसके अलावा, जिले में 1919 वार्ड सदस्यों ने नामांकन दाखिल किया और अंत में 1869 नामांकन वैध हैं। जिले में कई राजनीतिक दल और निर्दलीय उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं। जिला आयुक्त और चुनाव पर्यवेक्षकों ने उम्मीदवारों को चुनाव आचार संहिता के संबंध में अपनाए जाने वाले नियमों और किस उम्मीदवार द्वारा कितना पैसा खर्च किया जाएगा, इसके बारे में जानकारी दी। जिले में पंचायत चुनाव के लिए नियुक्त दो चुनाव पर्यवेक्षक पहले ही मतदान केंद्रों की निगरानी कर चुके हैं।

## बंगाईगांव : मुलचंद जालान भवन की आम सभा संपन्न, नई समिति का गठन

### राजेंद्र कुमार हरलालका ने अध्यक्ष पद संभाला



**बंगाईगांव।** राजस्थान सेवा समिति द्वारा 1973 सन् में निर्मित बंगाईगांव की पहली धर्मशाला मुलचंद जालान विवाह भवन की साधारण सभा 19 अप्रैल 2025 को भवन परिसर में अध्यक्ष अखय चंद बैद की अध्यक्षता में आयोजित हुई जिसमें बंगाईगांव वृहत्तर मारवाड़ी समाज के अच्छी संख्या में सदस्य उपस्थित थे। अध्यक्ष द्वारा सभा की कार्रवाई प्रारंभ करने की घोषणा के पश्चात कोषाध्यक्ष सह भवन इंचार्ज दीपेश कुमार अग्रवाल ने 31 मार्च 2025 तक का आय व्यय का ब्योरा सभा में रखा जिसे उपस्थित सभी सदस्यों ने करतल ध्वनि से इसे पारित कर दिया। कोषाध्यक्ष ने बताया कि तीसरी मंजिल के निर्माण के बाबत महिपाल कोठारी से उधार लिए हुए पैसे की देनदारी अभी बाकी है। पुरानी कार्यकारिणी को भंग करने की घोषणा के बाद नए अध्यक्ष का चयन/चुनाव की प्रक्रिया को शुरू की गई। राजकुमार कोठरी ने अध्यक्ष पद हैतु राजेंद्र हरलालका का नाम प्रस्तावित किया जिसे राजेश अग्रवाला के समर्थन के साथ सभा में उपस्थित सभी लोगों ने सर्वसम्मति से अपनी मोहर लगाकर उन्हें निर्वाचित किया। उनके नाम की घोषणा होने के साथ उपस्थित वृहत्तर मारवाड़ी समाज के सदस्यों के सामने उन्होंने पदभार ग्रहण किया एवं आशा व्यक्त की कि सभी के सहयोग से शहर की इस पहली धर्मशाला को नई ऊंचाइयों तक ले जाएंगे। पद ग्रहण करने के तुरंत बाद अध्यक्ष महोदय ने राजेश अग्रवाला को सचिव के पद पर, पुखराज नाहटा को कोषाध्यक्ष सह भवन इंचार्ज तथा मनोज हरलालका को निर्माण समिति का प्रमुख बनाया। समाज के कुछ गणमान्य व्यक्तियों को लेकर एक संरक्षक समिति भी बनाई गई है तथा कार्यकारणी के अन्य सदस्यों के नामों की घोषणा विचार विमर्श के बाद जल्द कर दी जाएगी। सभा में उपस्थित समाज के वरिष्ठ सदस्य प्रेमनाथ हरलालका ने भवन के इतिहास पर विस्तार पूर्वक बताते हुए उन लोगों को याद किया जिनके अथक परिश्रम एवं प्रयासों से इसका निर्माण हुआ।

## रंगिया : सार्वजनिक तालाब से शव बरामद



**रंगिया ( विभास )।** रंगिया खैराबाड़ी के सार्वजनिक तालाब में रविवार को एक शव बरामद किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार शनिवार को रात 11 बजे से लापता स्थानीय व्यक्ति किशोर शर्मा का यह शव तालाब में मिला। बताया गया है कि रविवार को सुबह कुछ लोगों ने किशोर शर्मा का मोबाईल फोन तालाब के पास देखा तथा उसके तालाब में गिर जाने का अनुमान लगाया। उन्होंने इसकी जानकारी परिवार के लोगों के साथ एसडीआरएफ वाहिनी को दी। तुरंत ही एसडीआरएफ वाहिनी ने तत्परता के साथ किशोर शर्मा के शव को बरामद करने में सफल हुए। पूरे क्षेत्र में शोक का माहौल है। यह आत्महत्या थी या कुछ और, इसका खुलासा पुलिस की प्रारंभिक जांच के बाद होगा। फिलहाल शव को पोस्टमार्टम के लिए गुवाहाटी मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया गया।

## माधुरी आहत मुकुली बिहू मेला समिति की ओर से युवा साहित्यक अंजन बासकोटा सम्मानित



**विश्वनाथ।** सतिया के नजदीकी समार दलनी के युवा साहित्यकार अंजन बासकोटा छात्र जीवन से ही पत्रकारिता एवम् साहित्य साधना में जुड़े हैं। साल 2014 में उनकी असमिया निबंध संग्रह *निबारित मानवता आरु निबंध विचित्रा,* सन 2016 में *दृष्टि निबंध संग्रह,* 2020 में नेपाली कविता संग्रह *आत्मानुसन्धान* और सन 2021 में असमिया समालोचना संग्रह *बरणीया शब्द संभार* प्रकाशित हुआ था। बासकोटा असमिया, अंग्रेजी, हिंदी और नेपाली भाषा में सामान रूप में साहित्य एवं पत्रकारिता कर रहे हैं । उन्होने 20 से अधिक खोज-अनुसंधान मूलक पत्रिका का संपादन किया है। इसमें असम सरकार का आनंद राम बरुवा भाषा, साहित्य व संस्कृति संस्थान द्वारा प्रकाशित *ब्रह्मपुत्र त्रि-भाषिक शब्दकोश* सामिल है। इसके अलावा साहित्यकार अंजन बासकोटा ने कई सारे पुस्तक असमिया से नेपाली, अंग्रेजी से नेपाली, हिंदी से नेपाली भाषा में अनुवाद किया है। 2016 में प्रकाशित उनकी *दृष्टि निबंध संग्रह* के लिए साहित्य अकादमी का *युवा पुरस्कार 2020* प्राप्त हुआ था। पूर्वोत्तर भारत से नेपाली भाषा में यस पुरस्कार प्राप्त करने वाले वे पहले व्यक्ति है। युवा साहित्यकार अंजन बासकोटा छात्र जीवन से ही पत्रकारिता एवम् साहित्य साधना में जुड़े थे। बासकोटा असमिया, अंग्रेजी, हिंदी और नेपाली भाषा में सामान रूप में साहित्य एवं पत्रकारिता कर रहे हैं। इसके अलावा साहित्यकार अंजन बासकोटा ने कई सारे पुस्तक असमिया से नेपाली, अंग्रेजी से नेपाली, हिंदी से नेपाली भाषा में अनुवाद किया है। पूर्वोत्तर भारत से नेपाली भाषा में यस पुरस्कार प्राप्त करने वाले वे पहले व्यक्ति है। असमिया भाषा-साहित्य, सतिया के समाज जीवन एवम् पत्रकारिता के क्षेत्र में उनकी योगदान का कदर करते हुए माधुरी आहत मुकलि बिहु समिति में अन्य पांच विशिष्ट व्यक्तियों साथ अंजन बासकोटा को सम्मानित किया।

## खैराबाड़ी में नए पब्लिक स्कूल का शुभारंभ




**रंगिया ( विभास )।** भेड़गांव महकमे के खेराबाड़ी शिक्षा खंड के अंतर्गत गुरिहाटी में रविवार को खैराबाड़ी पब्लिक स्कूल का शुभारंभ किया गया। जिसका उद्घाटन खैराबाड़ी क्षेत्र के पार्षद भवेंद्र बोड़ो ने आधिकारिक रूप से फीता काटकर किया। खेराबाड़ी में सीबीएसई के अधीन इस स्कूल के उद्घाटन के साथ साथ उन्होंने पौधरोपण और दीप प्रज्ज्वलन भी किया। स्कूल का उद्घाटन करते हुए पार्षद भवेंद्र बोड़ो ने कहा कि खैराबाड़ी जैसे क्षेत्र में इस तरह के शैक्षणिक संस्थान की स्थापना से लोगों को लाभ होगा। वर्तमान में यहां इस तरह के विद्यालयों की आवश्यकता है। उद्घाटन बैठक में सेवानिवृत्त शिक्षक प्रशांत आचार्य, सेवानिवृत्त शिक्षक लीलाधर बोड़ो, सेवानिवृत्त शिक्षक सतीश नार्जरी ने भाषण प्रदान किया। कार्यक्रम में खैराबाड़ी पब्लिक स्कूल की मुख्य संचालिका तंजू बोड़ो ने स्वागत भाषण दिया और अध्यक्ष जेकब खाखा ने स्कूल के उद्देश्यों और लक्ष्यों पर भाषण दिया। कार्यक्रम में खैराबाड़ी क्षेत्र के कई गणमान्य लोगों ने भाग लिया

संपादकीय

# वक्फ कानून तो लागू है

**बेशक** सर्वोच्च अदालत ने वक्फ संशोधन अधिनियम, 2025 के कुछ प्रावधानों पर 'अंतरिम आदेश' जारी किया है, लेकिन कानून पर पूरी तरह रोक नहीं लगाई है। 'अंतरिम आदेश' भी सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता के जरिए, केंद्र सरकार की 'अंडरटेकिंग' के बाद ही, जारी किया गया है। केंद्र की सहमति रही कि अगले आदेश तक वक्फ बोर्ड और केंद्रीय वक्फ परिषद में कोई नई नियुक्ति नहीं की जाएगी। यदि राज्य बोर्ड में ऐसी नियुक्ति की जाती है, तो उसे 'शून्य', अमान्य समझा जाए। 'वक्फ बाय यूजर' की संपत्तियों, पंजीकृत, राजपत्रित या गैर-पंजीकृत, को 'डी-नोटिफाई' नहीं किया जाएगा। बताया जाता है कि 'वक्फ बाय यूजर' की 4 लाख से अधिक संपत्तियां हैं। जांच या सर्वे के बाद कलेक्टर वक्फ संपत्ति पर कोई आदेश जारी नहीं करेंगे। इन प्रावधानों पर सॉलिसिटर जनरल ने सर्वोच्च अदालत की न्यायिक पीठ को आश्वस्त किया है कि यथास्थिति बनी रहेगी। केंद्र 7 दिनों की स्वीकृत अवधि के दौरान अपने साक्ष्यों, दस्तावेजों और दलीलों के साथ जवाब सर्वोच्च अदालत में दाखिल करेगा। वैसे न्यायिक पीठ ने सुनवाई की अगली तारीख 5 मई तय की है, लिहाजा तब तक यथास्थिति बनी रहनी चाहिए। यहां गौरतलब यह है कि 13 मई को प्रधान न्यायाधीश जस्टिस संजीव खन्ना सेवानिवृत्त हो रहे हैं। जस्टिस भूषण गवई अगले प्रधान न्यायाधीश होंगे। जाहिर है कि नए सिरे से न्यायिक पीठ का गठन होगा। नए सिरे से मामले की सुनवाई होगी। सवाल है कि क्या यह मामला शीर्ष अदालत में लंबा खिंचेगा अथवा कुछ लटक कर रह सकता है। जस्टिस खन्ना ने इस मामले को 'अपवाद' के तौर पर ग्रहण किया। वह नहीं चाहते थे कि व्यापक स्तर पर कानूनी सुधार करने से पक्षकारों के मौलिक अधिकार प्रभावित हों, लिहाजा 'अंतरिम आदेश' भी जारी किया गया। बहरहाल वक्फ कानून के कुछ प्रावधानों पर यथास्थिति का 'अंतरिम आदेश' दिया गया है। परोक्ष भाव से उन प्रावधानों पर रोक लगाई गई है, लेकिन संशोधित कानून के लगभग 40 अन्य प्रावधान हैं, जिन पर न तो यथास्थिति का आदेश है और न ही रोक लगाई गई है। अर्थात नया कानून अक्षरशः लागू है। ऐसे बयान ओवैसी जैसे याचिकाकर्ताओं ने दिए हैं। सरकार उन प्रावधानों के तहत कार्रवाई कर सकती है। मुसलमान होने या इस्लाम के 5 साल के अभ्यास वाले प्रावधान को भी न्यायिक पीठ ने छुआ तक नहीं है। प्रधान न्यायाधीश ने कहा है कि यह विशेष स्थिति है। हमने कुछ कमियों की ओर इशारा किया है। कुछ सकारात्मक चीजें भी हैं, लेकिन हम नहीं चाहते कि इतना बड़ा बदलाव किया जाए कि पक्षकारों के अधिकार प्रभावित हों। इस्लाम के 5 साल अभ्यास वाला प्रावधान भी है, लेकिन हम उस पर रोक नहीं लगा रहे।' न्यायिक पीठ ने 'लिमिटेशन एक्ट' वाले प्रावधान को भी नहीं छुआ और न ही उस पर कोई आदेश दिया। ओवैसी का मानना है कि हमें उसका नुकसान होगा, क्योंकि इससे वक्फ संपत्तियों पर कब्जेबाजों को फायदा होगा। बहरहाल यह फिलहाल अंतिम आदेश नहीं है। अभी लंबी कानूनी लड़ाई चलेगी। 'अंतरिम आदेश' पर ही जो नेता और पार्टी प्रवक्ता 'बड़ी जीत', 'मोदी को आईना', 'मोदी सरकार को बहुत बड़ा धक्का' और 'मुंह की खानी पड़ी' सरीखी टिप्पणियां कर फुलफुला रहे हैं, क्या ये अदालत की अवमानना नहीं है? अदालत ने सिर्फ वक्फ के नए कानून पर ही आदेश जारी नहीं किए हैं, बल्कि 1995 और 2013 के वक्फ कानूनों के कई प्रावधानों पर भी नोटिस भेजे हैं। वक्फ गली-गली फैले हैं। वक्फ की करीब 47 फीसदी संपत्तियां पंजीकृत नहीं हैं।

केंद्र की सहमति रही कि अगले आदेश तक वक्फ बोर्ड और केंद्रीय वक्फ परिषद में कोई नई नियुक्ति नहीं की जाएगी। यदि राज्य बोर्ड में ऐसी नियुक्ति की जाती है, तो उसे 'शून्य', अमान्य समझा जाए। 'वक्फ बाय यूजर' की संपत्तियों, पंजीकृत, राजपत्रित या गैर-पंजीकृत, को 'डी-नोटिफाई' नहीं किया जाएगा। बताया जाता है कि 'वक्फ बाय यूजर' की 4 लाख से अधिक संपत्तियां हैं। जांच या सर्वे के बाद कलेक्टर वक्फ संपत्ति पर कोई आदेश जारी नहीं करेंगे। इन प्रावधानों पर सॉलिसिटर जनरल ने सर्वोच्च अदालत की न्यायिक पीठ को आश्वस्त किया है कि यथास्थिति बनी रहेगी। केंद्र 7 दिनों की स्वीकृत अवधि के दौरान अपने साक्ष्यों, दस्तावेजों और दलीलों के साथ जवाब सर्वोच्च अदालत में दाखिल करेगा। वैसे न्यायिक पीठ ने सुनवाई की अगली तारीख 5 मई तय की है, लिहाजा तब तक यथास्थिति बनी रहनी चाहिए। यहां गौरतलब यह है कि 13 मई को प्रधान न्यायाधीश जस्टिस संजीव खन्ना सेवानिवृत्त हो रहे हैं।

**नेशनल हेराल्ड नाम के अंग्रेजी अखबार की स्थापना 1938 में पंडित नेहरू और स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों ने की थी। इसका स्वामित्व एजेएल के पास था। इसी ने हिंदी में नवजीवन और उर्दू में कौमी आवाज अखबार निकाले थे।**

# नेशनल हेराल्ड : अदालती कार्यवाही का सम्मान करे कांग्रेस

**प्रमोद भार्गव**

इसी दिन अदालत में केस डायरी भी प्रस्तुत करनी होगी। ईडी इसी प्रकरण में नेशनल हेराल्ड और एसोसिएटेड जर्नल लिमिटेड (एजेएल) से संबंधित 661 करोड़ रुपए की अचल संपत्तियों पर कब्जे की कार्यवाही शुरू कर दी है। ये संपत्तियां दिल्ली, मुंबई और लखनऊ में हैं। इस कार्यवाही के बाद देशभर में कांग्रेस ने सड़कों पर उतरकर राष्ट्रपति के नाम को केंद्र सरकार को कठघरे में खड़ा करते हुए कलेक्टर को ज्ञापन भी दिए। कहा गया कि राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता की आड़ में लोकतंत्र को कुचला जा रहा है।

**देश** के प्रथम व प्रतिष्ठित राजनीतिक गांधी परिवार की पुत्रवधू सोनिया गांधी और उनके पुत्र राहुल गांधी समेत अन्य के विरुद्ध नेशनल हेराल्ड मामले में मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पहला आरोप पत्र अदालत में दाखिल कर दिया है। इस मामले में कांग्रेस नेता सैम पित्रोदा और पत्रकार सुमन दुबे भी आरोपी हैं। दुबे राजीव गांधी फाउंडेशन के ट्रस्टी भी हैं। यह आरोप पत्र 9 अप्रैल 1925 को विशेष जज विशाल गोगने की अदालत में पेश किया गया। अब इस पर अगली सुनवाई 25 अप्रैल को होगी। इसी दिन अदालत में केस डायरी भी प्रस्तुत करनी होगी। ईडी इसी प्रकरण में नेशनल हेराल्ड और एसोसिएटेड जर्नल लिमिटेड (एजेएल) से संबंधित 661 करोड़ रुपए की अचल संपत्तियों पर कब्जे की कार्यवाही शुरू कर दी है। ये संपत्तियां दिल्ली, मुंबई और लखनऊ में हैं। इस कार्यवाही के बाद देशभर में कांग्रेस ने सड़कों पर उतरकर राष्ट्रपति के नाम को केंद्र सरकार को कठघरे में खड़ा करते हुए कलेक्टर को ज्ञापन भी दिए। कहा गया कि राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता की आड़ में लोकतंत्र को कुचला जा रहा है। जबकि याद रहे यह मामला 2012 का है, उस समय यूपीए गठबंधन की केंद्र में सरकार थी और मनमोहन सिंह प्रधानमंत्री थे। इस मामले की जांच 2015 से चल रही है। मालूम हो जनहित याचिकाएं दायर करने के बुद्धि विशेशज्ञ डॉ सुब्रामण्यम स्वामी ने इस प्रकरण से जुड़ी याचिका 2013 में दाखिल की थी। इस समय भी केंद्र में यूपीए की सरकार थी। अतएव कांग्रेस को ईडी और अदालती कार्यवाही का सम्मान करने की जरूरत है। नेशनल हेराल्ड नाम के अंग्रेजी अखबार की स्थापना 1938 में पंडित नेहरू और स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों ने की थी। इसका स्वामित्व एजेएल के पास था। इसी ने हिंदी में नवजीवन और उर्दू में कौमी आवाज अखबार निकाले थे। दरअसल दो हजार करोड़ रुपए के नेशनल हेराल्ड से संबंधित स्वामित्व व परिसंपत्तियों के हस्तांतरण से जुड़ा एक मामला निजी इस्तगासे के तहत निचली अदालत में विचाराधीन है। याचिकाकर्ता सुब्रामण्यम स्वामी ने अदालत में दस्तावेजी साक्ष्य प्रस्तुत करके यह दावा किया था कि अखबार का मालिकाना हक रखने वाली कंपनी 'द एसोसिएट्स जर्नल्स लिमिटेड' के स्वामित्व और परिसंपत्तियों के हस्तांतरण में धोखाधड़ी की गई है। इससे लाभान्वित होने वाले सोनिया गांधी और राहुल गांधी



हैं। न्यायालय ने पहली नजर में इस मामले को सुनने योग्य माना और प्रक्रिया आगे बढ़ा दी। तभी से कांग्रेस राजनीतिक प्रतिशोध के चलते इस मामले को झूठा ठहराने में लगी हुई है। साफ है, सोनिया, राहुल अपने को फंसता देख जानबूझकर मामले को सियासी साजिश करार देने में लगे हैं। यहां सोचने की जरूरत है कि वाकई न्यायपालिका राजनीति की कठपुतली है तो फिर 2013 में जब स्वामी ने अदालत में याचिका दाखिल की थी, तब अपनी राजनीतिक ताकत का इस्तेमाल इस याचिका को खारिज कराने में क्यों नहीं किया? याचिकाएं लगाने में सिद्धहस्त स्वामी ने कोई इकलौती यही याचिका दाखिल नहीं की, वे कई जनहित याचिकाएं लगाकर अपनी कानूनी लड़ाई को परिणाम तक पहुंचाने में सफल हुए हैं। टूजी स्पेक्ट्रम घोटाले से जुड़ी याचिका भी स्वामी ने शीर्ष न्यायालय में लगाई थी। 1.76 हजार करोड़ के इस घोटाले की याचिका लगाने के समय भी केंद्र में कांग्रेस की सरकार थी और सोनिया सर्वेसर्वा थीं। बावजूद पुख्ता दस्तावेजी साक्ष्य होने के कारण कांग्रेस के सहयोगी दल के नेताओं को जेल के सींखचों में जाना पड़ा था। यदि न्यायालय राजनेताओं के दिशा-निर्देशन के अनुसार वाकई चलती हैं, तो माननीय सोनिया जी संप्रग सरकार की भद् पिटवाने वाली इस कार्यवाही को क्यों नहीं रोक पाईं? गोया पूरा देश जानता है कि अदालतों का राजनीतिक हस्तक्शेप से कोई वास्ता नहीं है। न्यायालयीन प्रक्रिया स्वतंत्र रूप से कानूनी दायरे में गतिशील रहते हुए अंतिम परिणाम तक पहुंचती है। इस लिहाज से कांग्रेस द्वारा केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार को दोशी ठहराना उचित नहीं है। नेशनल हेराल्ड से जुड़ा मामला बेहद गंभीर है। प्रथम दृश्टया दस्तावेजी साक्ष्यों की पड़ताल करने से ही यह साफ हो जाता है कि दाल में कुछ काला है। दरअसल एजेएल नेशनल हेराल्ड अखबार की मालिकाना कंपनी है। कांग्रेस ने एजेएल को 90 करोड़ का कर्ज दिया। इसके बाद 5 लाख रुपए की अंश पूंजी से यंग इंडियन कंपनी बनाई गई। जिसमें सोनिया व राहुल की 38-38 फीसदी भागीदारी तय की गई। शेश बची 24 प्रतिशत की हिस्सेदारी कांग्रेस नेता और पार्टी के कोशाध्यक्श मोतीलाल बोरा और ऑस्कर फर्नाडीज को दी गई। अब दोनों नेता दिवंगत हो चुके हैं। इसके बाद एजेएल के 10-10 रुपए के नौ करोड़ शेयर यंग इंडियन को दे दिए गए। इसके बदले यंग इंडियन को कांग्रेस का कर्ज भी चुकाना था। 9 करोड़ शेयर के साथ यंग इंडियन का एजेएल की 99 फीसदी हिस्सेदारी मिल गईं। इसके बाद उदारता दिखाते हुए कांग्रेस ने 90 करोड़ जैसी बड़ी धनराशि का ऋण भी माफ कर दिया। मसलन कागजों में एक कंपनी का कृत्रिम वजूद खड़ा करके एजेएल का स्वामित्व बड़ी आसानी से हस्तांतरित कर दिया गया। स्वामी ने अदालत में अपनी दलील पेश करते हुए इस प्रकरण में हवाला करोबार को अंजाम देने का संदेह भी जताया था। जाहिर है, मामला बेहद गंभीर है। अब 2000 करोड़ रुपए से अधिक की संपत्ति यंग इंडियन को गलत तरीके से स्थानांतरित की गई थी, आरोप है कि संपत्तियों का उपयोग करके फर्जी लेन-देन के जरिए लाखों-करोड़ों की रकम जुटाई गई। फर्जीदान, फर्जी अग्रिम किराया और फर्जी विज्ञापन के रूप में अवैध आय अर्जित की गई। जांच में पाए गए ऐसे ही दस्तावेजी साक्ष्यों के आधार पर अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया गया है। याद रहे ईडी ने 2021 से इस मामले की जांच कर रही है। ईडी ने जून 2022 में राहुल गांधी से पांच दिन में पचास घंटे और जुलाई 2022 में सोनिया गांधी से तीन दिन में करीब 12 घंटे पूछताछ की थी। इस मामले में मां-बेटे दिसंबर 2019 से जमानत पर हैं। वास्तव में अब जरूरत तो यह है कि एक जिम्मेदार और अनुभवी राजनीतिक दल होने के नाते सोनिया और राहुल समेत सभी आरोपियों को अपने निर्दोश होने के साक्ष्यों के साथ अदालत में अपना पक्श रखना चाहिए। केंद्र सरकार को जिम्मेदार ठहराने और संसद से सड़क तक हंगामे की बजाय कानूनी प्रक्रिया के अनुरूप व्यवहार जताने की आवश्यकता है, न कि सड़क पर प्रदर्शन की जरूरत? अदालती कार्यवाही पर भी उंगली उठाना, सर्वथा अनुचित आचरण का प्रतीक है। इस मामले में सोनिया गांधी को अपनी सास इंदिरा गांधी से भी प्रेरणा लेने की जरूरत है। उन्होंने अदालत की कार्यवाही का सामना करने में कभी हिचक नहीं दिखाई। रायबरेली चुनाव में धांधली के आरोप की सुनवाई के दौरान श्रीमती गांधी 18 मार्च 1975 को इलाहाबाद उच्च न्यायालय में हाजिर हुई थीं, वह भी प्रधानमंत्री रहते हुए।

कुछ अलग

## जंजाल की जेलें

**दरअसल** जेल बनाने का मूल मकसद देशकाल, परिस्थिति, भावनात्मक उद्वेग या आपराधिक मनोवृत्ति से अपराध की दुनिया में कदम रखने वाले लोगों में सुधार लाना ही रहा है। जिससे भटके हुए लोग समाज की मुख्यधारा से अलग रहकर आत्ममंथन कर सकें। सजा का मकसद दंड के बजाय सुधार रहा है। लेकिन भारतीय जेलें जिस हाल में हैं, उससे यह मकसद पूरा होता नजर नहीं आता। निस्संदेह, देश में जेलें संकटग्रस्त हैं। ये सभ्य नागरिकों की राह से भटके लोगों को भेड़-बकरियों की तरह भरने वाले स्थानों जैसी हैं। इस बाबत इंडिया जस्टिस रिपोर्ट 2025 कमोबेश इन्हीं स्थितियों का खुलासा करती है। वर्ष 2022 तक 4.36 लाख कैदियों के रहने हेतु बनायी गई जेलों में 5.73 लाख कैदी बंद थे। जो निर्धारित से 131 फीसदी अधिक है। अनुमान है कि वर्ष 2030 तक जेलों में कैदियों की संख्या 6.6 लाख तक पहुंच सकती है। जो निर्धारित 5.15 लाख की अनुमानित क्षमता से कहीं अधिक होगी। निस्संदेह, यह संकट अनुमान से कहीं अधिक गहरा है। निश्चित रूप से इसे कैदियों के मानवाधिकार का आपातकाल कहा जा सकता है। लेकिन संकट सिर्फ भीड़भाड़ का ही नहीं है। विडंबना देखिए कि पूरी जेल आबादी के लिये सिर्फ 25 मनोचिकित्सक ही हैं। एक अनुमान के अनुसार वर्ष 2012 के बाद कैदियों में मानसिक रोग दुगने आंके गए हैं। इनमें ज्यादातर वे कैदी हैं जो विचाराधीन हैं। जिनका अपराध तय नहीं हो पाया है। न्यायिक प्रक्रिया में विलंब की कीमत उन्हें चुकानी पड़ रही है। वहीं दूसरी ओर जेलों में चिकित्सा व्यवस्था का संकट भी उतना ही गहरा है। जेलों में चिकित्सा अधिकारियों के 43 फीसदी पद रिक्त पड़े हैं। यह व्यवस्थागत खामियों की ही तसवीर है कि देश की राजधानी में 206 कैदियों पर एक चिकित्सक नियुक्त है। यही वजह है कि उचित देखभाल के अभाव में जेलों में तमाम कैदी मानसिक व शारीरिक कष्ट झेल रहे हैं।

आप का नजरीया

# बिजली को झटका

**जिस** राज्य में उपभोक्ताओं को मुफ्त बिजली दी जा रही हो, वहां बिजली चोरी का चिंताजनक स्थिति तक पहुंच जाना, निश्चित ही गंभीर मसला है। पंजाब राज्य विद्युत निगम लिमिटेड को यदि वर्ष 2024-25 में दो हजार करोड़ रुपये से अधिक का नुकसान हुआ है तो उसकी बड़ी वजह पंजाब में बिजली चोरी का बेहद गंभीर स्थिति को पार कर जाना है। ये नुकसान प्रतिदिन के हिसाब से 5.5 करोड़ रुपये बैठता है। इससे भी अधिक चौंकाने वाली बात तो यह है कि यह नुकसान सिस्टम की विफलता या प्राकृतिक आपदाओं के कारण नहीं हुआ है बल्कि जानबूझ कर सुनियोजित तरीके से की जा रही बिजली चोरी की वजह से हुआ है। राज्य में घाटे में चल रहे लगभग 77 फीसदी फीडर सीमावर्ती और पश्चिमी क्षेत्रों में स्थापित हैं, जिनमें पट्टी, भिखीविंड, अजनाला और जीरा जैसे डिवीजन शामिल हैं, जिनमें से कई संगठित बिजली चोरी के लिए कुख्यात हैं। भूमिगत कुंडी कनेक्शन से लेकर मीटर से छेड़छाड़ और पिलर बॉक्स को निष्क्रिय करके चोरी करना एक आम तरीका बन गया है। आरोप है कि ये चोरी आमतौर पर राजनीतिक व धार्मिक संस्थाओं के संरक्षण में होती है। दरअसल, इस विडंबना को नजरअंदाज करना मुश्किल है कि जबकि लोगों को पहले ही छह सौ यूनिट तक सब्सिडी वाली यानी कि मुफ्त बिजली का लाभ उठाने का मौका मिल रहा है, लेकिन इसके बावजूद बिजली चोरी की प्रवृत्ति कम नहीं हो रही है। दरअसल, पंजाब राज्य विद्युत निगम लिमिटेड का संकट यहीं खत्म नहीं हो जाता। पीएसपीसीएल कुप्रबंधन व व्यवस्थागत संकटों से भी गंभीर रूप से जूझ रहा है। पंजाब राज्य विद्युत निगम लिमिटेड कर्मचारियों की भारी कमी की चुनौतियों से जूझ रहा है। बिजली विभाग में 4900 से अधिक लाइनमैनों के पद स्वीकृत हैं, लेकिन फिलहाल केवल 1313 लाइनमैन काम कर रहे हैं। अकेले लुधियाना में ही जूनियर इंजीनियर के आधे पद खाली हैं। बिजली चोरी रोकने तथा बेहतर व्यवस्था के लिये कर्मचारी भर्ती अभियान को गति दी जानी चाहिए। दरअसल, पीएसपीसीएल में पर्याप्त कर्मचारी न होने के कारण विभागीय कार्यक्षमता बुरी तरह से प्रभावित है। जब भी किसी इलाके में विद्युत आपूर्ति व्यवस्था में किसी तरह का व्यवधान उत्पन्न होता है तो तत्काल कार्रवाई बिजली बहाल करने के लिये नहीं हो पाती। फलतः लंबे समय तक बिजली गुल रहने से लोगों की नाराजगी लगातार बढ़ती है। विभाग में पक्के मुलाजिमों की नियुक्ति न होने पर कम वेतन पाने वाले संविदा कर्मचारियों के जरिये व्यवस्था बनाने की कोशिश होती है। जिसके चलते संविदा कर्मचारियों द्वारा अकसर आंदोलन किया जाता है। वे खुद को पक्का करने की मांग करते रहते हैं। उनका आरोप होता है कि कम वेतन देकर उनसे ज्यादा काम कराया जाता है। जानकार मानते हैं कि सिर्फ संविदा कर्मचारियों पर अत्याधिक निर्भरता केवल तदर्थवाद को ही बढ़ाएगी। हालांकि, नियामक आयोग ने इस गड़बड़ी को भी चिन्हित किया है। लेकिन इससे ही समस्या का समाधान संभव नहीं है, संकट के निराकरण को गंभीर प्रयासों की जरूरत महसूस की जा रही है। इस समस्या का व्यापक स्तर पर समाधान तभी संभव है जब राज्य के नेतृत्व द्वारा इच्छा-शक्ति को दर्शाया जाएगा। समय की मांग है कि भारी घाटे वाले फीडरों में वित्तीय प्रबंधन के लिये लक्षित कार्रवाई की जाए। साथ ही लोगों को ईमानदारी से बिजली के उपयोग के लिये प्रोत्साहित किया जाए। उम्मीद की जानी चाहिए कि छेड़छाड़ न किये जा सकने वाले स्मार्ट मीटर लगाने से बिजली चोरी की घटनाओं पर अंकुश लग सकेगा। इस दिशा में उठाए गए कदम समस्या का वास्तविक निस्तारण करने वाले होने चाहिए। साथ ही बिजली चोरी रोकने के लिये सख्त दंड का भी प्रावधान किया जाना जरूरी है। बिजली चोरी में लिप्त लोगों की पहचान होने पर उन्हें दंडित किया जाना जरूरी है। साथ ही ऐसे लोगों को मुफ्त बिजली पाने की योजना का लाभ उठाने के अधिकार से भी वंचित किया जाना चाहिए। दरअसल, सख्त व पारदर्शी दंड व्यवस्था ही चोरी की प्रवृत्ति पर अंकुश लगा सकती है।

देश दुनीया से

# अधिक निवेश से गहन तकनीक को संबल

**भारतीय** स्टार्टअप्स (नव उद्यमों) के ध्यान के केंद्र को लेकर वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल द्वारा की गई टिप्पणी से शुरू हुई बहस नवाचार और रोजगार सृजन के इर्द-गिर्द घूमती रही। मंत्री जी चाहते हैं कि हमारे स्टार्टअप्स आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), रोबोटिक्स, इलेक्ट्रिक मोबिलिटी और ग्लोबल लॉजिस्टिक्स जैसे डीप टेक (गहन तकनीकी) क्षेत्रों में काम करें। जिस तरह सरकार स्टार्टअप्स को बढ़ावा देना चाह रही है, दरअसल, विशाल आकार वाले हमारे उपभोक्ता बाजार से जितने अवसर बन सकते हैं, उसके मद्देनज़र यह अपेक्षा करना उचित भी है। हालांकि, जिस स्थिति का बखान मंत्री महोदय ने किया, उसके पीछे की वजहों पर जब तक हम ध्यान नहीं देंगे, तब तक स्टार्टअप्स के लिए उनकी इस उम्मीद पर खरा उतरना मुश्किल होगा। अधिकांश भारतीय स्टार्टअप्स ने नई तकनीकों के अनुप्रयोग और अपनाने में काफी अच्छा प्रदर्शन किया है, लेकिन बहुत कम स्टार्टअप्स नई तकनीक को विकसित करने, उसका व्यवसायीकरण करने या फिर भारतीय संस्थाओं द्वारा विकसित तकनीकों एवं खोजों को उद्यमशील उपक्रमों में फलीभूत करने का काम कर रहे हैं। प्रौद्योगिकी विकास को मौलिक अनुसंधान, विश्वविद्यालयों के साथ समन्वय और यथेष्ट जनशक्ति की आपूर्ति वाले पारिस्थितिकी तंत्र की आवश्यकता होती है। भारत ने तकनीकी सेवाओं में अच्छा प्रदर्शन किया है क्योंकि इस क्षेत्र के लिए सुयोग्य इंजीनियरिंग जनशक्ति पर्याप्त मात्रा में थी और इस व्यवसाय में मौलिक शोध की आवश्यकता नहीं पड़ती। देश ने शोध प्रणाली, शिक्षाविदों को साथ




जोड़कर और प्रशिक्षित जनशक्ति के साथ जीवन विज्ञान क्षेत्र में ठीक-ठाक प्रदर्शन किया है। विदेशी कंपनियों के आउटसोर्स रिसर्च एंड डेवेलपमेंट केंद्रों में काम करने वाले भारतीय उनके लिए नए उत्पाद और बौद्धिक संपदा विकसित कर रहे हैं। वे ऐसा इसलिए कर पाते हैं क्योंकि वहां उन्हें भरपूर निवेश का फायदा प्राप्त होता है और तमाम जरूरी उपकरण उपलब्ध हैं। डीप टेक क्षेत्र अत्याधुनिक खोजों और उच्च-स्तरीय नवाचार द्वारा संचालित होते हैं, जो आगे चलकर बुनियादी शोध और विश्वविद्यालयों के उन्नयन में गहन और निरंतर निवेश के माध्यम से ही प्राप्त हो सकते हैं। जब देश अपने सकल घरेलू उत्पाद का 1 प्रतिशत से भी कम अनुसंधान और विकास पर खर्च करेगा, तो स्टार्टअप्स से बिल्कुल नई चीज़ें बनाने की उम्मीद करना अवास्तविक होगा। उदाहरण के लिए, पिछले कुछ वर्षों से भारत में सुर्खियों में रहने वाले डीप टेक विषयों में एक है क्वांटम कंप्यूटिंग। सरकार ने 2031 तक 6,000 करोड़ रुपये (लगभग 735 मिलियन डॉलर) के वित्तपोषण के साथ राष्ट्रीय क्वांटम मिशन (जिसमें मुख्य ध्यान का केंद्र क्वांटम कंप्यूटिंग पर है) बनाने की घोषणा की है। देखने में यह एक बड़ी राशि लग सकती है, लेकिन अन्य देशों की तुलना में यह कुछ भी नहीं है – चीन ने अपनी क्वांटम प्रौद्योगिकी पहल के वास्ते 15 बिलियन डॉलर का सार्वजनिक निवेश आरक्षित कर रखा है। किसी भी क्षेत्र में शोध पत्रों का प्रकाशन मौलिक शोध का एक अन्य महत्वपूर्ण अवयव होता है। चीन का राष्ट्रीय प्राकृतिक विज्ञान फाउंडेशन क्वांटम कंप्यूटिंग अनुसंधान प्रकाशनों में अपने अमेरिकी समकक्षों से काफी आगे है। हालांकि जब बात पेटेंट की आती है तो आईबीएम, माइक्रोसॉफ्ट और गूगल के अलावा डी-वेव और क्वांटिनम जैसी विशेषज्ञ क्वांटम कंपनियों के पास क्वांटम कंप्यूटिंग से संबंधित पेटेंट बड़ी संख्या में हैं। ये क्वांटम सॉफ्टवेयर स्टैक के मूल स्रोत हैं, जिन पर अन्य कंपनियां निर्भर करती हैं। नतीजतन, इस क्षेत्र में हमारी निर्भरता भविष्य में अंतरराष्ट्रीय कंपनियों पर बढ़ती जाएगी, क्योंकि ऊर्जा से लेकर चिकित्सा तक के क्षेत्रों में समस्याओं के समाधान के लिए डीप टेक का इस्तेमाल पहले से हो रहा है। एक उदाहरण है, नई बैटरी सामग्री की खोज के लिए एआई और उच्च-प्रदर्शन कंप्यूटिंग (हाई परफॉर्मेंस कंप्यूटिंग) का संयोजन। हैरानी की बात है कि माइक्रोसॉफ्ट द्वारा विकसित एक एआई मॉडल का उपयोग करके, अमेरिकी ऊर्जा विभाग के पैसिफिक नॉर्थवेस्ट नेशनल लेबोरेटरी के वैज्ञानिक 32 मिलियन संभावित उम्मीदवार सामग्रियों की स्क्रीनिंग करने में सक्षम हुए। वे एक ऐसी नई सामग्री का पता लगा पाए हैं जिसमें लिथियम इलेक्ट्रोलाइट की जरूरत को लगभग 70 प्रतिशत तक कम किया जा सकता है। इस महत्वपूर्ण कार्य का नेतृत्व वैज्ञानिक विजय मुरुगेसन ने किया, जिन्होंने तमिलनाडु के भारथिअर विश्वविद्यालय से पीएचडी की है।

भारत की विरासत

## महाराष्ट्र

# एलोरा की गुफाएं



*गुफाएँ 6वीं और 10वीं शताब्दी के बीच निर्मित हिंदू, जैन और बौद्ध धार्मिक कला का मिश्रण प्रदर्शित करती हैं। इन गुफाओं में धार्मिक नक्काशी के साथ 34 चट्टानी मंदिर और मठ हैं। ये गुफाएँ हिंदू और जैन दोनों संस्कृतियों का प्रतिनिधित्व करने वाली धार्मिक विविधताओं का प्रतीक हैं। दुनिया भर में सबसे बड़ी अखंड संरचनाओं में से एक गुफा 16 में भगवान शिव की प्रतिमा है जो भक्ति के साथ विस्मित करने के लिए एक कलात्मक उत्कृष्टता है। चालुक्य, राष्ट्रकूट और यादव जैसे राजवंशों के प्रभाव को इन गुफाओं के डिजाइनों में योगदान करते हुए देखा जा सकता है। ये गुफाएँ पर्यटकों को समृद्ध सांस्कृतिक और विरासत महत्व के साथ समृद्ध अनुभव प्रदान करती हैं।*

दृष्टि कोण

# खाद्य और जल सुरक्षा को गंभीर चुनौती

**ग्लेशियरों** का तेजी से पिघलना वैश्विक जलवायु संकट का गंभीर संकेत है। यूनेस्को की विश्व जल विकास रिपोर्ट 2025 के अनुसार, यदि यह प्रक्रिया यूं ही जारी रही तो इसके परिणाम विनाशकारी होंगे। इससे दो अरब से अधिक लोगों को पानी और भोजन की भारी किल्लत झेलनी पड़ सकती है। ग्लेशियर पृथ्वी के जल चक्र को संतुलित रखने में अहम भूमिका निभाते हैं, और इनके पिघलने से नदियों का अस्तित्व संकट में पड़ रहा है। जलवायु परिवर्तन के कारण ग्लेशियरों का तेजी से पिघलना और पर्वतीय क्षेत्रों में घटती बर्फबारी पूरी दुनिया की खाद्य और जल सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा बन चुकी है। दुनिया में मौजूद 2.75 लाख से अधिक ग्लेशियरों का सात लाख वर्ग किलोमीटर क्षेत्र जलवायु परिवर्तन की मार झेल रहा है। संयुक्त राष्ट्र और विश्व मौसम विज्ञान संगठन के अनुसार, सभी 19 ग्लेशियर क्षेत्रों में लगातार तीन वर्षों से नुकसान देखा गया है, जिनमें नार्वे, स्वीडन और स्वालबार्ड जैसे क्षेत्र सबसे अधिक प्रभावित हैं। कोलोराडो नदी का सूखना इस संकट की भयावहता को दर्शाता है। यूनेस्को के अनुसार, दुनिया के 70 फीसदी पेयजल का स्रोत ग्लेशियर ही हैं और इनके विलुप्त होने से जल संकट और भी विकराल हो सकता है। नासा और नेशनल स्नो एंड आइस डेटा सेंटर के शोध के अनुसार वर्ष 2010 से अब तक आर्कटिक और अंटार्कटिका की बर्फ में लाखों वर्ग किलोमीटर की कमी आ चुकी है। वर्तमान में वहां केवल 143 लाख वर्ग किलोमीटर बर्फ शेष रह गई है, जो 2017 के रिकॉर्ड निचले स्तर से भी कम है। वर्ष 2000 से 2023 के बीच ग्रीनलैंड और अंटार्कटिका के ग्लेशियरों से हर साल करीब 270 अरब टन बर्फ पिघल रही है, जो वैश्विक आबादी द्वारा 30 वर्षों में उपयोग किए जाने वाले पानी के बराबर है। नासा के वैज्ञानिक लिनेन बोइसवर्ट के अनुसार, अगली गर्मियों में और भी कम बर्फ बचने की आशंका है। इसका मुख्य कारण मानवीय गतिविधियों द्वारा तापमान में हुई वृद्धि है, विशेषकर जीवाश्म ईंधनों के अत्यधिक उपयोग से। जैसे-जैसे वैश्विक तापमान बढ़ता है, ग्लेशियर बनने की तुलना में कहीं अधिक तेजी से पिघलते हैं, जिससे उनका अस्तित्व खतरे में पड़ रहा है। यह संकट केवल बर्फ के खत्म होने का नहीं, बल्कि पृथ्वी पर जीवन के अस्तित्व पर मंडराते खतरे का संकेत है। सरकारी रिपोर्टों और वैज्ञानिक अध्ययनों के अनुसार, हिमालयी ग्लेशियर जलवायु परिवर्तन के कारण अलग-अलग दरों से तेज़ी से पिघल रहे हैं। यह न केवल पर्यावरणीय



असंतुलन का संकेत है, बल्कि दक्षिण एशिया की लगभग 160 करोड़ आबादी के लिए जल संकट और प्राकृतिक आपदाओं का खतरा भी बढ़ा रहा है। करीब 33,000 वर्ग किलोमीटर में फैले ये ग्लेशियर ताजे पानी के विशाल भंडार हैं, जिन पर गंगा, सिंधु और ब्रह्मपुत्र जैसी नदियों की जलापूर्ति निर्भर करती है। इन्हें 'एशिया की जल मीनार' और 'दुनिया का तीसरा ध्रुव' कहा जाता है। बीते 40 वर्षों में 440 अरब टन बर्फ हिमालय से पिघल चुकी है, और केवल वर्ष 2010 में ही 20 अरब टन बर्फ का नुकसान हुआ। यह स्थिति और भी चिंताजनक तब हो जाती है जब वैज्ञानिक चेतावनी देते हैं कि यदि वैश्विक तापमान में 1.5 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि होती है तो सदी के अंत तक एक-तिहाई और यदि यह वृद्धि 2 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचती है तो दो-तिहाई हिमालयी ग्लेशियर समाप्त हो सकते हैं। संयुक्त राष्ट्र महासचिव ने चेतावनी दी कि नेपाल के पहाड़ों से एक-तिहाई बर्फ पहले ही खत्म हो चुकी है। भारत और चीन जैसे प्रमुख कार्बन उत्सर्जकों के बीच बसे इस क्षेत्र में नेपाल के ग्लेशियर 65 फीसदी तक पिघल चुके हैं, और अगर यही हाल रहा तो हिंदूकुश-हिमालय क्षेत्र के 75 फीसदी ग्लेशियर इस सदी के अंत तक नष्ट हो सकते हैं। ग्लेशियरों के इस संकट से यह स्पष्ट है कि अब समय शब्दों का नहीं, कार्यों का है। जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता खत्म करना, वैश्विक तापमान वृद्धि को सीमित करना और जल स्रोतों को संरक्षित करना मानवता की सबसे बड़ी प्राथमिकता होनी चाहिए। आर्यभट्ट प्रेक्षण एवं विज्ञान शोध संस्थान नैनीताल एवं दिल्ली विश्वविद्यालय के अध्ययन से पता चला है कि हिमालय में वायु प्रदूषण का मुख्य कारण जीवाश्म ईंधनों का बढ़ता उपयोग है, विशेषकर वाहनों की बढ़ती संख्या के कारण। हिमालयी क्षेत्र अब शहरीकरण और जनसंख्या दबाव से जूझ रहा है।

# अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस 21 की रात पहुंचेंगे जयपुर, चार दिन रुकेंगे



**जयपुर ( हिंस )।** संयुक्त राज्य अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस 21 अप्रैल (सोमवार) को भारत की यात्रा पर आ रहे हैं। दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात के बाद वे उसी रात जयपुर पहुंचेंगे। उनके साथ उनकी पत्नी उषा वेंस, तीन बच्चे-इवान, विवेक और मीराबेल और अमेरिकी प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी भी होंगे। वेंस 24 अप्रैल तक जयपुर में रहेंगे। इस दौरान वे आमेर किला, जयपुर सिटी पैलेस सहित कई ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण करेंगे। वेंस 22 अप्रैल को राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित एक बिजनेस समिट को भी संबोधित करेंगे। राज्य सरकार ने अमेरिकी उपराष्ट्रपति वेंस की यात्रा को लेकर व्यापक तैयारियां की हैं। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शनिवार को मुख्यमंत्री निवास पर अधिकारियों के साथ बैठक कर निर्देश दिए कि यात्रा को ऐतिहासिक और यादगार बनाने के लिए सभी व्यवस्थाएं समय पर पूरी की जाएं। सुरक्षा को लेकर पुलिस विभाग को विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही यातायात व्यवस्था भी सुचारू बनाए रखने के निर्देश दिए गए हैं। राज्य सरकार और सुरक्षा एजेंसियों ने अमेरिकी उपराष्ट्रपति वेंस के जयपुर दौरे को लेकर व्यापक तैयारियां की हैं। उनकी सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस ने चाक-चौबंद इंतजाम किए हैं। वेंस की सुरक्षा में 7 आईपीएस अधिकारी, 20 अतिरिक्त डीसीपी, 40 एसीपी और 300 एसआई, एएसआई व सीआई तैनात किए जाएंगे। इसके अलावा, 2100 कांस्टैबल फील्ड में ड्यूटी पर रहेंगे। वीवीआईपी सुरक्षा के तहत वेंस के काफिले में 20 सरकारी वाहन शामिल होंगे। जयपुर के तीन प्रमुख अस्पतालों को हर ब्लड ग्रुप की 5 यूनिट रक्त रिजर्व में रखने के निर्देश दिए गए हैं। सुरक्षा एजेंसियों की तरफ से चिन्हित अस्पतालों में कार्डियोलॉजिस्ट, ऑर्थोपेडिक, एलर्जी, संक्रामक रोग और त्वचा रोग विशेषज्ञ डॉक्टरों की तैनाती रहेगी। अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त एंबुलेंस और चिकित्सकों की टीम भी हर समय साथ रहेगी। वेंस की टीम जहां भी ठहरेगी, वहां खाद्य सुरक्षा टीम फूड टेस्टिंग की जिम्मेदारी संभालेगी। उपराष्ट्रपति से मिलने वाले या उनके संपर्क में आने वाले सभी व्यक्तियों का कोरोना टेस्ट अनिवार्य किया गया है। इससे पहले अमेरिकी सुरक्षा एजेंसियों के अधिकारियों ने हवा महल, सिटी पैलेस और आमेर किला का निरीक्षण भी किया है। एडिशनल पुलिस कमिश्नर (लॉ एंड ऑर्डर) डॉ. रामेश्वर सिंह ने बताया कि सुरक्षा की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। वेंस के आगमन से लेकर उनके प्रवास तक, हर स्थान पर पुलिस बल की तैनाती की जाएगा ताकि किसी भी प्रकार की चूक न हो। जानकारी के अनुसार अमेरिकी उपराष्ट्रपति वेंस 21 अप्रैल को रात 9-30 बजे जयपुर एयरपोर्ट पहुंचेंगे। इसके बाद वे रात 10 बजे रामबाग पैलेस होटल पहुंचेंगे, जहां वे एक समारोह में भाग लेंगे और वहीं रात्रि विश्राम करेंगे। अगले दिन 22 अप्रैल की सुबह 9 बजे वे आमेर महल का भ्रमण करेंगे, जहां वे लगभग ढाई घंटे रुकेंगे। दोपहर के समय वे राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित बिजनेस समिट में शामिल होंगे। बिजनेस समिट में वेंस भारत-अमेरिका व्यापार संबंधों पर अपने विचार साझा करेंगे। समिट के बाद लंच होगा। कार्यक्रम के बाद वे मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े से भी भेंट करेंगे। उपराष्ट्रपति वेंस 23 अप्रैल को सुबह 9 बजे जयपुर एयरपोर्ट से आगरा के लिए रवाना होंगे और ताजमहल परिसर में लगभग तीन घंटे बिताएंगे। इसके बाद वे दोपहर 2 बजे आगरा से जयपुर लौट आएंगे और उसी दिन जयपुर सिटी पैलेस का दौरा करेंगे। अंततः 24 अप्रैल की सुबह 6-30 बजे वे जयपुर से वाशिंगटन डीसी के लिए प्रस्थान करेंगे। उनके स्वागत के लिए जयपुर एयरपोर्ट पर रेड कारपेट बिछाया जा रहा है और इंटेलिजेंस इनपुट के आधार पर कई स्थानों पर बैरिकेडिंग कर रास्ते बंद किए जाएंगे। डेविड वेंस के मूवमेंट के दौरान अमेरिकी सुरक्षा टीम के साथ-साथ राजस्थान पुलिस की टीमें सादी वर्दी में तैनात रहेंगी। आमेर महल में वेंस और उनके परिजनों को जोधपुरी साफा पहनाकर पारंपरिक राजस्थानी अंदाज में स्वागत किया जाएगा। उनके लिए कठपुतली नृत्य, लोक संगीत, पारंपरिक पोशाक और भोजन का आयोजन किया जाएगा। आमेर महल में 12 गाइडों को सुरक्षा जांच के बाद नियुक्त किया गया है। महल में उनके भ्रमण के दौरान आम पर्यटकों की एंट्री बंद रहेगी। आमेर महल के अधीक्षक डॉ. राकेश छोलक ने बताया कि वेंस का आगमन 22 अप्रैल को सुबह 9 बजे निर्धारित है और वे लगभग ढाई घंटे महल में रहेंगे। सुरक्षा की दृष्टि से चप्पे-चप्पे पर सुरक्षाकर्मी तैनात रहेंगे और महल का रिनोवेशन कार्य भी पूरा कर लिया गया है। जानकारी के अनुसार दिल्ली में वेंस का स्वागत विदेश मंत्री एस. जयशंकर करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी से उनकी मुलाकात के दौरान राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल भी उपस्थित रहेंगे। जयशंकर 22 अप्रैल को आमेर भ्रमण के दौरान भी मौजूद रह सकते हैं। यह यात्रा विशेष रूप से ऐतिहासिक मानी जा रही है क्योंकि 13 वर्षों बाद कोई अमेरिकी उपराष्ट्रपति भारत आ रहे हैं। इससे पहले वर्ष 2013 में जो बाइडेन उपराष्ट्रपति के रूप में भारत आए थे।

# इंश्योरेंस कंपनी का डेटा बेचने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**गुरुग्राम ( हिंस )।** इंश्योरेंस कंपनी का डेटा बेचने और लीक करने के मामले में दो लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। रविवार को पुलिस प्रवक्ता संदीप कुमार ने बताया कि पुलिस ने दोनों ही आरोपियों को दिल्ली से काबू किया है। आरोपियों की पहचान मोहम्मद अंजुम परवेज और विश्वास गुप्ता के रूप में हुई है। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार 22 फरवरी 2025 को थाना साईबर अपराध दक्षिण, गुरुग्राम में एक लिखित शिकायत मिली थी। शिकायत में आरोप था कि आरोपियों ने एक इंश्योरेंस कंपनी का डाटा लीक होने तथा डाटा लीक करने वाले व्यक्ति द्वारा डेटा डिलीट करने के नाम पर रुपये मांग रहे हैं। शिकायत मिलते ही थाना साईबर अपराध पुलिस ने विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। सहायक पुलिस आयुक्त साइबर अपराध के निर्देश पर पुलिस टीम का गठन किया गया है। पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को दिल्ली से काबू किया। आरोपियों की पहचान मोहम्मद अंजुम परवेज निवासी गांव शकूरपुर दिल्ली व विश्वास गुप्ता निवासी प्रधान एंक्लेव बुराड़ी, दिल्ली के रूप में हुई। पुलिस पूछताछ में आरोपी मोहम्मद अंजुम परवेज ने बताया कि वह पहले कॉल सेंटर में काम करता था। वहां उसकी पहचान विश्वास गुप्ता से हुई और उसने विश्वास गुप्तासे इंश्योरेंस कंपनी का डाटा लिया था। विश्वास गुप्ता ने भी यह डेटा किसी दूसरे व्यक्ति से लिया था। पुलिस अब आरोपियों से और भी पूछताछ कर रही है ताकि साइबर अपराध से जुड़े और मामले

# केंद्र व प्रदेश के लिए जल्द होगी भाजपा अध्यक्ष के नाम की घोषणा : कृष्णपाल गुर्जर



**फरीदाबाद ( हिंस )।** फरीदाबाद में केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि देश और प्रदेश के लिए जल्द ही नए अध्यक्षों की घोषणा होगी। मंत्री ने रविवार को सेक्टर 23 के वार्ड नंबर 5 में एक करोड़ 64 लाख रूपए के विकास कार्यों का शिलान्यास किया। गुर्जर ने कहा कि प्रदेश और देश में अध्यक्षों के लिए चुनावी प्रक्रिया चल रही है। जल्द ही केंद्र और प्रदेश के लिए अध्यक्ष के नाम की घोषणा कर दी जाएगी। गुर्जर ने कांग्रेस के संगठन चुनाव को लेकर कोई प्रतिक्रया नही दी। उन्होंने कहा कि वह उनकी पार्टी का निजी मामला है। हमारी पार्टी का ऐजेंडा केवल विकास है और वह उसी को लेकर काम कर रहे है। केंद्रीय राज्यमंत्री ने कहा कि इलाके में एक करोड़ 20 लाख रुपए की लागत से 32 गलियों को आरएमसी के माध्यम से बनाया जा रहा है। वही साथ ही इलाके में सौंदर्यीकरण के लिए टाइल भी लगाए जा रहे हैं। इसके अलावा गर्मियों को देखते हुए लोगों को पानी की दिक्कत ना हो, इसलिए 22 लाख रुपए की लागत से दो ट्यूबवेल भी लगाए जा रहे हैं। जिससे लोगों को पानी की दिक्कत से निजात मिल सके। उन्होंने ने कहा कि गर्मियों के मौसम में पानी की जरूरत बढ़ जाती है, इसीलिए कई बार पानी की समस्या सामने आती है। लेकिन अब एक बड़ी योजना बनाई जा रही है जिसके चलते रेनीवेल के माध्यम से अगले एक डेढ़ साल में एनआईटी विधानसभा को पानी मिलना शुरू हो जाएगा और इलाके में पानी की दिक्कत पूरी तरह खत्म हो जाएगी।

# ट्रैफिक कंजेशन के चलते दिल्ली की फ्लाइट जयपुर डायवर्ट

## मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने जताई नाराजगी

**जयपुर ( हिंस )।** दिल्ली एयरपोर्ट पर शनिवार रात हवाई यातायात अधिक होने के कारण इंडिगो एयरलाइंस की फ्लाइट को जयपुर के लिए डायवर्ट किया गया। जयपुर में यह फ्लाइट देर रात 12-20 बजे लैंड हुई। इस विमान में जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला और उपराज्यपाल मनोज सिन्हा अपने परिवार के साथ सवार थे। जयपुर पहुंचने के बाद सभी यात्री लगभग ढाई घंटे तक दोबारा उड़ान भरने का इंतजार करते रहे। दिल्ली एयरपोर्ट से जयपुरके लिए डायवर्ट की गई इंडिगो एयरलाइंस की फ्लाइट (6श्व-5054) को एयर ट्रैफिक कंट्रोल यूनिट ने जयपुर एयरपोर्ट पर रात 12-20 बजे लैंड कराया गया। यहां भी यात्रियों को लगभग ढाई घंटे तक रोका रखा गया। इस घटनाक्रम से नाराज जम्मू कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म *एक्स* पर लिखा कि दिल्ली एयरपोर्ट बकवास है (मेरी फ्रेंच भाषा के लिए क्षमा करें, लेकिन मैं विनम्र होने के मूड में नहीं हूं)। जम्मू से हवा में तीन घंटे बिताने के बाद, हमें जयपुर डायवर्ट कर दिया गया। मैं यहां रात 1 बजे विमान की सीढ़ियों पर ताजी हवा ले रहा हूं। मुझे नहीं पता कि हम यहां से किस समय निकलेंगे। बाद में उन्होंने एक और पोस्ट में जानकारी दी कि वे सुबह 3 बजे के बाद दिल्ली पहुंचे। उल्लेखनीय है कि श्रीनगर से उड़ान भरने वाली यह फ्लाइट शाम 9-25 बजे दिल्ली के लिए रवाना हुई थी। निर्धारित समय के अनुसार इसे रात 10-30 बजे दिल्ली पहुंचना था, लेकिन व्यस्त एयर ट्रैफिक के चलते विमान को लगभग दो घंटे तक हवा में चक्कर काटने पड़े। रात 12-20 बजे फ्लाइट को जयपुर में उतारा गया। लगभग दो घंटे बाद यानी रात 2-15 बजे फ्लाइट दोबारा दिल्ली के लिए रवाना हुई और यात्री अंततः सुबह 3 बजे के बाद दिल्ली पहुंचे।

# पीएचईडी के अधीक्षण अभियंता के 19 ठिकानों पर एसीबी की कार्रवाई



**जयपुर ( हिंस )।** राजस्थान भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग (पीएचइडी) के अधीक्षण अभियंता अशोक जांगिड़ के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति के मामले में बड़ी कार्रवाई की है। रविवार सुबह शुरू हुई छापेमारी जयपुर, कोटपूतली, अजमेर, टोंक, उदयपुर और बांसवाड़ा सहित 6 जिलों के 19 ठिकानों पर की जा रही है। एसीबी के अनुसार अशोक जांगिड़ ने सरकारी सेवा में रहते हुए अपनी ज्ञात आय से 161 प्रतिशत अधिक, लगभग 11.50 करोड़ रुपये की संपत्ति अर्जित की है। इसके प्रमाण मिलने पर ब्यूरो ने एक साथ दो दर्जन से अधिक टीमों को कार्रवाई में लगाया, जिसमें 250 से ज्यादा अधिकारी और कर्मचारी शामिल हैं। जांच में पता चला कि अशोक जांगिड़, उनकी पत्नी सुनीता शर्मा और पुत्र निखिल जांगिड़ के नाम पर कुल 54 अचल संपत्तियां दर्ज हैं। इनमें जयपुर, पावटा (कोटपूतली), श्रीमाधोपुर, मौजमाबाद, उदयपुर, अजमेर, मालपुरा और श्रीमोहनगढ़ (जैसलमेर) जैसे शहरों में स्थित मकान, दुकानें, फार्महाउस, खनिज लीज और व्यावसायिक भूखंड शामिल हैं। जांच में सामने आया कि निखिल जांगिड़ के नाम पर विभिन्न स्थानों पर 5 खनिज लीज हैं। उनके द्वारा संचालित फर्म के तहत उदयपुर जिले में खनन कार्य किया जा रहा है। इन लीजों पर क्रेशर, पोकलेन, एलएंडटी मशीन, ब्लास्टिंग मशीन, डंपर जैसे भारी उपकरणों में करोड़ों रुपये निवेश किए गए हैं। परिवार के नाम कुल 22 बैंक खातों का पता चला है, जिनमें लगभग 21 लाख रुपये की राशि पाई गई है। वहीं, बच्चों की शिक्षा, कोचिंग और उच्च अध्ययन पर करीब 30 लाख रुपये का खर्च किया गया है। जिन स्थानों पर सर्च ऑपरेशन जारी है, उनमें जयपुर का गुलमोहर लेन स्थित मकान, बनीपार्क व बिंदायका की दुकानें, पावटा स्थित निवास व फार्महाउस, बुचारा व श्रीमाधोपुर की खनिज लीज, उदयपुर की यूएन मिनरलस फर्म, अजमेर व मालपुरा के खनिज पट्टे और बांसवाड़ा स्थित कार्यालय व निवास शामिल हैं। साथ ही खनिज विभाग और उप पंजीयक कार्यालयों से भी संबंधित रिकॉर्ड जब्त किए जा रहे हैं। एसीबी की यह कार्रवाई फिलहाल जारी है और आगे और खुलासों की संभावना जताई जा रही है।

# पुलिस ने स्पा सेंटर पर छापा मारकर पकड़ी छह विदेशी युवतियां

**लखनऊ ( हिंस )।** सुशांत गोल्फ सिटी थाना पुलिस ने रविवार को लुलु मॉल के पीछे बने स्पा सेंटर पर छापा मारा। यहां से छह थाईलैंड युवतियां पकड़ी गई, जो बिना वर्क वीजा के काम कर रही थी। पुलिस ने युवतियों के बारे में एंबेसी को जानकारी देते हुए संचालिका के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। मोहनलालगंज के एसीपी रजनीश वर्मा ने बताया कि पुलिस ने लुलु मॉल के पीछे बने स्काई इन प्लाजा में चल रहे ब्लू बेरी थाई स्पा सेंटर पर छापा मारा। मौके से छह थाई युवतियां पकड़ी गई है। पूछताछ में इन्होंने अपने नाम न्यूचनरत खानख्वां, श्रीरावन विंगेट, नफवां आडिनफिन, सुपात्र लोहचाई, विजिटर चिमटी और न्यूचनरत त्यागकर्तिक बताया। युवती न्यूचनरत ने बताया कि वो यहां की देखरेख करती है। संचालिका सिमरन सिंह वाराणसी में रहती है। कभी-कभी लखनऊ आती है। स्पा सेंटर में काम करने वाली सभी लड़कियां रात में यहीं ठहरती है।

# दो माह में पूरा होगा जींद में देश के पहले हाइड्रोजन प्लांट का निर्माण कार्य, चलेगी हाईड्रोजन ट्रेन



**जींद ( हिंस )।** उत्तर रेलवे दिल्ली महाप्रबंधक अशोक वर्मा रविवार को जींद जंक्शन पहुंचे और रेलवे स्टेशन और हाइड्रोजन प्लांट का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान महाप्रबंधक ने दावा किया कि आगामी दो माह में देश के पहले हाइड्रोजन प्लांट का निर्माण कार्य पूरा हो जाएगा। इस दौरान रेलवे यूनियन नेताओं ने भी महाप्रबंधक से मुलाकात की और मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। उन्होंने रेलवे कर्मचारियों को आश्वासन दिया कि मांगों व समस्याओं का तुरंत समाधान किया जाएगा। महाप्रबंधक अशोक वर्मा ने निरीक्षण के दौरान रेलवे कर्मचारियों की समस्याओं को भी सुना। उन्होंने जींद में वाशिंग लाइन जो अभी 17 कोच की है, उसको बढ़ाकर 23 कोच की करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से इस बारे में चर्चा की और कहा कि छह कोच की लाइन को बढ़ाने के लिए जिस भी चीज की जरूरत है, उसकी तैयारी पूरी की जाए। इसके अलावा रेलवे जंक्शन के नए के जीर्णोद्धार का कार्य अगस्त सतंबर तक पूरा हो जाएगा। इसमें फुट ओवरब्रिज का काम बकाया है और इसे जल्दी पूरा हो जाएगा। इससे प्लेटफार्म नंबर एक से दो पर आने जाने में आसानी होगी। अभी दो प्लेटफार्म है और दोनों को एक दूसरे से जोड़ा जा रहा है। अशोक वर्मा ने बताया कि देश की पहली हाईड्रोजन ट्रेन जुलाई माह में पटरी पर दौड़ती हुई नजर आएगी। यह ट्रेन जींद से सोनीपत के बीच चलेगी। रेलवे जंक्शन के निकट बनाए जा रहे हाईड्रोजन प्लांट का निर्माण आगामी दो महीने में पूरा हो जाएगा। चेन्नई में बन रही हाईड्रोजन ट्रेन को जींद लाया जाएगा। इसके बाद ट्रेन का ट्रायल लिया जाएगा और उसके बाद सुचारू रूप से जींद से सोनीपत के बीच ट्रेन का आवागमन शुरू हो जाएगा।

# वक्फ कानून को लेकर विपक्ष के फैलाए जा रहे झूठ को बेनकाब करेगी भाजपा




**प्रयागराज ( हिंस )।** भारतीय जनता पार्टी वक्फ अधिनियम को लेकर विपक्ष के द्वारा फैलाई जा रही झूठ एवं भ्रम को बेनकाब करने के लिए 20 अप्रैल से 5 मई तक वक्फ सुधार जन जागरण अभियान चलाएगी। इसे सफल बनाने के लिए महानगर द्वारा संपर्क, संवाद और अन्य कार्यक्रमों की श्रृंखला की तैयारी की जा रही है। यह जानकारी भाजपा मीडिया प्रभारी राजेश केसरवानी ने देते हुए बताया कि जिला संयोजक से लेकर मंडल और प्रदेश स्तर तक एक टोली बनाई जाएगी। इस अभियान में मंत्री, सांसद, विधायक, महापौर, जिलाध्यक्ष समेत सभी पदाधिकारी लगाए गए हैं। यह जनजागरण अभियान सभी बूथों तक जाएगा। प्रदेश स्तर पर कार्यशाला होने के बाद क्षेत्रीय व जिला स्तर पर कार्यशाला होगी। इसके बाद मंडल स्तर पर कार्यक्रम होंगे। घर-घर संपर्क किया जाएगा, पम्पलेट लेकर कार्यकर्ता प्रचार करेंगे। इसमें कई वृहद स्तर पर महिलाओं के कार्यक्रम होंगे। कार्यक्रमों के जरिए महिलाओं को जागृत किया जाएगा। मीडिया प्रभारी ने बताया कि इस अभियान के अंतर्गत पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा सभी मंडलों में जहां गरीब और पिछड़े पसमांदा मुस्लिम समाज के लोग रहते हैं वहां नुक्कड़ सभा होगी और विधेयक के पीछे का सच बताया जाएगा। उनके बीच संपर्क करेंगे और उन्हें बताया जाएगा कि इस विधेयक के अंतर्गत गरीब मुस्लिम को उनका हक मिलेगा। कमजोर वर्ग के लोगां के लिए अवैध कब्जों से मुक्त होने वाली सम्पत्ति पर स्कूल कालेज और अस्पताल खोले जाएंगे और वक्फ संपत्तियों को निजी सम्पत्ति बनाने वाले बेनकाब होंगे। मुस्लिम समाज के धार्मिक मामलों में कोई दखल नहीं दिया जाएगा और मुस्लिमों की संपत्तियां सरकार उन्हीं की बेहतरी के लिए प्रयोग करेगी।

# मोतिहारी में 6 साइबर फ्रॉड गिरफ्तार पाकिस्तान एवं नेपाल से कनेक्शन आया सामने

## करोड़ों के लेन-देन के मिले सबूत



**पूर्वी चंपारण ( हिंस )।** जिला साइबर थाना की पुलिस की टीम ने पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात के निर्देश पर पूर्वी चंपारण जिला के पहाड़पुर स्थित सिसवा बाजार से साइबर फ्रॉड करने वाले एक बड़े गिरोह का खुलासा करते हुए गिरोह के छह बदमाशों को गिरफ्तार किया है। बताया गया है, कि इस गिरोह का नेटवर्क नेपाल से लेकर पाकिस्तान तक फैला है, जिसका बड़ा सबूत भी पुलिस को मिला है। पुलिस टीम इस गिरोह के सभी लिंकेज को खंगालने में जुटी है। पुलिस ने इन अपराधियों के पास से 10 स्मार्ट फोन, एक की-पैड फोन, 8 एटीएम कार्ड, 19 सिमकार्ड, विभिन्न बैंकों के 15 पासबुक व 66 हजार चार सौ रुपये नगद बरामद किया है। एसपी स्वर्ण प्रभात ने बताया कि बदमाशों के पास से बरामद सिमकार्ड व पासबुक को लेकर देश के कई राज्यों में शिकायत दर्ज है। पकड़े गए अपराधियो की पहचान पहाड़पुर के सिसवा बाजार निवासी अभिमन्यु कुमार उर्फ लालू, इमामुद्दीन अंसारी, क्यामू अंसारी, सहजाद आलम, सरवर सुलतान व मनोवर आलम के रूप में हुई है, जिसने पूछताछ के दौरान नेपाल और पाकिस्तान से कनेक्शन होने का खुलासा किया है। इसके साथ ही इनलोगो ने विदेश में बैठे साइबर फ्रॉड के एक मास्टर माइंड मोहम्मद इब्राहिम के नाम का भी खुलासा किया है। एसपी ने बताया कि अपराधियो के पास से मिले पासबुक से अब तक करोड़ों के फ्रॉड किए जाने का सबूत मिला है। इन पैसो से यह गिरोह क्रिप्टो कैरेंसी खरीद कर यूएस डॉलर में तब्दील करते थे। जिसके लिए यह गिरोह बिमेन एप से यूएसडीटी में बदलकर क्राप्ट ट्रेडिंग कर रहे थे। फिलहाल पुलिस इस अंतर्राष्ट्रीय साइबर फ्रॉड गिरोह से आवश्यक पूछताछ कर रही है।

# कांग्रेस नेताओं को झूठे मुकदमों में उलझाने की कोशिश : मल्लिकार्जुन खड़गे



**पटना ( हिंस )।** कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने दावा किया है कि कांग्रेस नेताओं को झूठे मुकदमे में उलझाने की कोशिशें की जा रही हैं। बिहार के बक्सर में रविवार को एक जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने भाजपा पर षड्यंत्र के आरोप लगाए। खरगे ने दावा किया कि कांग्रेस नेताओं पर पिछले दस साल में अनगिनत रेड हुए लेकिन निकला कुछ नहीं। ईडी ने 193 नेताओं पर केस किया लेकिन केवल दो मामले साबित कर पाये। खरगे का कहना है कि नेशनल हेराल्ड मामले में जिस परिवार को बदनाम करने का प्रयास किया गया, उसके घर का हर सदस्य आजादी के आंदोलन में जेल में रहा। आजादी के पहले आनंद भवन और स्वराज भवन जैसी संपत्ति देश को समर्पित कर दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार कांग्रेस और विपक्षी दलों के साथ दुश्मनों जैसा व्यवहार कर रही है। उन्होंने कहा कि तमाम कोशिशों के बाद भी कांग्रेस न डरने वाली है और न झुकने वाली।

# महाकुंभ में हुई मौतों के आंकड़े छिपा रही भाजपा सरकार उत्तर प्रदेश में बनेगी सपा की सरकार : अखिलेश यादव




**प्रयागराज ( हिंस )।** विश्व के सबसे बड़े धार्मिक आयोजन महाकुंभ को लेकर भाजपा पर तीखा प्रहार करते हुए रविवार को एक निजी कार्यक्रम के तहत प्रयागराज पहुंचे समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि डबल इंजन की सरकार आंकड़े छुपाती रही। उन्होंने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि डिजिटल महाकुंभ का दावा करने वाली सरकार के ड्रोन एवं सीसीटीवी कैमरे हादसे के समय कहां गायब हो गए थे। सोशल मीडिया में हुए प्रचार से लोगों में त्रिवेणी पावन जल के प्रति अथाह आस्था बढ़ गई और करोड़ों श्रद्धालु यहां उस पावन बेला में पुण्य अर्जित करने पहुंचे। लेकिन व्यवस्था ठीक नहीं थी। इनका डिजिटल महाकुंभ अभियान फेल हो गया। लेकिन जब आंकड़ा मांगा जा रहा है तो नहीं दे पा रहें है। मुझे भी एक महाकुंभ कराने का मौका मिला है। उस दौरान जो भी मेरी सरकार द्वारा अनुभव मिला था, उसके आधार पर लगातार हमने सरकार को ट्वीट के माध्यम से सुझाव साझा किया गया। लेकिन भाजपा वाले नकारात्मक बताते रहे और महाकुंभ में यह भी कहा कि युवाओं को रोजगार दिया गया। अब युवा कब तक रोजगार के लिए इंतजार करेंगे। प्रयागवासी महाकुंभ में हाउस अरेस्ट रहे। अखिलेश यादव ने कहा कि महादानी राजा हर्षवर्धन की मूर्ति को वहां से हटा दिया गया। यदि मेरी सरकार बनी तो हम उनकी सोने की मूर्ति बनवाऊंगा। भाजपा नफरत की राजनीति में विश्वास रखती है। जाति, धर्म आगे करके सरकार बना रही है। भाजपा सरकार में दलितों के साथ लगातार अत्याचार हो रहा है। देश में सबसे अधिक उप्र में दलितों के साथ अत्याचार हो रहा है। प्रयागराज में दलित युवक को दबंगों ने जलाकर मार डाला, यह कुछ और नहीं अहंकार ही है। एंग्लो इंडियन का आरक्षण छीन लिया, वक्फबोर्ड के सहारे मस्जिद एवं मठ मंदिरों की जमीनों पर कब्जा करने के लिए संशोधन किया गया है। भाजपा भूमाफिया की पार्टी है। उत्तर प्रदेश में हम पीडीए के मुद्दे पर विधानसभा चुनाव लड़ेंगे और सरकार बनाऐंगे।




# मोटोरोला राझर 60 अल्ट्रा जल्द होगा लांच

नई दिल्ली

स्मार्टफोन बनाने वाली कंपनी मोटोरोला जल्द ही अपने फ्लिप फोन सीरीज के तहत मोटोरोला राझर 60 अल्ट्रा को लॉन्च करने जा रहा है। लॉन्च से पहले राझर 60 अल्ट्रा के स्पेसिफिकेशन्स ऑनलाइन लीक हो गए हैं, जिससे इस फोन के पावरफुल फीचर्स सामने आए हैं।

इन डिवाइसेज़ की घोषणा 24 अप्रैल को संभावित इवेंट में की जा सकती है। रिपोर्ट्स के अनुसार, फोन में 7 इंच का सुपर एचडी एलटीपीओ अमोलेड डिस्प्ले मिलेगा, जो डॉल्बी विजन, 4500 निट्स की पीक ब्राइटनेस और 165एचझेड रिफ्रेश रेट को सपोर्ट करेगा। साथ ही, इसका 4 इंच का ओलेड कवर डिस्प्ले भी 3000 निट्स ब्राइटनेस और 165एचझेड रिफ्रेश रेट से लैस होगा। फोन में स्नैपड्रैगन 8 एलीट चिपसेट दिए जाने की संभावना है। इसे 16जीबी एलपीडीडीआर5एक्स रैम और 512 जीबी यूएफएस 4.0 इंटरनल स्टोरेज के साथ पेश किया जा सकता है। कैमरा सेक्शन में, रेजर 60 अल्ट्रा में 50 मेगापिक्सल का ओआईएस मेन कैमरा और 50 मेगापिक्सल का अल्ट्रावाइड लेंस दिया जा सकता है।

यह डिवाइस एंड्रॉयड 15 आउट ऑफ द बॉक्स पर काम करेगा और इसमें ड्यूल सिम, 5जी, वाय-फाय 7, ब्लूटूथ 5.4, एनएफसी, जीपीएस और यूएसबी टाइप-सी जैसे कनेक्टिविटी फीचर्स मिल सकते हैं। वहीं, सेल्फी के लिए इसमें 50 मेगापिक्सल का फ्रंट कैमरा मौजूद रहेगा। बैटरी के मामले में भी यह फोन दमदार है। इसमें 4700एमएएच की बैटरी दी जा सकती है जो 68वॉट की टर्बो चार्जिंग और 30वॉट की वायरलेस चार्जिंग को सपोर्ट करेगी।

### वनप्लस 13टी 24 अप्रैल को चीन में होगा लॉन्च

**नई दिल्ली।** प्रीमियम स्मार्टफोन वनप्लस 13टी को 24 अप्रैल को चीन में लॉन्च करने जा रही है। वनप्लस 13टी का लॉन्च जैसे-जैसे नजदीक आ रहा है, यूजर्स की उत्सुकता और भी बढ़ती जा रही है। लॉन्च से पहले इस फोन को लेकर कई लीक सामने आ चुकी हैं, जिनमें इसके डिजाइन से लेकर फीचर्स और स्पेसिफिकेशन्स तक की जानकारी दी गई है। हाल में सामने आए एक हैंड्स-ऑन वीडियो में फोन की झलक देखने को मिली, जिससे इसके प्रीमियम लुक की पुष्टि होती है। नई लीक के मुताबिक,वनप्लस 13टी में 50 मेगापिक्सल का सोनी मेन कैमरा और 50 मेगापिक्सल का 2 एक्स टेलीफोटो लेंस दिया जाएगा।

## न्यूज ब्रीफ

### कावासाकी ने भारतीय बाजार में लॉन्च की क्रूजर बाइक एलिमिनेटर



**नई दिल्ली।** जापानी टू-व्हीलर निर्माता कंपनी कावासाकी ने हाल ही में अपडेटेड मॉडल वाली अपनी प्रसिद्ध क्रूजर बाइक एलिमिनेटर को भारतीय बाजार में लॉन्च कर दिया है। यह बाइक नवीनतम तकनीकी और डिज़ाइन फीचर्स के साथ आता है। 2025 कावासाकी एलिमिनेटर में 451 सीसी लिक्विड-कूल्ड 4-स्ट्रोक पैरलल ट्विन इंजन दिया गया है, जो 45पीएस :का पावर और 42.6 एनएम का पीक टॉर्क जनरेट करता है। इस बाइक में हार्डवेयर भी कमाल का है, जैसे डुअल-चैनल एबीएस, डिस्क ब्रेक, टेलिस्कॉपिक फॉर्क, डुअल शॉक एब्जॉर्वर और बहुत कुछ। एलिमिनेटर के फीचर्स में एक सर्कुलर एलसीडी इंस्ट्रूमेंट क्लस्टर, राइडोलॉजी ऐप के साथ स्मार्टफोन कनेक्टिविटी, डुअल चैनल एबीएस, और कई और डिजिटल इंवोवेशनें शामिल हैं। क्रूजर बाइक में 451सीसी का लिक्विड-कूल्ड इंजन, कीमत 5.76 लाख इस नई बाइक का ओवरऑल डिज़ाइन भी मॉडर्न और एलिगेंट है।

### पहली बार समुद्री मार्ग से अमेरिका पहुंचा भारत का अनार



**मुंबई।** भारत के प्रमुख अनार निर्यात बाजारों में यूएई, बांग्लादेश, नेपाल, नीदरलैंड, सऊदी अरब और श्रीलंका के बाद अब अमेरिका भी शामिल हो गया है। भारत से पहली बार महाराष्ट्र से न्यूयॉर्क तक समुद्री मार्ग से 14 टन अनार की पहली खेप भेजी गई है। कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण ने अमेरिका के कृषि विभाग के पशु और पादप स्वास्थ्य निरीक्षण सेवा, राष्ट्रीय पादप संरक्षण संगठन और सोलापुर स्थित आईसीएआर-राष्ट्रीय अनार अनुसंधान केंद्र के साथ मिलकर इस पहल को अंजाम दिया है।समुद्री मार्ग से यह वाणिज्यिक शिपमेंट सफल परीक्षणों के बाद किया गया समुद्री मार्ग से यह वाणिज्यिक शिपमेंट सफल परीक्षणों के बाद किया गया, जिससे फलों की शेल्फ लाइफ 60 दिन तक बढ़ाई जा सकी। इस खेप में 4,620 बॉक्स शामिल थे और पांच सप्ताह में इसे डिलीवर किया गया। गुणवत्ता और उपस्थिति दोनों के लिहाज से इसे अमेरिका में सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली।

उल्लेखनीय है कि दिसंबर 2024 में एपीडा ने नियामक प्रक्रियाओं को आसान बनाने के लिए अमेरिकी अधिकारियों के साथ पूर्व-मंजूरी कार्यक्रम भी आयोजित किया था। वित्त वर्ष 2023-24 में भारत ने 72,011 मीट्रिक टन अनार का निर्यात किया था जिसकी कीमत 69.08 मिलियन अमेरिकी डॉलर रही। वहीं, 2024-25 की अप्रैल से जनवरी अव में यह निर्यात 59.76 मिलियन डॉलर तक पहुंच गया, जो साल-दर-साल 21 फीसदी की वृद्धि दर्शाता है ।

### एचडीएफसी बैंक ने जारी किए नतीजे, डिविडेंड देने का भी ऐलान




**नई दिल्ली।** भारतीय बाजार में एचडीएफसी बैंक ने एक बार फिर अपनी ताकत दिखाई है जब वह वित्त वर्ष 2025 के चौथे तिमाही के नतीजे जारी कर दिए हैं। बैंक ने नेट प्रॉफिट में अनुमान से अधिक बढ़ोतरी दर्ज कराई है, जिस कारण उसने अपने शेयरहोल्डर्स को 22 रुपये प्रति शेयर डिविडेंड देने का भी ऐलान किया है। बैंक ने साल दर साल आधार पर वित्त वर्ष 2025 के मार्च तिमाही में 6.7 फीसदी की ग्रोथ देखी है, जो नेट प्रॉफिट को 17,616 करोड़ रुपये पहुंचाती है। इस ग्रोथ दर की वर्तमान चली दुर्गम परिस्थितियों में बैंक की मजबूती को दर्शाती है। बोर्ड ने डिविडेंड का ऐलान करते हुए 1 रुपये के फेस वैल्यू पर शेयरहोल्डर्स को 22 रुपये प्रति शेयर देने का फैसला किया है। इसकी रिकॉर्ड डेट 27 जून 2025 को रखी गई है। बैंक के नपा रेशियो में भी धीमी गिरावट दर्ज की गई है। बैंक में वित्त वर्ष 2025 के मार्च तिमाही में 6.7 फीसदी की ग्रोथ देखी गई , 31 दिसंबर 2024 को 1.42 प्रतिशत से 31 मार्च 2025 को इसे 1.33 प्रतिशत पर कम किया गया है। यह बैंक की स्थिरता के संकेत माना जा सकता है। इसी तरह, एनपीए रेशियो 0.43 फीसदी पर है, जो पिछली तिमाही में 0.46 फीसदी पर ग्रॉस एनपीए भी पिछली तिमाही के मुकाबले धीमा रहा है, लेकिन यह वीर्य दिखाता है कि बैंक संकटों का सामना करने में सक्षम है।

# बीते सप्ताह सभी तेल-तिलहनों के भाव गिरावट के साथ बंद हुए

**गुजरात में मूंगफली की सरकारी बिक्री होने के कारण कारोबारी धारणा प्रभावित हुई**

नई दिल्ली

सहकारी संस्था नेफेड द्वारा 21 अप्रैल से सोयाबीन बेचने की अफवाहों तथा गुजरात में मूंगफली की सरकारी बिक्री और कारोबारी धारणा प्रभावित होने से बीते सप्ताह सभी तेल-तिलहनों के भाव गिरावट के साथ बंद हुए। बाजार सूत्रों ने कहा कि मूंगफली पहले ही न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) से 17-18 प्रतिशत नीचे दाम पर बिक रही थी और अब सहकारी संस्था नेफेड की ओर से सोयाबीन की भी बिक्री किये जाने की अफवाह है। इससे बाजार में घबराहट का माहौल है जो तेल-तिलहन कीमतों में गिरावट का मुख्य कारण है। इससे पिछले सप्ताह में जिस कच्चे पामतेल का दाम 1,125-1,130 डॉलर प्रति टन था, वह समीक्षाधीन सप्ताह में घटकर 1,100-1,105 डॉलर प्रति टन रह गया है। विदेशों में दाम टूटने और नेफेड की बिकवाली पहल के बीच घबराहटपूर्ण माहौल के कारण पाम-पामोलीन तेल में गिरावट दर्ज हुई। दूसरी ओर, सोयाबीन डीगम का दाम जो पहले 1,105-1,110 डॉलर प्रति टन था वह समीक्षाधीन सप्ताह में बढ़कर 1,115-1,120 डॉलर प्रति टन हो गया है। इसके अलावा सरकार ने सोयाबीन डीगम का आयात शुल्क मूल्य भी 81 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ाया है। इससे सोयाबीन तेल में और मजबूती की उम्मीद की जा रही थी लेकिन नेफेड की सोयाबीन बिकवाली संबंधी अफवाहों के बीच दाम टूटते दिखे। उन्होंने कहा कि देश के आयातकों की पैसों के मामले में हालत इतनी खराब है कि वे सोयाबीन डीगम तेल को आयात की लागत से भी कम दाम पर बेचने को मजबूर हो चले हैं। इससे सोयाबीन तेल-तिलहन कीमतों में तो गिरावट आई ही, वहीं बाजार में घबराहटपूर्ण माहौल के बीच अन्य सभी तेल-तिलहनों के दाम भी दबाव में आ गये। बीते सप्ताह सरसों दाने का थोक भाव 150 रुपये की गिरावट के साथ 6,225-6,325 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ, सरसों दादरी तेल का थोक भाव 450 रुपये की गिरावट के साथ 13,350 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद, सरसों पक्की और कच्ची घानी तेल का भाव क्रमशः 45-45 रुपये टूटकर क्रमशः 2,335-2,435 रुपये और 2,335-2,460 रुपये टिन (15 किलो) पर बंद हुआ। समीक्षाधीन सप्ताह में सोयाबीन दाने और सोयाबीन लूज का थोक भाव क्रमशः 75-75 रुपये की गिरावट के साथ क्रमशः 4,550-4,600 रुपये और 4,250-4,300 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। इसी तरह सोयाबीन दिल्ली एवं सोयाबीन इंदौर और सोयाबीन डीगम के दाम क्रमशः 300 रुपये, 150 रुपये और 375 रुपये टूटकर क्रमशः 13,400 रुपये, 13,250 रुपये और 9,350 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुए। समीक्षाधीन सप्ताह में मूंगफली तिलहन का भाव 25 रुपये की गिरावट के साथ 5,725-6,100 रुपये क्विंटल पर बंद हुआ। वहीं मूंगफली तेल गुजरात और मूंगफली साल्वेंट रिफाइंड तेल का भाव क्रमशः 100 रुपये और पांच रुपये टूटकर क्रमशः 14,150 रुपये और 2,245-2,545 रुपये प्रति टिन पर बंद हुआ। कच्चे पाम तेल (सीपीओ) का दाम 325 रुपये की गिरावट के साथ 12,225 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। पामोलीन दिल्ली का भाव 450 रुपये की गिरावट के साथ 13,600 रुपये प्रति क्विंटल तथा पामोलीन एक्स कांडला तेल का भाव 550 रुपये की गिरावट के साथ 12,400 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ।



### पेट्रोल-डीजल के दाम में कोई बदलाव नहीं, कच्चे तेल की कीमतें 65-78 डॉलर प्रति बैरल



**नई दिल्ली।** भारतीय पेट्रोलियम कंपनियों ने रविवार को सुबह 6 बजे ईंधन के नए दाम जारी कर दिए हैं। जारी रेट के अनुसार रविवार को भी पेट्रोल-डीजल के दाम में कोई बदलाव नहीं किया गया है। हालांकि अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतें 65-78 डॉलर प्रति बैरल, जो कि पिछले दिनों के मुकाबले कम है। दिल्ली में पेट्रोल 94.77 रुपए लीटर, डीजल 87.67 रुपए लीटर, मुंबई में पेट्रोल 103.50 रुपए लीटर, डीजल 90.03 रुपए लीटर, कोलकाता में पेट्रोल 105.01 रुपए लीटर, डीजल 91.82 रुपए लीटर, चेन्नई में पेट्रोल 100.80 रुपए लीटर, डीजल 92.39 रुपए लीटर, नोएडा में पेट्रोल 94.87 रुपए लीटर, डीजल 88.14 रुपए लीटर, बेंगलुरु में पेट्रोल 102.92 रुपए लीटर, डीजल 88.99 रुपए लीटर, पटना में पेट्रोल 105.60 रुपए लीटर, डीजल 92.04 रुपए लीटर, लखनऊ में पेट्रोल 94.69 रुपए/लीटर, डीजल 87.55 रुपए लीटर, चंडीगढ़ में पेट्रोल 94.30 रुपए लीटर, डीजल 82.38 रुपए लीटर, हैदराबाद में पेट्रोल 107.46 रुपए लीटर, डीजल 95.63 रुपए लीटर, गुरुग्राम में पेट्रोल 95.17 रुपए लीटर, डीजल 88.03 रुपए लीटर, जयपुर में पेट्रोल 104.72 रुपए लीटर, डीजल 90.36 रुपए लीटर है।

# बीते वित्त वर्ष वाहन निर्यात 19 फीसदी बढ़कर 53.63 लाख इकाई हुआ



नई दिल्ली

**वैश्विक बाजारों में यात्री, दोपहिया और वाणिज्यिक वाहनों की मांग में तेजी की वजह से बीते वित्त वर्ष 2024-25 में भारत का कुल वाहन निर्यात 19 प्रतिशत बढ़कर 53 लाख इकाई से अधिक हो गया है। पिछले वित्त वर्ष में कुल वाहन निर्यात 53.63 लाख इकाई रहा, जबकि 31 मार्च, 2024 को समाप्त वित्त वर्ष यह 45 लाख इकाई था। सोसायटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) ने यह जानकारी दी है।**

**जबकि 31 मार्च, 2024 को समाप्त वित्त वर्ष यह 45 लाख इकाई था**

पिछले वित्त वर्ष में यात्री वाहनों का निर्यात 15 प्रतिशत बढ़कर 7,70,364 इकाई हो गया, जबकि 2023-24 में यह 6,72,105 इकाई था। उद्योग निकाय सियाम ने कहा कि भारत में बनने वाले वैश्विक मॉडल की मांग में बढ़ोतरी की वजह से इस खंड ने पिछले वित्त वर्ष में अपना बेहतर वार्षिक प्रदर्शन किया। सियाम ने कहा कि विनिर्माण गुणवत्ता में सुधार के साथ, कुछ कंपनियों ने विकसित बाजारों में निर्यात भी शुरू कर दिया है। यूटिलिटी वाहनों के निर्यात में भी उल्लेखनीय बढ़ोतरी हुई और यह 3,62,160 इकाई रहा। वित्त वर्ष 2023-24 के 2,34,720 इकाई की तुलना में यह 54 प्रतिशत की वृद्धि है। पिछले वित्त वर्ष में दोपहिया वाहनों का निर्यात 21 प्रतिशत बढ़कर 41,98,403 इकाई रहा, जबकि 2023-24 में यह आंकड़ा 34,58,416 इकाई था। वित्त वर्ष 2023-24 की तुलना में 2024-25 में तिपहिया वाहनों के निर्यात में दो प्रतिशत की वृद्धि हुई और यह 3.1 लाख इकाई रहा। पिछले वित्त वर्ष में वाणिज्यिक वाहनों का निर्यात 23 प्रतिशत बढ़कर 80,986 इकाई रहा, जबकि इससे पिछले साल यह 65,818 इकाई था।

## इराक में सैन्य सुरक्षा , व साइबर हथियारों की प्रदर्शनी



इराक में सैन्य सुरक्षा, व साइर सुरक्षा एक्सपो में पेश किये गये हथियारों को देखते हुए लोग।

# कोयला एक्सचेंज पर नियमों पर सार्वजनिक टिप्पणियां देने की समयसीमा बढ़ी

**कोयला मंत्रालय ने अंतिम तिथि छह अप्रैल, से बढ़ाकर सात मई करने का निर्णय लिया**

नई दिल्ली



केंद्र सरकार ने कोयला व्यापार एक्सचेंज को लेकर प्रस्तावित नियमों पर सार्वजनिक टिप्पणियां देने की समयसीमा सात मई तक के लिए बढ़ा दी है। इस एक्सचेंज से जिंस के रूप में कोयले का कारोबार किया जा सकेगा। कोयला मंत्रालय ने अपनी वेबसाइट पर कहा कि मंत्रालय ने सार्वजनिक परामर्श के लिए कोयला व्यापार एक्सचेंज पर प्रस्तावित नियमों का मसौदा प्रकाशित किया था।

कोयला मंत्रालय ने टिप्पणियां या सुझाव देने की अंतिम तिथि छह अप्रैल, 2025 से बढ़ाकर सात मई, 2025 करने का निर्णय लिया है। कोयला मंत्रालय ने प्रस्तावित एक्सचेंज के लिए कोयला नियंत्रक संगठन (सीसीओ) को नियामक के रूप में सशक्त बनाने का प्रस्ताव किया है। वर्तमान में देश में कोयला बिक्री चैनल विशिष्ट रूप से कोल इंडिया लिमिटेड सहित सार्वजनिक क्षेत्र की कोयला कंपनियों के लिए है। इसलिए एक मंच यानी कोल ट्रेडिंग एक्सचेंज (सीटीई) प्रदान करने की आवश्यकता महसूस की जा रही है, ताकि वाणिज्यिक, खुद के उपयोग के लिए कोयला खनन करने वाली कंपनियों को अपने उत्पाद को बाजार में लाने के लिए आसान पहुंच मिल सके।

# इलेक्ट्रिक कार ईवितारा का इंतजार जल्द होगा खत्म

नई दिल्ली

**कार निर्माता कंपनी मारुति सुजुकी की पहली इलेक्ट्रिक कार, ईवितारा जल्द ही पेश होने वाली है। बताया जा रहा है कि इसे अगले महीने लॉन्च किया जा सकता है। हाल ही में इस इलेक्ट्रिक एसयूवी को गुरुग्राम के सेक्टर 54 चौक पर कवर के साथ देखा गया था, जहां यह कंपनी की पॉपुलर वैगनआर के पास खड़ी थी।**




ईवितारा के फीचर्स की बात करें तो इसमें एलईडी हेडलाइट्स, डेटाइम रनिंग लैंप, 18-इंच व्हील्स, पैनोरमिक सनरूफ, मल्टी-कलर इंटीरियर्स, और 10.25-इंच डिजिटल इंस्ट्रूमेंट क्लस्टर जैसे आकर्षक फीचर्स दिए गए हैं। इसमें वायरलेस चार्जिंग, 10.1-इंच इंफोटेनमेंट टचस्क्रीन, एप्पल कारप्ले और एंड्राएड ऑटो जैसे कनेक्टिविटी फीचर्स भी शामिल हैं। इसके अलावा, इसमें इनफिनिटी बाय हरमन ऑडियो सिस्टम, पीएम 2.5 एयर फिल्टर, वेंटिलेटिड फ्रंट सीट्स, और 10-वे पावर एडजस्टेबल ड्राइवर सीट भी मिलेगी। यह एसयूवी ड्राइव मोड्स, जैसे ईको, नॉर्मल, और स्पोर्ट, के साथ-साथ स्नो मोड और रीजन मोड जैसी सुविधाओं से लैस है।

मारुति ने ईवितारा को विभिन्न ऑटो इवेंट्स में पहले ही पेश किया है और इसकी टेस्टिंग भी अब अंतिम चरण में पहुंच चुकी है। कंपनी ने डीलर्स के माध्यम से इसके ऑफलाइन प्री-बुकिंग भी शुरू कर दी हैं। यह कार मारुति सुजुकी के गुजरात स्थित प्लांट में बनाई जा रही है और इसे भारतीय बाजार के साथ-साथ यूरोप और जापान जैसे ग्लोबल बाजारों में भी लॉन्च किया जाएगा।

### बीएचईएल का राजस्व 19 प्रतिशत बढ़कर 27,350 करोड़




**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की इंजीनियरिंग कंपनी बीएचईएल ने रविवार को बताया कि वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान उसका राजस्व 19 प्रतिशत बढ़कर 27,350 करोड़ रुपये रहा। कंपनी ने बयान में कहा कि उसने बीते वर्ष के दौरान 92,534 करोड़ रुपये का अबतक का सबसे अधिक ऑर्डर भी हासिल किया। इसके साथ ही, वित्त वर्ष 2024-25 के अंत में बीएचईएल की कुल ऑर्डर बुक 1,95,922 करोड़ रुपये हो गई। बयान के अनुसार भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (बीएचईएल) ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए 27,350 करोड़ रुपये (अस्थायी) का राजस्व दर्ज किया, जो इससे पिछले वित्त वर्ष की तुलना में लगभग 19 प्रतिशत अधिक है। कंपनी ने कहा कि बिजली क्षेत्र में उसने 81,349 करोड़ रुपये के ऑर्डर हासिल कर अपनी अग्रणी स्थिति बनाए रखी। औद्योगिक खंड में 11,185 करोड़ रुपये के नए ऑर्डर मिले।



# बीसीए अध्यक्ष राकेश तिवारी ने वैभव सूर्यवंशी की बल्लेबाजी पर जताई खुशी

नई दिल्ली

बिहार क्रिकेट एसोसिएशन (बीसीए) के अध्यक्ष राकेश तिवारी ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 में पदार्पण कर धमाकेदार पारी खेलने वाले युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी की जमकर सराहना की है। उन्होंने कहा है कि वैभव की बल्लेबाजी देखकर बेहद खुश हूं। मुझे भरोसा था कि वह अच्छा प्रदर्शन करेगा।

बिहार के 14 वर्षीय वैभव ने आईपीएल 2025 के 36वें मुकाबले में लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ राजस्थान रॉयल्स के लिए पदार्पण करते ही इतिहास रच दिया। वैभव आईपीएल में पदार्पण करने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बने हैं। युवा खिलाड़ी को मैच में राजस्थान के कप्तान संजू सैमसन की जगह खेलने को मिला, जो चोट के कारण मैच नहीं खेल रहे थे। वैभव को इम्पैक्ट सब के रूप में खेलने का मौका मिला था। वह यशस्वी जायसवाल के साथ ओपनिंग करने आए। उन्होंने अपनी पहली गेंद पर छक्का मारकर सभी को आकर्षित किया। बाएं हाथ के इस युवा बल्लेबाज ने मैच में महज 20 गेंदों में 2 चौकों और 3 छक्कों की मदद से 34 रन बनाए थे।

उनकी पारी पर प्रतिक्रिया देते हुए बीसीए के अध्यक्ष राकेश तिवारी ने कहा, मैं आज वैभव की बल्लेबाजी देखकर बेहद खुश हूं। मुझे हमेशा भरोसा था कि जब भी वैभव को मौका मिलेगा, वह अच्छा प्रदर्शन करेगा। मुझे यकीन है कि वह आगे भी इसी तरह की प्रभावी पारियां खेलेगा। उन्होंने आगे कहा, यह तो बस शुरुआत है। मैं मानता हूं कि वैभव आने वाले वर्षों में भारतीय क्रिकेट का एक बड़ा नाम बन सकता है। आईपीएल में डेब्यू पर बनाया रिकॉर्डबिहार में जन्मे वैभव ने शनिवार को जयपुर में खेले गए मुकाबले में एक बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम किया। उन्होंने 14 साल और 23 दिन की उम्र में आईपीएल में डेब्यू किया। इसी के साथ वह आईपीएल में डेब्यू करने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बन गए हैं। इससे पहले यह रिकॉर्ड रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के प्रयास राय बर्मन के नाम था, जिन्होंने 2019 में 16 साल 157 दिन की उम्र में आईपीएल डेब्यू किया था। अब सूर्यवंशी के नाम सबसे कम उम्र में आईपीएल खेलने का रिकॉर्ड दर्ज हो गया है। राजस्थान रॉयल्स ने आईपीएल 2025 के मेगा ऑक्शन में वैभव सूर्यवंशी को 1 करोड़ 10 लाख रुपये में खरीदा था। लखनऊ ने राजस्थान को 2 रन से हरायालखनऊ सुपर जायंट्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 5 विकेट पर 180 रन बनाए थे। इसके जवाब में राजस्थान की टीम 5 विकेट खोकर 178 रन ही बना सकी। राजस्थान को आखिरी ओवर में 2 रन से हार का सामना करना पड़ा।

## न्यूज़ ब्रीफ

### खालसा कॉलेज और इंदिरा गांधी इंस्टीट्यूट ने हॉकी मुकाबले जीते




नई दिल्ली। राजधानी के श्री गुरु तेग बहादुर खालसा कॉलेज ने पीएसपीबी चौथे बाबा दीप सिंह हॉकी और बास्केटबॉल टूर्नामेंट के तीसरे दिन के पुरुष वर्ग के हॉकी मैच में इंदिरा गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ फिजिकल एजुकेशन एंड स्पोर्ट्स साइंसेज को 5-1 से हरा दिया। खालसा कॉलेज की तरफ से विपिन मिश्रा ने 2 गोल और अंकित एवं अरबाज ने एक-एक गोल किया। इंदिरा गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ फिजिकल एजुकेशन एंड स्पोर्ट्स साइंसेज के लिए पुलकित ने एकमात्र गोल किया। प्लेयर ऑफ मैच का अवार्ड खालसा कॉलेज के खिलाड़ी विपिन मिश्रा को मिला। महिला वर्ग के मैच में इंदिरा गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ फिजिकल एजुकेशन एंड स्पोर्ट्स साइंसेज ने दिल्ली यूनिवर्सिटी एल्युमिना को 3-1 से हराया। विजेता टीम की तरफ से कंचन, अंचल और पिंकी ने गोल किया और दिल्ली यूनिवर्सिटी एल्युमिना की तरफ से एकमात्र गोल नीलम शर्मा ने किया। प्लेयर ऑफ द मैच अवार्ड इंदिरा गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ फिजिकल एजुकेशन एंड स्पोर्ट्स साइंसेज की कंचन को मिला।

### गुजरात टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल पर धीमी ओवर गति के लिए लगा जुर्माना




नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) फ्रेंचाइजी गुजरात टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल पर धीमी ओवर गति के कारण 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। आईपीएल ने इसको लेकर जारी बयान में बताया कि गुजरात टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल पर उनकी टीम द्वारा अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ टाटा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के मैच नंबर 35 के दौरान धीमी ओवर गति बनाए रखने के लिए जुर्माना लगाया गया है। चूंकि यह आईपीएल की आचार संहिता के अनुच्छेद 2.22 के तहत उनकी टीम का इस सत्र का पहला अपराध था, जो न्यूनतम ओवर-रेट अपराधों से संबंधित है, इसलिए गिल पर 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। गुजरात ने दर्ज की जीतअहमदाबाद के नरेंद्र मोदी क्रिकेट स्टेडियम में शनिवार को खेले गए इस मैच में गुजरात टाइटंस ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ सात विकेट से जीत दर्ज की थी। मैच में दिल्ली की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में आठ विकेट पर 203 रन बनाए थे। जवाब में जोस बटलर की 54 गेंदों पर 11 चौकों और चार छक्कों की मदद से नाबाद 97 रन की अहम पारी की बदौलत गुजरात की टीम ने 19.2 ओवर में तीन विकेट पर 204 रन बनाकर मैच जीत लिया।

### जीत कर भी विश्वकप के लिए क्वालीफाई नहीं कर पायी वेस्टइंडीज महिला क्रिकेट टीम



लाहौर। वेस्टइंडीज की महिला क्रिकेट टीम यहां आईसीसी महिला विश्वकप क्वालीफायर मैच में थाईलैंड के खिलाफ जीत के बाद भी क्वालीफाई करने में विफल रही है। वेस्टइंडीज की महिला क्रिकेट टीम ने इस एकदिवसीय मैच को 11 ओवर से पहले से जीत लिया पर इसके बाद भी वह नेट रन रेट में बांग्लादेश से पीछे होने के कारण भारत में इस साल के अंत में होने वाले विश्वकप के प्रवेश हासिल नहीं कर पायी। इसी कारण मैच के बाद वेस्टइंडीज की महिला क्रिकेटर रोने लगीं। वेस्टइंडीज की टीम को विश्वकप में प्रवेश के लिए थाईलैंड से मिले 167 रनों के लक्ष्य को 10 ओवर या एक दो गेंद बाद तक हासिल करना था। ऐसे में वह बांग्लादेश को नेट रन रेट में पछाड़ देती और विश्वकप का टिकट हासिल कर लेती। वहीं अगर अगर टीम 10.5 ओवर में 166 रन बनाती और अगली गेंद पर छक्का लग जाता तो भी वेस्टइंडीज की टीम को प्रवेश मिल जाता पर ऐसा हुआ नहीं। वेस्टइंडीज की टीम ने इस मैच में आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए 10.4 ओवर में 162 रन बना लिए थे। ऐसे में अगली गेंद पर चौका और आखिरी गेंद पर छक्का चाहिए थे।

# डब्ल्यूपीएल से महिला क्रिकेट में आया बदलाव

नई दिल्ली

**भारतीय महिला क्रिकेट टीम की उप कप्तान स्मृति मंधाना ने कहा है महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) शुरू होने से काफी लाभ हुआ है और इससे युवा प्रतिभाओं को एक मंच मिला है। मंधाना ने कहा कि भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने पिछले कुछ साल में महिला क्रिकेट के विकास के लिए जो प्रयास किये थे। उनका लाभ नजर आने लगा है। मंधान ने कहा कि अभी तकडब्ल्यूपीएल के तीन चरण ही खेले गए हैं पर इसका प्रभाव घरेलू क्रिकेट और लड़कियों पर साफ दिखने लगा है। उन्होंने कहा, 'अंडर-19 टीम की खिलाड़ियों में बड़ा बदलाव आया है, उन्हें इतनी सारी चीजें पता हैं जो हम अपने दिनों में नहीं जानते थे। इसलिए लीग के आने से काफी विकास हुआ है। अब टीवी पर भी महिला क्रिकेट का प्रसारण होता है जिससे भी काफी बदलाव आया है और लोगो खिलाड़ियों को पहचानने लगे हैं।**




मंधाना ने कहा, 'पिछले तीन वर्षों में डब्लूपीएल किस तरह से आगे बढ़ा है, इसे देखने के लिए कितनी सारी लड़कियां आ रही हैं, आप स्पष्ट बदलाव देख सकते हैं। कई लड़कियां अब क्रिकेटर बनना चाहती हैं जो बहुत अच्छी चीज है। काफी माता-पिता अपनी बच्चियों को अकादमी में भेज रहे हैं ताकि वे डब्ल्यूपीएल में खेल सकें'। डब्ल्यूपीएल भी दर्शकों का काफी मनोरंजन कर रहा है। ये लीग उसी तरह काम कर रहा है जैसा आईपीएल ने पुरुष क्रिकेट के लिए किया था। घरेलू क्रिकेट पर भी इसका असर दिख रहा है, लड़कियां डब्ल्यूपीएल खेलकर भारतीय टीम के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में खेलना चाहती हैं।' मंधाना ने कहा की देश में सितंबर में होने वाले महिला विश्व कप की तैयारियों को देखते हुए उनका आगे का कार्यक्रम काफी व्यस्त रहेगा। उन्होंने कहा, 'इस साल भारत में ही महिला विश्व कप होगा तो समय नहीं मिलेगा। लेकिन दो तीन दिन का भी समय मिले तो वह क्रिकेट अकादमी में बच्चों को अपने अनुभव भी बताएंगी।

### आरेंज कैप पर पूरन का कब्जा, पर्पल कैप की दौड़ में नंबर एक पर पहुंचे प्रसिद्ध कृष्णा

मुम्बई। लखनऊ सुपर जायंट्स के आक्रामक बल्लेबाज निकोलस पूरन इंडियन प्रीमियर लीग यानी (आईपीएल) के 18 वें सत्र में ऑरेंज कैप की दौड़ में सबसे आगे हैं। पूरन के अभी तक इस सत्र में सबसे अधिक रन हैं और वह अन्य सभी प्रतियोगियों से आगे हैं। वहीं सबसे अधिक विकेटों के लिए मिलने वाली पर्पल कैप की दौड़ में अब प्रसिद्ध कृष्णा सबसे आगे हैं। वहीं शुरुआत से ही इसमें सबसे आगे रहे नूर अहमद अब पीछे हो गये हैं। आईपीएल 2025 के ऑरेंज कैप की बात करें तो पूरन अब भी शीर्ष पर हैं। पूरन के सबसे अधिक 368 रन हैं। गुजरात टाइटन्स के ओपनर साई सुदर्शन 365 रन ही उनके करीब हैं। इसके अलावा जोस बटलर भी शीर्ष पांच दावेदारों में शामिल हो गए हैं। उनके नाम अब 315 रन हैं। चौथे नंबर पर यशस्वी जायसवाल पहुंच गए हैं, जिन्होंने 307 रन बनाए हैं। मिचेल मार्श 299 रनों के साथ पांचवें स्थान पर हैं। दूसरी ओर पर्पल कैप की बात करें तो इसमें प्रसिद्ध कृष्णा 14 विकेट के साथ ही नंबर एक हैं। दूसरे नंबर पर 12 विकेट लेकर कुलदीप यादव हैं। तीसरे स्थान पर 12 विकेट लेकर ही नूर अहमद हैं। इसके बाद जोश हेजलवुड और शार्दुल ठाकुर हैं। इन दोनो के भी 12-12 विकेट ही हैं।



# केकेआर पर जीत के इरादे से उतरेगी गुजरात टाइटंस




कोलकाता

आईपीएल में सोमवार को यहां के ईडन गार्डन स्टेडियम में कोलकाता नाइट राइडर्स टीम (केकेआर) अपने घरेलू मैदान पर गुजरात टाइटंस पर जीत के इरादे से उतरेगी। इस मैच में दोनो ही टीमों के बीच रोमांचक मुकाबला देखने को मिलेगा। शुभमन गिल की कप्तानी में गुजरात की टीम अभी अंकतालिका में शीर्ष पर है जिससे उसका मनोबल बढ़ा हुआ है। उसके बल्लेबाज और गेंदबाज अच्छे फार्म में हैं। वहीं दूसरी ओर आजिंक्य रहाणे की कप्तानी में खेल रही केकेआर इस सत्र में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पायी है और छठे स्थान पर है। केकेआर के बल्लेबाज और गेंदबाज अब तक अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाये हैं। गुजरात की बल्लेबाजी कप्तान शुभमन के अलावा साई सुदर्शन और जोस बटलर पर आधारित है जबकि गेंदबाजी की कमान प्रसिद्ध कृष्णा और मो सिराज के अलावा स्पिनर साई किशोर पर आधारित रहेगी। केकेआर की बल्लेबाजी अजिंक्य रहाणे, क्विंटन डी कॉक, वेंकटेश अय्यर जबकि गेंदबाजी एनरिक नॉर्टजे, वरुण चक्रवर्ती पर निर्भर है। इस मैदान पर अच्छा उछाल मिलता जिससे बल्लेबाजों के लिए शॉट खेलना आसान होता है। ऐसे में यहां बड़े स्कोर बनते हैं। यहां तेज गेंदबाजों को शुरुआत में मदद मिलती है पर बाद में स्पिनरों को सहायता मिलती है। अब तक के आंकड़ों पर नजर डालें तो केकेआर और गुजरात टाइटंस के बीच अब तक केवल 4 मुकाबले ही खेले गए हैं, जिसमें से दो मैच गुजरात ने वहीं एक मैच केकेआर ने जीता है जबकि एक मैच का परिणाम नहीं निकला।

**दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं :**

**केकेआर :** अजिंक्य रहाणे (कप्तान), क्विंटन डी कॉक (विकेटकीपर), सुनील नरेन, रिंकू सिंह, वेंकटेश अय्यर, आंद्रे रसेल, हर्षित राणा, वैभव अरोड़ा, एनरिक नॉर्टजे, वरुण चक्रवर्ती, रमनदीप सिंह, नुकूल रॉय, रोवमैन पॉवेल, अंगकृष रघुवंशी, मनीष पांडे, अलवनिथ सिसोदिया, स्पेंसर जॉनसन, मोइन अली मयंक मारकंडे, रहमानुल्लाह गुरबाज, चेतन सकारिया।

**गुजरात टाइटंस टीम :** शुभमन गिल (कप्तान), जोस बटलर (विकेटकीपर), साई सुदर्शन, शाहरुख खान, राहुल तेवतिया, राशिद खान, अरशद खान, प्रसिद्ध कृष्णा, मोहम्मद सिराज, इशांत शर्मा, शेरफेन रदरफोर्ड, वाशिंगटन सुंदर, करीम जनत, निशांत सिंधु, महिपाल लोमरोर, रविश्रीनिवासन साई किशोर, प्रसिद्ध कृष्णा, रविश्रीनिवासन साई किशोर, अनुज रावत, जयंत यादव, कुलवंत खेजरोलिया, दासुन शनाका, गेराल्ड कोएत्जी, मानव सुथार, कुमार कुशाग्र और गुरनूर बराड़।

## बार्सिलोना में एटीपी 500 टेनिस



बार्सिलोना में एटीपी 500 टेनिस में खेलते हुए स्पेन के कार्लोस अल्काराज।

# मांजरेकर के शीर्ष 10 बल्लेबाजों की सूची में विराट और सैमसन शामिल नहीं

मुंबई

**पूर्व क्रिकेटर संजय मांजरेकर ने आईपीएल के अब तक के सत्र में के शीर्ष टॉप 10 बल्लेबाजों को चयनित किया है। मांजरेकर की इस सूची में राजस्थान रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन और आरसीबी के अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली को जगह नहीं मिली है। आईपीएल की शुरुआत में भी मांजरेकर ने सत्र के संभावित शीर्ष 10 बल्लेबाजों की एक सूची बनायी थी। उस सूची में से केवल पांच खिलाड़ी ही इस सूची में शामिल हैं।**



इस सूची में मिचेल मार्श, ट्रेविस हेड, निकोलस पूरन, फिल सॉल्ट, श्रेयस अय्यर बने हुए हैं जबकि पांच खिलाड़ी बाहर हो गए हैं। दिल्ली कैपिटल्स के विकेटकीपर बल्लेबाज केएल राहुल शुरुआत में इसमें नहीं थे पर अब उन्हें जगह मिली है। राहुल ने पांच पारियों में 238 रन बनाये हैं। इस सूची में गुजरात टाइटन्स के जोस बटलर, प्रियांशु आर्य, अभिषेक शर्मा और हेनरिक क्लासेन को भी शामिल किया गया है। पावरप्ले में प्रियांशु आर्य और अभिषेक शर्मा ने आक्रामक बल्लेबाजी की है। मांजरेकर के शीर्ष 10 बल्लेबाज को है, जिन्होंने कम से कम 200 रन बनाए हैं और उनका स्ट्राइक रेट अच्छा है। वहीं सत्र में 200 से ज्यादा रन बनाने और 60 की औसत बनाए रखने के बावजूद, विराट का नाम नहीं होने से सभी हैरान हैं। उनका नाम शामिल नहीं होने का कारण स्ट्राइक रेट सिर्फ कम होना है।

### अभिषेक फिर केकेआर से जुड़े

मुम्बई। टीम इंडिया के सहयोगी स्टाफ से बाहर किये जाने के बाद अभिषेक नायर एक बार फिर कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) से जुड़ गये हैं। अभिषेक को गौतम गंभीर के भारतीय टीम के मुख्य कोच बनाये जाने के बाद सहायक कोच बनाया गया था पर टीम को कोई फायदा न होता देखकर भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने उन्हें बाहर कर दिया है। बोर्ड ऑस्ट्रेलिया दौरे में टीम के खराब प्रदर्शन के बाद से ही बाहर था हालांकि उन्हें किस पद पर रखा गया है, इसकी घोषणा नहीं हुई है। अभिषेक के अलावा फील्डिंग कोच टी दिलीप और ट्रेनर सोहम देसाई को भी टीम से हटा दिया गया है। वहीं साल 2018-2024 तक केकेआर में शामिल रहे अभिषेक 2018 से 2024 तक कोचिंग स्टाफ का हिस्सा थे और गंभीर के कार्यकाल के दौरान उनके साथ थे।

# नडाल का फ्रेंच ओपन टेनिस में होगा सम्मान : मौरेस्मो

पेरिस

**स्पेन के टेनिस स्टार रफेल नडाल को फ्रेंच ओपन टेनिस के पहले दिन 25 मई को कोर्ट फिलिप चैट्रियर में सम्मानित किया जाएगा। नडाल बाईस बार के ग्रैंडस्लैम चैंपियन फ्रेंच हैं। 14 बार के विजेता नडाल ने पिछले साल नवंबर में खेल को अलविदा कह दिया था।**

फ्रेंच ओपन की निदेशक एमिली मौरेस्मो ने कहा कि नडाल ने कई प्रकार से फ्रेंच ओपन को प्रभावित किया है। इसलिए उनके सम्मान में एक समारोह आयोजित किया जाएगा। नडाल वह टूर्नामेंट संग्रहालय में एक प्रदर्शनी में भी शामिल होंगे और आधिकारिक फ्रेंच ओपन ट्रेलर में अपनी आवाज देंगे। नडाल फ्रेंच ओपन में अंतिम बार 2024 में खेले थे पर इसमें वह पहले दौर में ही एलेक्जेंडर ज्वेरेव से हार गए थे। उनके नाम चारों ग्रैंड स्लैम खिताब हैं।



**नडाल ने पुरुष टेनिस में सबसे अधिक 22**

ग्रैंड स्लैम खिताब जीते हैं। इसमें 14 फ्रेंच ओपन दो ऑस्ट्रेलियाई ओपन और दो विम्बलन खिताब के अलावा 4 अमेरिकी ओपन खिताब हैं।

इसके अलावा उन्होंने 2008 बीजिंग ओलंपिक में पुरुष एकल में स्वर्ण पदक जीता था। इसके अलावा एटीपी टूर्नामेंट खिताब: 92 एकल खिताब, जिसमें 36 मास्टर्स 1000 खिताब और 23 एटीपी 500 खिताब शामिल हैं। डेविस कप: स्पेन के लिए 5 बार (2004, 2008, 2009, 2011, 2019) डेविस कप जीता। वह 209 हफ्तों तक एटीपी रैंकिंग में नंबर 1 रहे, पहली बार 2008 में शीर्ष स्थान हासिल किया।

### आईपीएल के इस सत्र में अब तक असफल रहे हैं ईशान



मुम्बई। बांए हाथ के आक्रामक विकेटकीपर बल्लेबाज ईशान किशन आईपीएल के इस सत्र में फ्लाप साबित हुए हैं। ईशान को आईपीएल में सनराइजर्स हैदराबाद ने मोटी रकम देकर खरीदा था। राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ पहले ही मैच में ईशान ने 45 गेंदों में शतक लगाकर सत्र की शानदार शुरुआत की थी पर इसके बाद के मैचों में उनका बल्ला खामोश रहा है। ईशान ने की पहले मैच में खेली 106 रनों की पारी से हैदराबाद को जीत मिली थी पर उसके बाद से ही वह छह पारियों में एक में भी दो अंकों में नहीं पहुंच पाये। जिसके बाद से ही वह प्रशंसकों के निशाने पर हैं। गत दिनों राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ शतक के दौरान किशन चोटिल हो गए थे और फील्डिंग के लिए नहीं लौटे थे। इसके कारण उनकी फिटनेस को लेकर संशय बना हुआ रहा। हालांकि वह बाद के मैचों में खेले। वह सलामी है लेकिन हैदराबाद में ट्रैविस हेड और अभिषेक शर्मा की मजबूत ओपनिंग जोड़ी के कारण उन्हें सत्र में नंबर 3 पर बल्लेबाजी करनी पड़ रही है। अब अगर वह आगे के मैचों में अच्छा प्रदर्शन करते हैं तो ही उनकी टीम इंडिया में वापसी की संभवना बनेगी।

कहा जाता है कि उम्र महज एक नंबर के सिवा और कुछ भी नहीं। लेकिन यह बात सिर्फ उन लोगों पर लागू होती है, जो एक हेल्दी लाइफस्टाइल जीते हैं। वहीं, सही तौर-तरीके नहीं अपनाने से जवानी जल्दी ढलने लगती है। असमय आने वाले बुढ़ापे से बचना चाहते हैं, तो कुछ ऐसी आदतों के बारे में जानना जरूरी है...

## लंबे समय तक युवा बने रहने की चाहत है...

**फैट को करें खाने में शामिल:** फैट के लिए बहुत ही गलत सोच लोगों के बीच बनी है। बल्कि ये हड्डियों की सेहत के लिए बहुत ही जरूरी है। बस ध्यान रखें कि ये फैट आपके शरीर में एक्स्ट्रा जमा न हो।

**स्टेमिना बढ़ाएं:** स्टेमिना अगर अच्छी हो तो लंबी उम्र तक कोई भी समस्या छू तक नहीं पाएगी। इसके लिए रोज खाने में अंडे, पनीर, बीन, दालें जैसी चीजें शामिल करें जो स्टेमिना को मजबूत बनाएंगे।

**पानी पिएं:** हर किसी को दिनभर में 3-4 लीटर पानी जरूर पीना चाहिए। पानी पीने की आदत हमेशा के लिए बनाएं, क्योंकि ये शरीर में अंगों के सुचारू रूप से चलने के लिए बहुत ही मददगार है।

**खाने की आदत सुधारें:** आप कितने भी बिजी क्यों न हों, खाना कभी न छोड़ें। इसके अलावा नाश्ता कभी भी मिस न करें। खाने में हमेशा ऐसी चीजें रखें जिनसे बॉडी को सभी जरूरी न्यूट्रिएंट्स मिलें।

## भूरी वसा पर नियंत्रण से शीघ्र घटेगा वजन

अगर आप तेजी से वजन घटाना चाहते हैं, तो सामान्य सफेद वसा के बदले भूरी वसा पर अपना ध्यान केंद्रित कीजिए। शोधकर्ताओं के मुताबिक, भूरी (ब्राउन) वसा उपापचय (मेटाबॉलिज्म) में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। बेथ इजरायल डिकोनेस मेडिकल सेंटर के शोधार्थी इवान ने कहा कि यदि इन वसा कोशिकाओं की संख्या या गतिविधि को नियंत्रित कर पाएं, तो हम शरीर से अतिरिक्त कैलोरी को कम कर सकते हैं।



# खूब हंसिए

## बदल जाएगी जिंदगी



**हंसते**-मुस्कुराते चेहरे वाले लोग अधिक स्वस्थ भी होते हैं। हंसी के अंदर छुपे सेहत के इस राज ने ही तो हंसी को एक चिकित्सा का रूप दिया है। अगर आप तनाव या अवसाद से परेशान रहते हैं तो यह हंसी आपके लिए वरदान साबित हो सकती है। तो क्यों न अपनी सेहत की खातिर थोड़ा हंसा जाए, खुल कर हंसने से आप युवा और खूबसूरत तो नजर आते ही हैं, साथ ही हंसी सेहत के लिए भी बहुत अच्छी होती है। हंसते समय जब किसी व्यक्ति की पूरी बत्तीसी दिखती है तो उसे खुल कर हंसना या ब्राइट स्माइल कहते हैं। ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी में हुए एक शोध में ये तथ्य उभर कर सामने आए हैं कि मुस्कुराने की बजाए जोर से ठहाका मार कर हंसना सिरदर्द के लिए दवा का काम करता है। इससे दिमाग में एंडोरफिन का स्रव होता है, जो दिमाग में दर्द को बढ़ावा देने वाले जटिल रसायनों को नियंत्रित करता है और हमें दर्द से राहत मिलती है। शोध के अनुसार 15 मिनट तक किया गया हंसी-मजाक दर्द को बर्दाश्त करने की क्षमता को 10 प्रतिशत तक बढ़ा देता है।

### खाने का भी ख्याल रखें

खुश रहने के लिए खाने से अच्छा टॉनिक कोई नहीं है। ओमेगा 3 फैटी एसिड और विटामिन बी12 की कमी डिप्रेशन का शिकार बनाती है। जिस तरह से शरीर को पोषक तत्वों की आवश्यकता होती है, उसी प्रकार मस्तिष्क को भी पोषक तत्वों की आवश्यकता होती है। ताजे फल, सब्जियां, साबुत अनाज, स्वस्थ वसा मानसिक स्वास्थ्य के लिए बहुत उपयोगी है। दिन में तीन बार मेगा मील खाने की बजाए 5 या छह बार मिनी मील खाएं। इससे रक्त में शुगर का स्तर कम नहीं होता, जो नकारात्मक रूप से मस्तिष्क को प्रभावित करता है।

### हंसना सबसे अच्छी दवा

खुल कर हंसने से धमनियों में फैलाव आता है, जिससे खून तेजी से शरीर के अन्य हिस्सों में पहुंचता है। हंसी हमारे शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढमती है और हमारे शरीर की एंटीबॉडीज को मजबूत करती है। हंसी शरीर में स्वस्थ शारीरिक परिवर्तन लाती है। हमारी ऊर्जा बढ़ाती है, दर्द और तनाव कम करती है। खुश रहना शरीर को संतुलित रखता है। हंसने से एंडोरफिन का स्त्राव होता है। यह शरीर का प्राकृतिक फीलगुड रसायन है। एंडोरफिन हमें सब कुछ ठीक होने का एहसास कराता है और थोड़े समय के लिए दर्द से राहत भी देता है। हंसी रक्त नलिकाओं की कार्यप्रणाली को सुधारती है और रक्त का प्रवाह बढमती है, जिससे हार्ट अटैक और कार्डियोवस्क्यूलर की आशंका कम हो जाती है।

### नाकारात्मक में भी साकारात्मक

हंसी हमें सिर्फ शारीरिक और मानसिक रूप से ही नहीं, भावनात्मक रूप से भी स्वस्थ रखती है। हंसी आपको कठिन परिस्थितियों में भी सकारात्मक रखती है। आपको यह जल्दी से जल्दी समझ लेना चाहिए कि हंसी के बिना आपका दिन अधूरा है। आपका खिलखिलाता चेहरा आपके व्यक्तित्व को भी आकर्षक बनाता है।



### लाफ्टर थेरेपी

जब हम हंसते हैं तो हमारी बॉडी रिलैक्स हो जाती है। ठहाके लगाना ही जरूरी नहीं है, मुस्कुराहट भी काम कर जाती है। प्रसिद्ध अमेरिकन साइकिएट्रिस्ट, डॉ. विलियम फ्राय पिछले चार वर्षों से अपने मरीजों के उपचार के लिए हंसी को एक थेरेपी के रूप में इस्तेमाल कर रहे हैं। वह कहते हैं कि हंसी शारीरिक बीमारियों और मानसिक तनावों से लड़ने का एक अचूक नुस्खा है। वह अपने सभी मरीजों को दिन में दो बार करीब बीस मिनट तक हंसने की सलाह देते हैं।



### हास्य योग

हास्य योग की शुरुआत मुंबई के एक प्रसिद्ध फिजिशियन डॉ. मदन कटारिया ने 13 मार्च 1995 को मुट्ठीभर लोगों के साथ की थी। आज यह पूरे विश्व में फैल गया है। वर्तमान में 60 देशों में 6000 से ज्यादा लाफ्टर क्लब हैं। हास्य योग में बिना किसी शर्त के प्राणायाम (यौगिक ब्रीदिंग) के साथ खुल कर हंसा जाता है। कोई भी बिना किसी कारण, बिना किसी मजेदार बात, कॉमेडी या चुटकुले के हंस सकता है। लाफ्टर योगा की अवधारणा इस वैज्ञानिक तथ्य पर आधारित है कि शरीर कृत्रिम और वास्तविक हंसी में फर्क नहीं कर सकता। दोनों ही तरीकों से हंसने में शारीरिक और मनोवैज्ञानिक लाभ होते हैं। लाफ्टर योगा की तकनीक पर ऑस्ट्रिया, भारत और अमेरिका में कई शोध हुए और यह बात उभर कर सामने आई कि इससे तनाव बढने वाले हार्मोन्स (एपिनेफ्रिन और कर्टिसोल आदि) का रक्त में स्तर घटता है। इससे मानसिक रूप से सकारात्मक बदलाव आते हैं। शरीर में इन हार्मोनों का स्तर बढम्ने से अवसाद की चपेट में आने की आशंका बढ़ जाती है। लाफ्टर योगा वजन कम करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। 20 मिनट तक इसका अभ्यास करने से करीब 215 कैलोरी बर्न होती है।

### तथ्य और आंकड़े

- एक बच्चा दिन में 400 बार मुस्कुराता है, युवा 17 बार और वयस्क 1-2 बार।
- ब्रिटेन की वारविक यूनिवर्सिटी में हुए शोध के अनुसार अगर गर्भावस्था के दौरान मां कई बार मानसिक तनाव झेलती है तो जन्म लेने वाला बच्चा झगड़ालू होता है।
- विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक दुनिया के ज्यादातर बड़े शहरों में अवसाद की समस्या तेजी से फैल रही है।
- भारत जैसे विकासशील देश में 10 पुरुषों में से एक व 5 महिलाओं में से एक अपनी जिंदगी के किसी न किसी पड़ाव पर अवसाद का शिकार बनते हैं।
- अकेले होने की बजाए किसी के साथ होने पर हंसने की संभावना 30 प्रतिशत तक बढ़ जाती है।
- बचपन में अवसाद की समस्या लड़कियों और लड़कों में समान अनुपात में होती है, लेकिन किशोरावस्था में यह अनुपात 2:1 हो जाता है।
- दिल से हंसी गई हंसी तनाव को कम करती है और आपके शरीर को अगले 45 मिनट तक रिलैक्स रखती है।

### चमत्कार कर सकती है हंसी

- हंसी डायफ्राम, पेट, श्वसनतंत्र, चेहरे, पैर और कमर की मांसपेशियों के लिए अच्छा वर्कआउट है।
- हंसना रक्तदाब को कम करता है।
- हंसी रक्तसंचरण को सुधारती है।
- हंसने से स्ट्रेस हार्मोन्स जैसे कार्टिसोल और एड्रीनलीन का स्तर कम होता है।
- हंसी ट्यूमर और अन्य बीमारियों से लड़ने वाली कोशिकाओं जैसे गामा इंटरफेरन और टी-सेल की क्षमता बढ़ाती है।
- श्वसन मार्ग के संक्रमण से बचाती है।
- याददाश्त दुरुस्त रखती है और सीखने की क्षमता बढ़ाती है।
- शरीर की इम्यूनिटी बढ़ाती है।
- हंसने से दर्द कम होता है।
- हंसी मांसपेशियों को आराम पहुंचाती है।
- दिल की बीमारियों से बचाती है।
- उत्तेजना और भय से बचाती है।
- मूड दुरुस्त रखती है।
- रोगों से लड़ने का सामर्थ्य बढ़ाती है।

#### सामाजिक लाभ

- रिश्तों को मजबूत बनाती है।
- दूसरों को आपकी ओर आकर्षित करती है।
- व्यक्तित्व को आकर्षक बनाती है।
- लड़ाई-झगड़े से बचाती है।
- समूह में काम करने को आसान बनाती है।
- चौकन्नापन और सृजनात्मकता बढ़ाती है।
- जिंदगी में आनंद और उत्साह का संचार होता है।

#### हंसने के अवसर ढूंढ़िए

- कोई मजेदार फिल्म या टीवी शो देखिए।
- लाफ्टर क्लब की सदस्यता ले लीजिए।
- हंसमुख लोगों से मिलिए।
- पालतू जानवरों के साथ खेलिए।
- बच्चों के साथ समय बिताइए।
- चुटकुले पढ़िए, सुनिए और सुनाइए।- अच्छा खाइए और सदा मुस्कुराते रहिए।



## ऐसे छुड़ाएं बच्चों की ज्यादा
# टीवी देखने की आदत

**बच्चों** की सही आदतें सिखाना आजकल के वक्त में सबसे बड़ी चुनौती हैं। आजकल अक्सर घरों में माता-पिता दोनों ही काम करते हैं, ऐसे में बच्चों के साथ गुजराने के लिए थोड़ा ही वक्त मिलता हैं। ऐसे हालात में बच्चों का सहारा बनता है टीवी, लेकिन ज्यादा टीवी देखना बच्चों के लिए खतरनाक हो सकता है।

- ज्यादातर घरों में बच्चे टीवी देखते समय ही खाना खाते हैं। ये आदत आगे चलकर आपके बच्चों पर बुरा असर डाल सकते हैं। ज्यादा टीवी देखने से बच्चों का शारीरिक विकास और मानसिक विकास दोनों की कम होता है, क्योंकि ऐसे बच्चे सारा दिन टीवी के सामने बैठे रहते हैं, वह न तो खेलने जाते हैं और नहीं पढ़ाई में आगे रहते हैं।
- अक्सर ये भी देखा जाता है कि जब बच्चे खाना नहीं खाते हैं, तो उनकी टीवी ऑन कर देती हैं, पर ऐसा नहीं करना चाहिए। ऐसा करके मां ही अपने बच्चे की आदत को खराब करती है।
- रात को खाना खाते समय बच्चों को टीवी देखने से रोकें क्योंकि यह ऐसा समय होता हैं जब सारा परिवार एक साथ बैठ कर खाना खाता है, दिन भर की बातें एक-दूसरे का साथ शेयर करते हैं। अगर आपके घर में टीवी ड्राइंग रूम में लगा है, तो इसे अपने कमरे में शिफ्ट कर लें। इससे बच्चा ज्यादा समय तक टीवी नहीं देख सकेगा। क्राइम पर आधारित प्रोग्राम बच्चे के सामने ना देखें, इससे बच्चे के अंदर निगेटिविटी आती है। जो बच्चे सारा दिन टीवी देखते है वो आलसी हो जाते है और सारा दिन घर से बाहर खेलने के लिए भी नहीं जाते। ऐसे में बच्चों का टीवी देखने से न तो दिमाग चलता है और न ही वह थकान महसूस करते हैं, जिससे उनका शारीरिक विकास ठीक से नहीं होता। बच्चों को टीवी देखने की आदत को छुड़ाने के लिए उन्हें कोई क्लब या हॉबी क्लास ज्वाइन करवाएं।

## बड़े काम का है कपूर

**बालों** के झड़ने पर कपूर के तेल को नारियल तेल में मिलाकर लगाने से बालों का झड़ना धीरे-धीरे कम हो जाता है। रूसी होने पर भी यह तेल कारगर है। त्वचा संबंधी समस्याओं में कपूर को नारियल तेल में मिलाकर चेहरे पर मसाज करना असरदार है। शरीर के किसी हिस्से में खरोंच, घाव या जलने पर कपूर को पानी में घोलकर प्रभावित स्थान पर लगाएं। यह जलन को कम कर ठंडक पहुंचाता है। पेटदर्द होने पर कपूर, अजवायन और पिपरमेंट को शर्बत में मिलाकर पीने से आराम मिलता है। सर्दी-जुकाम व फेफड़े संबंधी रोगों में कपूर सूंघने से फायदा होता है। फटी एडियों के उपचार के लिए कपूर बेहतरीन दवा है। गुनगुने पानी में कपूर मिलाएं। इस पानी में पैर डालकर 15 से 20 मिनट बैठने से फटी एडियों की समस्या में आराम मिलता है। त्वचा पर लाल चकत्ते से राहत के लिए कपूर को थोड़े से पानी में मिलाकर पेस्ट बनाएं और प्रभावित हिस्से पर लगाएं। बालों के झड़ने पर कपूर के तेल को नारियल तेल में मिलाकर लगाने से बालों का झड़ना धीरे-धीरे कम हो जाता है। रूसी होने पर भी यह तेल कारगर है। जोड़ों में दर्द होने पर कपूर के तेल की मालिश राहत पहुंचाती है। गठिया के रोगियों के लिए भी फायदेमंद है।



## इतना मुश्किल भी नहीं काम के दबाव से खुद को बचाना
# स्ट्रेस मैनेजमेंट से बढ़ाएं कार्यक्षमता

**कभी-कभी हमारे सामने बहुत सारा काम एक साथ आ जाता है, काम का दबाव बढ़ने लगता है और ये दबाव ही मानसिक तनाव पैदा करता है। तनाव में अक्सर गलतियां हो जाती हैं, लेकिन ऐसे समय में कुछ बातों का ध्यान रखा जाए तो ये तनाव भी हमारी योग्यता को बढ़ा सकता है। यदि हम तनाव को एक चुनौती मानकर काम करेंगे तो निश्चित ही इससे हमारी योग्यता व कार्यक्षमता बढ़ेगी व सफलता प्राप्त होगी।**

कोई काम करते हुए दबाव बन जाना स्वाभाविक है, लेकिन तनाव में आ जाना ठीक नहीं। हमें प्रेशर और टेंशन के बीच के फर्क को समझना चाहिए। तनाव को सांसारिक दृष्टिकोण से देखेंगे तो हम पाएंगे कि इसकी वजह से हमारे आसपास नकारात्मक ऊर्जा एकत्रित हो गई है, लेकिन आध्यात्मिक दृष्टि देखेंगे तो तनाव से भी सकारात्मक संकेत प्राप्त होंगे। यही सकारात्मक दृष्टि हमारी कार्य क्षमता और योग्यता को बढ़ा सकती है।

### इस तरह करें दूर

तनाव दूर करने के लिए एक प्रयोग किया जा सकता है। जब तनाव आए तो अपनी इंद्रियों पर लौट जाइए यानी ध्यान (मेडिटेशन) करें। उदाहरण के तौर पर जैसे आंख हमारी एक इंद्रिय है। हम आंखें बंद करें और पूरी तरह से उसी पर एकाग्र हो जाएं। यह एक आध्यात्मिक व्यवस्था है कि सभी इंद्रियां भीतर से अपने परिणामों को लेकर आपस में जुड़ी हुई हैं। हम जिस समय आंख नाम की इंद्रिय पर नियंत्रण करेंगे तो हम पाएंगे कि कान पर भी हमारा नियंत्रण शुरू हो गया। हम आंख से जो भीतर देख रहे होंगे, कान से भी वही सुनने लगेंगे। यह एक नया अनुभव रहेगा। यह आंतिरक अनुभव हमें बाहरी तनाव से मुक्त करेगा।



### दौड़ से न हों बाहर

बाहर का काम तो होना ही है, आप नहीं करेंगे तो कोई दूसरा करेगा, लेकिन तनाव से परेशान होकर काम करेंगे तो आप उस दौड़ से या तो बाहर हो जाएंगे या लड़खड़ाकर गिर जाएंगे। अंतिम सफलता या तो असफलता में बदल जाएगी या अशांति में। अतः तनावमुक्त होने के लिए अपनी इंद्रियों पर लौटने का यह छोटा-सा प्रयोग करते रहें।

# वजन कम करने के लिए इन 4 तरीकों से वॉक कर

**वजन बढ़ने में बिल्कुल समय नहीं लगता, लेकिन उसे घटाने में महीनों लग जाते हैं। एक्सपर्ट्स के मुताबिक वजन घटाने में रनिंग से ज्यादा वॉकिंग असरदार होती है। रोजाना 30 मिनट की वॉक से भी वजन धीरे-धीरे घटाया जा सकता है। जानते हैं ऐसे कुछ तरीके जिनसे आप अपनी रोज की वॉक को असरदार और मजेदार बना सकते हैं।**

### ट्रैक यॉर प्रोग्रेस

एक अच्छा फिटनेस ट्रैकर खरीदें, जिससे आपको समय- समय पर पता चलता रहेगा कि आप क्या सही और क्या गलत कर रहे हैं। इसके अलावा आपको अलर्ट भी मिलते रहेंगे कि हर दिन कितनी वॉक की आपको जरूरत है। इसके अलावा चाहें तो कोई एप भी ट्राई कर सकते हैं।

### म्यूजिक थैरेपी

ये आपकी बोरिंग वॉकिंग को मजेदार बना देगी। इससे वॉक करने का आपको और भी मजा आएगा। वहीं दिन की शुरूआत या पूरे दिन की थकान के बाद हल्की-फुल्की वॉक और म्यूजिक जादू के जैसे काम करेगा। इससे आप बहुत ही अच्छा और लाइट महसूस करेंगे।

### ट्राई समथिंग न्यू

हमेशा कुछ अलग या नया करने की कोशिश करें। जैसे, जब रेग्युलर वॉक के आदी हो जाएं तो उसमें कुछ एक्सरसाइज शामिल करें। इसके अलावा रोज कहीं नई जगह वॉक के लिए जाएं, इससे घूम भी पाएंगे और वॉक भी मजेदार बन जाएगी।

### मेडिटेशन

ऐसा जरूरी नहीं है कि मेडिटेशन बैठकर ही किया जाए। आप वॉक करते हुए भी मेडिटेशन कर सकते हैं। इसके लिए अपनी बॉडी, पैरों और सांसो पर ध्यान देते हुए उन्हें साधने की कोशिश करें। दिमाग शांत करें। इससे वॉक के साथ आप मेंटली रिलैक्स भी होंगे।



## रेसिपी



### मारवाड़ी गट्टे का पुलाव

#### सामग्री

2 कप बेसन, 1/2 छोटा चम्मच अजवाइन, 1/2 छोटा चम्मच लालमिर्च, 1 बड़ा चम्मच प्याज चौकोर कटा, 2 प्याज पिसे, 4-5 कलियां लहसुन पिसी, 1 इंच टुकड़ा अदरक का कसा हुआ, 4-5 बड़ी इलायची, 4-5 छोटी इलायची, 2 छोटे टुकड़े दालचीनी, 4-5 लौंग 5-6 साबुत कालीमिर्च, चुटकीभर हींग, 2 छोटे चम्मच धनिया पाउडर, 1/2 छोटा चम्मच गरममसाला, 1/2 छोटा चम्मच लालमिर्च पाउडर, 1/2 छोटा चम्मच हल्दी पाउडर, 1/2 धनियापत्ती कटी, 1/2 हरीमिर्च कटी हुई, 1/4 कप घी, 1 कप चावल, नमक स्वादानुसार

#### विधि

बेसन को छान कर उस में नमक, लालमिर्च, अजवाइन और इच्छानुसार चौकोर कटी प्याज डाल कर पानी की मदद से बेसन का रोल बना कर भाप में पकाएं। पानी से निकाल कर अलग रखें व ठंडा होने पर गोलगोल कतले काटें। घी गर्म करें व सुनहरा लाल होने तक तल कर अलग रखें। अब फिर से घी गर्म करें व लालमिर्च और साबूत खड़ा गरममसाला डाल कर चटकाएं। दही में सारा पाउडर मसाला व नमक डालें। पिसी प्याज, लहसुन व अदरक डाल कर अच्छी तरह से भूनें। गट्टों वाला उबला पानी लगभग 21/2 प्याले डाल कर उबालें व गट्टे गलाएं। 1 बड़ा चम्मच तेल या घी गरम करें। 2-3 तेजपत्ते डाल कर करारे करें फिर चावल और गट्टे डाल कर ढक कर पुलाव तैयार करें। **गार्निश विधि:** कटी हरी मिर्च व धनिया पत्ती से सजा कर परोसें।



### कच्ची केरी की सब्जी

#### सामग्री

कच्चा आम 1 कप, चॉप किया हुआ गुड़ 1/2 कप, लाल मिर्च 5-6, राई 1/2 चम्मच, कड़ी पत्ती- 8-10, घिसा नारियल 1/2 कप, हरी धनिया 4-5, नमक स्वादअनुसार

#### विधि

कच्ची केरी की सब्जी बनाने के लिए सबसे पहलें एक कटोरे में पानी भर लें। बाद में उसमें कटें हुए कच्चे आम के टुकड़े डाल दें। अब इसे गैस पर तब तक उबालते रहें जब तक आम गल न जाए। इसके बाद एक और कटोरा लेकर उसमें थोड़ा पानी और गुड़ डाल कर अच्छे से मिक्स करके पेस्ट बना लें। पेस्ट बनाने के बाद इस पानी को छान कर अलग रख लें। अब गैस पर रखे आमों को देखें कि वह गल गए हैं। अगर गल गए हैं तो उन्हें पानी में से निकाल कर अलग कर लें और मिक्सी के जार में डाल कर पीस लें। पीसने के बाद मिक्सी में लाल मिर्च और घिसा नारियल भी डाल कर पेस्ट बना लें। अब एक पैन लेकर उसमें थोड़ा सा तेल डाल कर गर्म करें और उसमें राई और कड़ी पत्ती डाल दें। बाद में इसमें गुड़ वाला सारा पानी और आम का पेस्ट डाल कर अच्छे से उबालें। इसके बाद इसमें एक कप पानी और थोड़ा सा नमक डालें। अब आपकी कच्ची केरी की सब्जी बना कर तैयार है। आप इसे सजाने के लिए इस पर कटी हुई हरी धनिया छिड़ लें। इस कच्ची केरी की सब्जी को आप चावलों और रोटी के साथ खा सकते हैं।

मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश शर्मा द्वारा अजय त्यागी के लिए ईको प्रिंटिंग प्रेस, पोस्ट एवं पीएस : गड़चुक, कटाबाड़ी मस्जिद के पास, कामरूप (मेट्रो), गुवाहाटी-35 से मुद्रित एवं **गुड लक पब्लिकेशंस, हाउस नं. 30, डी. नेउग पथ, डोना प्लैनेट के नजदीक, एबीसी, जीएस रोड गुवाहाटी-5 से प्रकाशित।**
**संपादक : राकेश शर्मा,** मोबाइल : 94350-14771, 97070-14771 ● **कार्यकारी संपादक : प्रदीप शील ● सहयोगी संपादक : रवि शंकर चौधरी ● फोन : 0361-2960054 ( संपादकीय )** e-mail : viksitbharatsamacharghy@gmail.com, **( सभी विवाद सिर्फ गुवाहाटी न्याय क्षेत्र के अधीन )**